



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 225 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.6, 2079 रविवार, 30 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## एक नवंबर को होगा गुजरात चुनाव का एलान, दो चरणों में हो सकता है मतदान

अहमदाबाद , 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल चुनाव के बाद जल्द ही गुजरात विधानसभा चुनावों का एलान भी हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग एक नवंबर को गुजरात चुनावों का एलान कर सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह चुनाव दो चरणों में हो सकता है। दिसंबर को पहले सप्ताह में मतदान हो सकता है। अभी तक सामने आई जानकारी के मुताबिक, एक से दो दिसंबर को पहले चरण और चार से पांच दिसंबर को दूसरे चरण के मतदान हो सकते हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश के साथ ही साथ गुजरात चुनाव के नतीजे भी आठ दिसंबर को घोषित किए जा सकते हैं।

### यूएन में भारतीय प्रतिनिधि का बड़ा एलान

# आतंकवाद से लड़ाई के लिए दिल्ली डेक्लेरेशन पर होंगे हस्ताक्षर


रुचिरा कंबोज

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व में आतंकवाद की नई चुनौतियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर विचार-विमर्श के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति (सीटीसी) की दूसरे दिन की विशेष बैठक राजधानी दिल्ली में हुई। इस बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत सरकार की स्थायी प्रतिनिधि और आतंकवाद विरोधी समिति की अध्यक्ष रुचिरा कंबोज ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आतंकवादी समूहों द्वारा नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग पर चर्चा करना था। जिसमें सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के साथ आतंक, और ड्रोन सहित मानव रहित हवाई प्रणाली पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए सदस्य देशों द्वारा भारत की घोषणा को अपनाया जाएगा।

**भारत करेगा बड़ी घोषणा**

संयुक्त राष्ट्र में भारत सरकार की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने आगे कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए भारत एक घोषणा करेगा, जो सदस्य राज्यों को आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने के लिए सहयोगी और सामूहिक रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। भारत की ये घोषणा गैर-बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित होगी। इससे पहले आज, रुचिरा कंबोज ने अपने उद्घाटन भाषण में आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही नई तकनीक के खतरों और खतरे पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा के लिए आतंकवाद सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है।

प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रसार और डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि के साथ, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग को संबोधित करना बढ़ती चिंता का विषय बन गया है।

**हाल के वर्षों में बढ़ गया तकनीक का इस्तेमाल**

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, हाल के वर्षों में आतंकवादी संगठनों ने तकनीक का इस्तेमाल कर अपनी क्षमताओं को बढ़ाया है। आतंकवादी तेजी से इंटरनेट व सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं, जिनके जरिए वे समाज को अस्थिर करने के उद्देश्य से कट्टरता फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, विशेष रूप से एशिया और अफ्रीका में आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस दौरान कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 अमरीकी डालर का योगदान देगा। उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए भारत इस साल संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान देगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की दो दिवसीय आतंकवाद विरोधी बैठक की मेजबानी की। ये बैठक आज समाप्त हो गई। दो दिवसीय सम्मेलन में 28 अक्तूबर को पहले दिन मुंबई में और उसके अगले दिन यानी आज दिल्ली में बैठकें हुईं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति के भारत में होने वाले सम्मेलन में इंटरनेट, नए ऑनलाइन भुगतान तंत्र और मानव रहित हवाई प्रणालियों का उपयोग करने वाले आतंकी समूहों से निपटने के तरीकों पर चर्चा की गई।


हमें आतंकवाद बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद फैलाने और आतंकियों को पनाह देने वाले देशों पर कार्रवाई होनी चाहिए।
**एस जयशंकर, भारतीय विदेश मंत्री**

# विधायक खरीद के तीनों आरोपी हिरासत में

### कानून अपना काम करेगा : केटीआर

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने इस मामले में कहा कि टीआरएस के चार विधायकों को खरीदने के भाजपा के गुप्त अभियान में कानून अपना काम करेगा। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव उचित समय पर इस मुद्दे पर टिप्पणी करेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार राजनीतिक दल हैं। अगर हम इस समय कोई टिप्पणी करते हैं, तो विपक्षी दल हमारी आलोचना करेंगे कि जांच एजेंसियों को प्रभावित किया जा रहा है।'

टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने यादाद्री मंदिर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय द्वारा शपथ लेने की आलोचना करते हुए मंदिर के अधिकारियों से पूरे मंदिर परिसर की सफाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने आकाओं के जूते ढोने वाले बंडी संजय ने गर्भगृह को छुआ, जो एक पाप है। इसलिए मैं मंदिर के अधिकारियों से सफाई करवाने का अनुरोध करता हूं।



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद विधायक खरीद मामले के तीनों आरोपी रामचंद्र भारती, नंदा कुमार और सिंहयाजी स्वामी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। तीनों आरोपियों को शेखपेट से गच्चीबावली स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस की एक टीम उस आवास पर गई जहां तीनो ठहरे हुए थे। उन्हें उच्च न्यायालय के निर्देशों के बारे में बताया गया। तीनों को गच्चीबावली में साइबराबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय ले जाया गया। इसके बाद उन्हें कोर्ट ले जाया गया। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने साइबराबाद पुलिस द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद विधायक खरीद के मामले में तीनों को आगे की जांच के लिए पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। इसके पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने मामले के तीनों आरोपियों के रिमांड अनुरोध को खारिज कर दिया था। तब साइबराबाद पुलिस ने एसीबी अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

शनिवार को तेलंगाना उच्च न्यायालय ने तीन आरोपियों फरीदाबाद के रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, हैदराबाद के नंदकुमार उर्फ नंदू और तिरुपति से सिंह्याजी स्वामी को न्यायिक हिरासत में भेजने की अनुमति दे दी। आरोपियों को न्यायिक हिरासत के लिए फिर से एसीबी अदालत में पेश किया जा सकता है। हालांकि हाई कोर्ट ने तीनों आरोपियों को साइबराबाद पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। शुक्रवार को उच्च न्यायालय को सौंपी गई अपनी रिमांड रिपोर्ट में, पुलिस ने यह साबित करने के लिए कुछ ठोस सबूत पेश किए थे कि कैसे आरोपियों ने चार विधायकों पायलट रोहित रेड्डी, गुववाला बालाराजू, बी हर्षवर्धन रेड्डी और रेगा कांता राव को भाजपा में लाने के लिए लुभाने की कोशिश की थी।

# टीवी के बाद अब सोशल मीडिया पर कब्जे की तैयारी : सिब्बल



नई दि, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने आईटी नियमों में संशोधन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले टीवी नेटवर्क्स पर कब्जा किया, अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कब्जा करने वाले हैं। यह एक प्रकार से देश की मीडिया पर व्यापक कब्जा है। देखा जाए तो हम एक आचार संहिता, एक राजनीतिक दल, एक शासन प्रणाली और किसी के प्रति जवाबदेही न होने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। आईटी नियमों में संशोधन को लेकर उन्होंने कहा, सरकार के लिए सुरक्षित और दूसरों के लिए असुरक्षित, इस सरकार की हमेशा से यही नीति रही है। आम नागरिकों के लिए सोशल मीडिया ही एकमात्र मंच बचा था। अब 'मानहानिकारक' बयान देने पर लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, हमें सोशल मीडिया की ताकत को समझना होगा। किसी भी सरकार के पास इसकी ताकत का अंदाजा नहीं है और न ही वो ये जानती है कि इससे कितना संबंध रखा जाए। हालांकि, सरकार को इसका इस्तेमाल जनता को और ताकत देने में करना चाहिए, न कि कमजोर करने में।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर लगाया 1 लाख का जुर्माना

**एजेंसी ने कैंसर पीड़ित आरोपी की जमानत रद्द करने की मांग की थी**



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर पीड़ित एक आरोपी की जमानत रद्द करने की मांग पर ईडी को फटकार लगाई है। कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों से कहा कि आप लोगों ने स्टेशनरी, लीगल फीस के साथ कोर्ट का समय भी बर्बाद किया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिका दायर करने वाले अधिकारी पर उसके वेतन से 1 लाख रुपए जुर्माना भरने का भी आदेश दिया। दरअसल, कैंसर पीड़ित आरोपी एक प्राइवेट बैंक का कर्मचारी है। उस पर आरोप है कि उसने 24 करोड़ रुपयों की धोखाधड़ी की। इसी मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था। मामला 12 नवंबर 2021 को इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा था, जहां हाईकोर्ट ने कमला नेहरू अस्पताल में आरोपी की बीमारी की रिपोर्ट पर विचार करते हुए जमानत दे दी थी। ईडी ने हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि केस की परिस्थिति के मुताबिक, जब आरोपी को रिहा कर दिया गया है। इस आधार पर कि वह कैंसर से पीड़ित है, तो इसमें सुप्रीम कोर्ट के किसी और हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि विभाग को एक महीने में यह पैसा सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करना होगा। 1 लाख रुपयों में से 50 हजार नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी को दिए जाएंगे। इसके अलावा बची हुई राशि सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति को सौंप दिए जाएंगे।

# आदिवासियों के साथ राहुल गांधी ने किया नृत्य



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना के महबूबनगर जिले में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आदिवासी कलाकारों के एक समूह के साथ हाथ मिलाया। एक सींग वाली आदिवासी टोपी पहने, पार्टी के सांसद आदिवासियों के साथ पारंपरिक नृत्य करने में शामिल हुए, जिससे पार्टी नेताओं और यात्रा में अन्य प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ गया है। ट्विटर पर उन्होंने कहा, हमारे आदिवासी हमारी कालातीत संस्कृतियों और विविधता के भंडार हैं। कोम्मू कोया आदिवासी नर्तकियों के साथ मेल खाते कदमों का आनंद लिया। उनकी कला उनके मूल्यों को व्यक्त करती है, जिनसे हमें सीखना और उन्हें संरक्षित करना चाहिए।

वरिष्ठ नेता ने आदिवासी कलाकारों के साथ अपने नृत्य का एक वीडियो भी पोस्ट किया। तेलंगाना में अपनी यात्रा के चौथे दिन, वॉकथॉन धर्मपुर से शुरू हुआ और महाबुंगारा शहर में प्रवेश किया। आदिवासियों के एक समूह ने पारंपरिक कलाओं के प्रदर्शन के साथ राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक अपने नेता के साथ चल दिए। वह कराटे सीखने वाले छात्रों के एक समूह से मिलने के लिए रास्ते में रुक गए और बच्चों और उनके प्रशिक्षक द्वारा प्रदर्शन भी देखा।

पारंपरिक चरवाहा समुदाय के कुछ सदस्यों ने राहुल गांधी से भी मुलाकात की, जिन्होंने उनकी समस्याओं को जानने के लिए उनसे बातचीत की। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ की तेलंगाना इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस नेता से मुलाकात कर उन्हें राज्य में छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। उस्मानिया यूनिवर्सिटी पीएचडी स्कॉलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भी उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं।

भारत जोड़ो यात्रा 23 अक्टूबर को कर्नाटक से तेलंगाना में दाखिल हुई थी।

### ट्विटर विपक्ष की नहीं दबाएगा आवाज : राहुल गांधी

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा ट्विटर को खरीदने के बाद दुनिया भर के सेलेब्रिटी उन्हें बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क को बधाई दी है।

साथ ही उन्होंने कहा कि माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि ट्विटर अब भारत में सरकार के दवाब में आकर विपक्ष की आवाज को नहीं दबाएगा और अधिक मजबूती से तथ्यों की जांच करेगा। राहुल गांधी ने एलन मास्क को बधाई संदेश के साथ-साथ एक ग्राफ भी शेयर किया। जिसमें कथित ट्विटर फालोअर के डेटा में हेरा-फेरी को दिखाया गया।

# चीनी महिला जासूसों का बड़ा खुलासा

**टारगेट पर थे निर्वासित तिब्बती, 'नए दलाई लामा की नियुक्ति में दखलअंदाजी चाहता है चीन'**



धर्मशाला, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा पहले मंजनू के टीला से पकड़ी गई चीनी जासूस काई रूओ और फिर हिमाचल के चौंतड़ा से गिरफ्तार गुआन रुईली एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों की पूछताछ में कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए हैं। दरअसल, दोनों महिला जासूसों के टारगेट पर भारत में रहने वाले निर्वासित तिब्बती थे। चीन नए दलाई लामा की नियुक्ति में खुद की दखलअंदाजी चाहता है। जासूसों से पूछताछ में चीन का मकसद सामने आया है।

चीन चाहता है कि अगला दलाई लामा या तो चीन का हो या फिर प्रो चाइना हो। इससे साफ संदेश जा रहा है कि दोनों चीनी जासूस बड़े षड्यंत्र के तहत भारत आई थीं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि दिल्ली से गिरफ्तार चीनी मूल की काई रूओ भी हिमाचल के धर्मशाला में लंबे वक्त तक रही थी। हालांकि इस चीनी जासूस ने दावा किया है कि वह बौद्ध धर्म की शिक्षा लेने भारत आई थी। जासूस दिल्ली होते हुए काठमांडू जाने की फिराक में थी, लेकिन दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसे मंजनू के टीला से गिरफ्तार कर मंसूबों पर पानी फेर दिया।

**फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स**

महिला के दोनों मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। चीनी महिला काई रूओ के पासपोर्ट नंबर ई87857750 से इंडिया में ट्रैवल हिस्ट्री चेक कराई गई।

# कस्टडी से भागे आरोपी ने भरा नामांकन

**हरियाणा में थाने से फरार हुआ था, बिहार पुलिस ने पकड़ा था; शराब तस्करी के केस चल रहे**

रेवाड़ी, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पंचायत चुनाव में कई रोचक घटनाक्रम देखने को मिल रहे हैं। रेवाड़ी जिले में फरार शराब तस्कर जिला परिषद मेंबर के चुनाव का नामांकन भर गया। वह रेवाड़ी जिले से 14 दिन पहले कोसली थाना में पुलिस को चकमा देकर कस्टडी से फरार हुआ था।

वह बिहार पुलिस की कस्टडी से भागा था। जिसे बिहार पुलिस 2017 से ढूंढ रही थी। हालांकि उसने नामांकन दाखिल करने के लिए अदालत में याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने 29 अक्टूबर को पुलिस के समक्ष सरेंडर करने की शर्त पर उसे नामांकन दाखिल करने की अनुमति दी थी।

**बिहार पुलिस ने पकड़ा, कोसली थाना से भागा**

मिली जानकारी के अनुसार, रेवाड़ी जिले के कस्बा कोसली का रहने वाले जीवन हितैषी उर्फ लाला पर 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार के जिला गोपालगंज के थाना कुचायकोट में 26 अगस्त 2017 को शराब तस्करी के आरोप में जीवन हितैषी उर्फ लाला पर मामला दर्ज हुआ था। इसी महीने 15 अक्टूबर को बिहार पुलिस उसका गिरफ्तारी वारंट लेकर कोसली पहुंची थी। पुलिस ने लाला को गुडियानी रोड से दबोच लिया था और कोसली थाने में लेकर आई थी।

कोसली थाने से पुलिस को चकमा देकर लाला फरार हो गया था। कोसली थाना पुलिस ने बिहार पुलिस एसआई कृष्ण मुरारी की शिकायत पर अदालत के आदेशों की अवहेलना, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व पुलिस कस्टडी से फरार होने का मामला दर्ज किया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

**विधेयक के प्रारूपों का हो 60 दिन पहले प्रकाशन**

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर होगी सुनवाई

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की संसद व विधानसभाओं में पेश किए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप का 60 दिन पहले सार्वजनिक प्रकाशन किए जाने की मांग उठी है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

इस पर शीर्ष कोर्ट कल सोमवार को सुनवाई करेगी। संसद में कृषि कानूनों के ताबड़तोड़ पारित होने और उसके खिलाफ किसान आंदोलन की पृष्ठभूमि में यह अहम याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने यह याचिका वकील अश्विनी दुबे के माध्यम से दायर की है। प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की पीठ इस पर विचार करेगी। याचिका में मांग की गई है कि संसद व विधानसभाओं में पेश किए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप का कम से कम 60 दिन पहले मुख्य रूप से सरकारी वेबसाइटों पर प्रकाशन किया जाना चाहिए।

# गुजरात में यूसीसी लागू करने के लिए बनेगी कमेटी

**रिटायर्ड जज होंगे अध्यक्ष, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी हो चुकी है घोषणा**



गांधीनगर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में यूनिफॉर्म सिविल कोर्ड (यूसीसी) को लागू करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि सीएम भूपेंद्र पटेल ने आज कैबिनेट की बैठक में यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने ट्वीट में बताया कि कमेटी के अध्यक्ष हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज होंगे और इसमें 3-4 सदस्य होंगे। इससे पहले उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सरकारें भी यूसीसी को लागू करने की घोषणा कर चुकी हैं। गुजरात सरकार ने यह फैसला विधानसभा चुनाव से पहले किया है। इस कारण, इसे ऐतिहासिक माना जा रहा है।

**क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड**

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है- भारत के हर नागरिक के लिए एक समान कानून, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस भी राज्य में यूसीसी लागू होगा- वहां, शादी, तलाक, एडॉप्शन, उत्तराधिकार, जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा।

कई नेताओं ने यूसीसी का समर्थन किया है। उनका कहना है कि इससे देश में समानता आएगी। हालांकि, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसे एक असंवैधानिक और अल्पसंख्यक विरोधी कदम करार दिया है। बोर्ड के सदस्यों का कहना है कि कानून को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार की ओर से महंगाई, अर्थव्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए यूज किया जा रहा है।

### दिवाली के एक दिन पूर्व मंदिर उड़ाना चाहता था आत्मघाती इंजीनियर

**एनआईए का बड़ा खुलासा**

कोयंबटूर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के कोयंबटूर में बीते दिनों हुए एक मंदिर के बाहर हुए कार बम धमाके को लेकर एनआईए ने बड़ा खुलासा किया है। एनआईए के अनुसार धमाके में मृत 29 साल का इंजीनियर एक आत्मघाती हमलावर था।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया कि मृत इंजीनियर मुबीन को बम संभालने का अनुभव नहीं था, इस कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इस धमाके को लेकर एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को बताया था कि दिवाली के एक दिन पूर्व सुबह 4 बजे कोयंबटूर के कोट्टैमेडु में संगमेश्वर मंदिर के सामने कार रुकी।

कार अचानक आग की लपटों में घिर गई थी। इसके बीच से मुबीन जलता हुए उछलकर जमीन पर गिरा। वह बुरी तरह झुलस चुका था। बाद में उसकी मौत हो गई।

# केरल में अफ्रीकी स्वाइन फीवर का कहर

**बीमारी से 19 सूअरों की मौत, 48 को पशुपालन विभाग ने मारा-मांस की बिक्री बंद**

कोट्टायम, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के कोट्टायम जिले के निजी पिग फार्म में अफ्रीकी स्वाइन फीवर के मामले सामने आए हैं। इसके बाद अधिकारियों ने राज्य के कुछ इलाकों में पोर्क बेचने वाली दुकानें बंद करने के निर्देश दिए हैं। स्वस्थ सूअर संक्रमित जगहों पर न पहुंचे, इसके लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

महामारी विज्ञानी राहुल एस ने बताया कि बीमारी का पहला केस 13 अक्टूबर को आया था, जिसके बाद अगले 2-3 दिन में फार्म में 6-7 सूअरों की मृत्यु हो गई। जब मौत की वजह जानने के लिए सैंपल भेजे गए, तब इनमें अफ्रीकी स्वाइन फीवर के वायरस की पुष्टि हुई।

अफ्रीकी स्वाइन फीवर कितना खतरनाक?

यह एक ऐसा संक्रमण है जो पालतू और जंगली सूअरों को प्रभावित करता है। इस बीमारी की मृत्यु दर 100% है यानी इससे संक्रमित होने पर किसी भी सूअर की जान नहीं बच पाती। अफ्रीकी स्वाइन फीवर इंसानों में नहीं फैलता है। यह बुखार एक जानवर से दूसरे जानवर में छूने या बॉडी फ्लुइड के जरिए फैलता है।

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एसोसिएशन के अनुसार, सूअरों को कच्चा खाना खिलाने की वजह से भी वायरस का संक्रमण फैल सकता है। अफ्रीकी स्वाइन फीवर होने पर सूअरों में तेज बुखार, भूख न लगना, कमजोरी, त्वचा में लालिमा, फफोले, दस्त, उल्टी, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं।

**67 सूअरों की जान गई**

जिस फार्म से ये मामले सामने आए हैं, वहां कुल 67 सूअर थे। इनमें से बीमारी की चपेट में आने के कारण 19 सूअरों की मौत हो गई। वहीं, 48 सूअरों को पशुपालन विभाग द्वारा मार दिया गया, ताकि बीमारी आगे न फैले। अब यहां जानवरों के परिवहन और बिक्री, मांस की बिक्री और जानवरों को ले जाने वाले वाहनों पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुछ महीने पहले वायनाड और कन्नूर जिलों के कुछ खेतों से भी इस बीमारी की सूचना मिली थी।

# इसरो ने सबसे भारी रॉकेट इंजन का किया परीक्षण

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बड़ी चुनौती को पार कर लिया। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) के हाई एल्टिट्यूड टेस्ट केंद्र में सीई -20 इंजन का उड़ान संबंधी परीक्षण किया गया। यह इसरो के सबसे सबसे भारी रॉकेट का इंजन है। इसरो की ओर से एलवीएम3-एम3 मिशन के लिए इस इंजन का निर्धारण किया गया है। मिशन के तहत वनवेब इंडिया-1 के 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जाएगा।



## वनवेब के उपग्रह जल्द होंगे लॉन्च

सूत्रों की मानें तो लंदन स्थित उपग्रह संचार कंपनी वनवेब के इन उपग्रहों को अगले साल की शुरुआत में एलवीएम3 पर इसरो के न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) द्वारा लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

**उपग्रहों के पहले सेट के प्रक्षेपण के बाद हुआ परीक्षण**

बता दें, इससे पहले 23 अक्टूबर को इसरो ने श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी- शार) से एनएसआईएल द्वारा 36 वनवेब उपग्रहों के पहले सेट का प्रक्षेपण किया था। एलवीएम3 रॉकेट के जरिये हुआ पहला लॉन्चिंग अभियान था। लंदन स्थित उपग्रह संचार कंपनी नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के मुताबिक, इसरो और एनएसआईएल के साथ उसकी साझेदारी से 2023 तक पूरे भारत में कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। जिसमें लद्दाख से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक पहुंच शामिल है। कंपनी ने कहा कि वनवेब न केवल उद्यमों के लिए बल्कि उद्यमों के साथ-साथ गांवों, नगर पालिकाओं और स्कूलों के साथ-साथ देश के सुदूर क्षेत्रों तक सुरक्षित समाधान मुहैया कराएगा।

**चार लॉन्च के साथ दुनियाभर में सबसे तेज कनेक्टिविटी**

वनवेब के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने कहा इस लॉन्चिंग के साथ ही धरती की निचली कक्षा में 648 उपग्रहों का बेड़ा तैयार करने की कंपनी की योजना का 70 फीसदी यानी 462 उपग्रह का समूह पूरा हो जाएगा। केवल चार और लॉन्च के साथ ही यह बेड़ा दुनियाभर में उच्च गति वाली तेज कनेक्टिविटी प्रदान करने लगेगा। वनवेब को छह लॉन्च की आवश्यकता थी जो यूक्रेन और रूस जंग की स्थिति के कारण विलंबित हो गए।

## बिलकिस बानो के बलात्कारियों और राम रहीम को वापस जेल भेजें

**अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी**



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिलकिस बानो के बलात्कारियों और राम रहीम को वापस जेल भेजने की मांग करते हुए डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी है। शनिवार (29 अक्टूबर) को स्वाति ने लेटर की कॉपी अपने ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इस बारे में जानकारी दी। स्वाति मालीवाल ने ट्वीट किया, "बिल्किस बानो के रेपिस्ट की रिहाई और राम रहीम की पैरोल ने देश की हर निर्भया का हौसला तोड़ा है। मैंने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिख नियमों में बदलाव करने का आग्रह किया है। साथ ही बिल्किस बानो के रेपिस्ट और राम रहीम को वापिस जेल पहुंचाने की मांग की है।"

## सड़क पर मिले दो मासूम पुलिस ने परिजनों को सौंपे

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के सागरपुर इलाके में पुलिसकर्मियों को सड़क पर दो बच्चे भटकते हुए मिल गए। पुलिस ने दोनों बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया है। वहीं बच्चों के साथ एक पुलिसक इंस्पेक्टर का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे बच्चों से प्यार-दुलार के साथ पूछताछ करते हुए नजर आ रहे हैं। 44 सेकंड के वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी बच्चों से कुछ सवाल पूछते हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें एक बच्चा कुछ बोलता है तो जवाब में पुलिस इंस्पेक्टर बोलते हैं 'मम्मी डांटती हैं आपको'?

# एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे पर एक और 'बाउंसर'

## महा विकास आघाड़ी के 25 नेताओं की सुरक्षा हटाई

मुंबई, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुछ दिनों की शांति के बाद महाराष्ट्र में एक बार फिर से सियासी ड्रामा होता दिख रहा है. महाराष्ट्र सरकार ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस के महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के 25 नेताओं के 'वर्गीकृत' सुरक्षा कवर को हटा दिया गया है. महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी दी. सरकार के इस कदम के बाद इन नेताओं को





अपने घरों या एस्कॉर्ट के बाहर स्थायी पुलिस सुरक्षा नहीं मिलेगी. उक्त अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा स्थिति का आंकलन करने के बाद इन 25 नेताओं के वर्गीकृत सुरक्षा कवर को हटा दिया गया है. पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सुरक्षा को बरकरार रखा गया है. उद्धव ठाकरे और उनके परिवार के सदस्यों, एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और उनकी बेटी लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले सहित उनके परिजनों की सुरक्षा बरकरार रखी गई है, वहीं जयंत पाटिल, छगन भुजबल और जेल में बंद अनिल देशमुख जैसे नेताओं की सुरक्षा को वापस ले लिया गया है. अधिकारी ने बताया, एनसीपी विधायक जितेंद्र आव्हाड की सुरक्षा यथावत रखी गई है, जबकि शिवसेना (यूबीटी) के सचिव मिलिंद नार्वेकर (उद्धव ठाकरे के एक विश्वसनीय सहयोगी) को 'वाई-प्लस-सुरक्षा' कवर दिया गया है. विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार और पूर्व गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल (दोनों एनसीपी) को 'वाई-प्लस-एस्कार्ट' दिया गया है. कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण और पृथ्वीराज चव्हाण, दोनों पूर्व मुख्यमंत्री को 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है.अधिकारी की मानें तो जिन नेताओं की सिक्युरिटी हटाई गई है या कम की गई है, उनके नाम हैं- नवाब मलिक, अनिल देशमुख, छगन भुजबल, जयंत पाटिल, संजय राउत, नितिन राउत, विजय वडेट्टीवार, बालासाहेब थोराट, नाना पटोले, भास्कर जाधव, सतेज पाटिल, धनंजय मुंडे, सुनील केदारे, नरहरि जिरवाल, असलम शेख, अनिल परब और वरुण सरदेसाई जैसे नेताओं के वर्गीकृत कवर को हटा दिया गया है.

## बोम्मई की सरकार ने दिवाली पर पत्रकारों को दिए नकद उपहार

# कांग्रेस ने की जांच की मांग

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने उन आरोपों की न्यायिक जांच की मांग की है कि जिनमें कहा गया है कि कर्नाटक में दिवाली पर कुछ पत्रकारों को मिठाई के डिब्बों के साथ नकद उपहार दिये गए। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, "40 प्रतिशत सरकार ने पत्रकारों को एक लाख रुपये नकद देकर उन्हें रिश्वत देने की कोशिश की।" सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से इस बाबत सवाल पूछे। उन्होंने पूछा, "क्या श्रीमान बोम्मई जवाब देंगे- 1. क्या यह मुख्यमंत्री



द्वारा दी गई रिश्वत नहीं है? 2. एक लाख रुपये का स्रोत क्या है? क्या यह सरकारी खजाने का पैसा है या मुख्यमंत्री ने खुद दिया है? 3. क्या ईडी या आयकर विभाग इसका संज्ञान लेगा?" कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति ने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की और इसे मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से पत्रकारों को 'स्वीट बॉक्स ब्राइब' यानी "मिठाई के डिब्बे में रिश्वत करार दिया।" पार्टी ने कहा, "राज्य के लोगों को पता होना चाहिए कि कितना पैसा रिश्वत के तौर पर दिया गया है और कितना पैसा प्राप्त किया गया है और कितना लौटाया गया।"

**खौफनाक! लवर संग शादी रचाने को थी बेताब**

## पत्नी ने पति का प्राइवेट काटा मौत के घाट उतारा

बेंगलुरु, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु में पति-पत्नी और वो का एक खौफनाक मंजर सामने आया है. अपने प्रेमी से शादी रचाने को बेताब एक महिला ने अपने ही पति को मौत के घाट उतार दिया. हैवानियत की हद तो तब पार हो गई, जब उसने अपने पति के प्राइवेट पार्ट को भी काट दिया और इस मौत का इल्जाम उस शख्स पर लगाया, जो कभी उसका पीछा किया करता था. दरअसल, बेंगलुरु के येलहंका इलाके में 21 वर्षीय महिला और उसके प्रेमी को कथित तौर पर पति को नपुंसक बनाने और उसकी हत्या करने और स्टॉकर पर पर दोष मढ़ने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. हिंदुस्तान टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी पत्नी की पहचान श्वेता के रूप में की है और उसके प्रेमी का नाम सुरेश (25 साल) ऊर्फ मूली सूरी है. पुलिस के मुताबिक, 21 अक्टूबर को येलहंका के कोंडप्पा लेआउट में एक इमारत की छत पर पेशे से बुनकर चंद्रशेखर (39) मृत पाया गया था, जिसका प्राइवेट पार्ट कटा हुआ था.

## देवी-देवताओं पर विवादित बयान देने वाले पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। देवी-देवताओं पर विवादित बयान देने वाले दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्रीता राजेंद्र पाल गौतम को जान से मारने की धमकी मिली है. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि, कुछ धर्मगुरु उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. राजेन्द्र पाल गौतम बोले, कुछ यू ट्यूब चैनल पर सरेआम ये धमकी दी जा रही है कि उनका गला काटने वाले को 50 लाख का इनाम दिया जायेगा. राजेंद्र पाल गौतम ने इसको लेकर एक शिकायत पत्र राष्ट्रपति, गृहमंत्री



और दिल्ली पुलिस को दिया है. दरअसल,राजेंद्र पाल गौतम पर हिंदू धर्म के ख़िलाफ़ प्रचार करने का आरोप लगा था जिसके बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफ़ा भी दे दिया था. राजेंद्र केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं. विवादित बयान मामले में दिल्ली पुलिस ने उनसे पूछताछ भी की थी. उन्होंने कहा था कि, 14 अक्टूबर 1956 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने छुआ-छूत के विरोध में बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी और 22 प्रतिज्ञा ली थी. हर साल लोग बौद्ध धर्म की दीक्षा लेते हैं और प्रतिज्ञा दोहराते हैं. वहीं, इस बयान पर भड़के लोगों को जवाब देते उन्होंने कहा कि मैंने किसी की भावनाएं आहत नहीं की और ना ही कानून का उल्लघंन किया है.

## जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर दिल्ली-एनसीआर के लोग



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खराब होता जा रहा है। जहरीली हवा में लोगों को सांस लेने में मुश्किलें आ रही हैं। धुंध की वजह से विजिबिलिटी भी कम हो गई है। शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 309 (बहुत खराब) दर्ज किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में एक्यूआई 355, मथुरा रोड पर 340 जबकि नोएडा में 392 दर्ज किया गया। गुरुवार शाम को जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 354 दर्ज हुआ था तो वहीं शुक्रवार शाम को यह 367 पर पहुंच गया।

**सात इलाकों की हवा हुई जहरीली**

दिल्ली के सात इलाकों में शुक्रवार को हवा गंभीर श्रेणी में रही। उत्तर-पश्चिम की तरफ जल रही पराली से लगातार दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। अगले तीन दिनों तक प्रदूषण खराब श्रेणी में बने रहने की आशंका सफर द्वारा जताई गई है। दिल्ली में शुक्रवार को सुबह के समय वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली का आनंद विहार, वजीरपुर, विवेक विहार, शादीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी और नरेला इलाका शुक्रवार को सबसे ज्यादा प्रदूषित रहा। इन जगहों पर प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। सफर ने राजधानी दिल्ली में अगले तीन दिनों तक हवा बेहद खराब श्रेणी में रहने की संभावना जताई है।



# भाजपा का फोकस आदिवासी वोटरों पर

भोपाल, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक साल का समय बचा है। विधानसभा चुनाव 2018 में आदिवासी वोटरों के बीजेपी को सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद बीजेपी ने पिछले डेढ़ साल में आदिवासियों को साधने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। आदिवासियों के लिए आयोजित प्रदेश के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। प्रदेश सरकार ने कई योजनाओं की घोषणा की। अब प्रदेश की सीमा से लगे बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को फिर आदिवासियों के बड़े सम्मेलन को संबोधित करने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में राजस्थान, गुजरात के अलावा प्रदेश के कई जिलों से आदिवासियों को ले जाने की तैयारी है। मध्य प्रदेश में आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं। वहीं, राजस्थान में 25 और गुजरात में 27 सीटें हैं। तीनों राज्यों में चुनाव हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासियों के लिए कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। मध्य प्रदेश में आदिवासी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 47 है। जबकि 84 सीटों पर आदिवासी वोटर्स का प्रभाव है। प्रदेश में आदिवासियों की आबादी दो करोड़ के करीब है। यहीं वजह है कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दल आदिवासी वोटर्स को साध कर रखना चाहते हैं। 2018 के चुनाव में कांग्रेस को 47 सीटों में से 30 पर जीत मिली थी। जबकि 2013 में 31 सीटें जीतने वाली बीजेपी 16 पर सीमट गई।

**15 नवंबर को बनेगा जनजातीय गौरव दिवस**

प्रदेश में 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश की सभी पंचायत पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में नवनिर्मित कन्या शिक्षा परिसरों का वर्चुअली लोकार्पण होगा। संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम, पेसा एक्ट, मित्र-24×7 कॉल सेंटर और ट्राइबल डिजाइन सेंटर- एनआईडी भोपाल का शुभारंभ होगा। साथ ही जेईई, नीट और क्लेट के विद्यार्थियों का सम्मान होगा।

**झाबुआ में बनेगी रणनीति**

झाबुआ में अनुसूचित जनजाति मोर्चे की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई है। थांदला में कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। बीजेपी आदिवासी वोटरों को साधने पूरा जोर लगा रही है। इस बैठक में आगामी रणनीति और कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जिसके अनुसार ग्राउंडवर्क शुरू किया जाएगा।

## एमपी में चालान वसूलने में जबलपुर नंबर-1:15 दिनों में 13 हजार से वसूली

जबलपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जबलपुर जिला मध्य प्रदेश में सर्वाधिक चालानी कार्रवाई करने वाला पहला जिला बन गया है। जबलपुर जिले में बीते 15 दिन (6 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक) 15 हजार 105 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई है। दूसरे नंबर पर भोपाल और तीसरे नंबर पर ग्वालियर रहा है। भोपाल में 5 हजार 966 और ग्वालियर में 3 हजार 313 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई हुई है। एएसपी प्रदीप शेंडे के मुताबिक 2 पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट नहीं पहनने पर चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जबलपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। स्कूल कॉलेज और सड़कों में लगातार रैली निकालकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के तहत जागरूक भी किया जा रहा है।

## हाथों में सल्फास की गोलियां, चेहरे पर हंसी

**3 लड़कियों का खुदकुशी वाला वीडियो वायरल**

सीहोर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के सीहोर की तीन सहेलियां स्कूल से बंक मारकर इंदौर गईं और वहां तीनों ने जहर खा लिया। तीनों लड़कियां क्लास 12 की स्टूडेंट थीं। जहर खाने के बाद तीनों लड़कियों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो लड़कियों की मौत हो गई। एक की हालत बहुत गंभीर है। तीनों लड़कियों ने खुदकुशी करने से पहले अपना वीडियो बनाया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि तीनों लड़कियां अपने हाथ में सल्फास की दर्जनों गोलियां लिए हुए हैं। साथ ही वो वीडियो में बाय-बाय करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि तीनों लड़कियां सुसाइड से पहले मुस्कुरा रही हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों सहेलियां सीहोर के आष्टा की रहने वाली हैं। तीनों ने इंदौर के रीजनल पार्क में जहर खाया।

## शिमला पहुंचीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी कुल्लू में रोड शो और मंडी में करेंगी जनसभा



शिमला, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार सुबह चंडीगढ़ से सड़क मार्ग होते हुए छराबड़ा स्थित अपने घर पहुंचीं। 31 अक्टूबर को कुल्लू में रोड शो और मंडी में जनसभा के लिए प्रियंका गांधी शिमला से ही जाएंगी। राजधानी शिमला के समीप छराबड़ा में प्रियंका गांधी का घर है। बीते दिनों भी प्रियंका गांधी और कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी यहां पर आई थीं।

**बूथ स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संपर्क साध रही कांग्रेस**

हिमाचल की सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने बूथ स्तर को मजबूत करना शुरू कर दिया है। सभी बूथों तक बड़े नेताओं ने न पहुंचने की स्थिति में पार्टी ने बूथ स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संपर्क साधने का फैसला लिया है। इसी कड़ी में पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने शिमला से जीतेगा बूथ जीतेगा हिमाचल अभियान शुरू किया। पहले दिन जिला मंडी के द्रंग विधानसभा क्षेत्र में 873 बूथ कमेटी सदस्यों से राजीव शुक्ला ने संवाद कर जीत का मंत्र दिया। शुक्ला ने हर बूथ पर पांच महिला और 10 यूथ जोड़ने का संकल्प दिया। शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के इस अभियान का उद्देश्य बूथ के लोगों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संपर्क साधना है। पार्टी इस बार नई टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल बूथ कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए कर रही है। कांग्रेस पार्टी एक डिजिटल एप के माध्यम से सभी मतदाताओं तक पहुंच रही है। बूथ कर्मियों को ब्लूटूथ प्रिंटर भी दिया जा रहा है,

## इंदौर में मानवता शर्मसार

**सब्जी की गाड़ी में बांधकर दो युवकों को घसीटा बेहरमी से की पिटाई**

इंदौर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में दो युवकों की बेहरमी से पिटाई का मामला सामने आया है। दोनों युवकों को सब्जी की गाड़ी में बांधकर घसीटा गया है। यह घटना चोइथराम सब्जी मंडी की बताई जा रही है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि व्यापारी और किसानों ने मोबाइल चोरी के शक में दो युवकों को पकड़ा था, जिसके बाद युवकों को वहां जमा हुई भीड़ ने जमकर पीटा। अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों युवक छोड़ने की मिन्नते करते रहे, लेकिन लोग नहीं माने। पीटने वालों में ज्यादातर मंडी के व्यापारी हैं। मंडी में दोनों युवकों को व्यापारियों ने मोबाइल चुराते रंगे हाथों पकड़ा और खुद ही अमानवीय तरीके से सजा देने लगे।

# सांसद कनिमोझी की तारीफ

## सीएम स्टालिन के स्टैंड का इंतजार है... डीएमके नेता के 'आइटम' पर बोलीं भाजपा नेता खुशबू



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु की भाजपा नेता और अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने शनिवार को डीएमके की लोकसभा सांसद कनिमोझी को साहसी बताया और कहा कि वो उनका अपमान करने वाले पार्टी के नेता सैदाई सादिक के खिलाफ स्टैंड के लिए सीएम स्टालिन के बयान का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि तमिलनाडु के सीएम स्टालिन भी इस मुद्दे पर कुछ कहेंगे। सैदाई के बयान पर खुशबू ने कहा कि वे मुझे शर्मिंदा नहीं कर रहे हैं, वे अपने परिवार की महिलाओं, उनकी मां को शर्मिंदा कर रहे हैं। जब पुरुष महिलाओं को गाली देते हैं, तो यह दिखाता है कि उनकी किस तरह की परवरिश हुई है। डीएमके नेता सैदाई सादिक ने भाजपा नेता खुशबू सुंदर और अन्य भाजपा महिला नेताओं के लिए 'आइटम' शब्द का इस्तेमाल किया था। महिला भाजपा नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ स्टैंड लेने के लिए सुंदर ने डीएमके सांसद कनिमोझी की प्रशंसा की। समाचार एजेंसी एएनआई से उन्होंने कहा, मैं तमिलनाडु के सीएम के बोलने का इंतजार कर रही हूं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई अन्य व्यक्ति अन्य महिलाओं के बारे में इस तरह की टिप्पणी न करे। मैं चाहती हूं कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें।

**क्या कहा था सैदाई ने**

डीएमके नेता सैदाई सादिक ने भाजपा महिला नेताओं खुशबू, गायत्री रघुराम, नमिता और गौतमी को 'आइटम' बताया था और कहा कि भाजपा तमिलनाडु में पैठ बनाने के लिए इन अभिनेत्रियों पर निर्भर है। "सभी चारों नेता आइटम हैं। उधर, खुशबू दावा करती हैं तमिलनाडु में कमल खिलेगा..."

**महिलाओं को शर्मिंदा कर रहे डीएमके नेता**

शनिवार को, खुशबू ने कहा कि वह टिप्पणी करने वाले शख्स द्वारा की गई किसी भी तरह की माफी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। खुशबू ने कहा, वे मुझे शर्मिंदा नहीं कर रहे हैं, वे अपने परिवार की महिलाओं, उनकी मां को शर्मिंदा कर रहे हैं। जब पुरुष महिलाओं को गाली देते हैं, तो यह दिखाता है कि उनकी किस तरह की परवरिश हुई है और वे जिस जहरीले वातावरण में पले-बढ़े हैं। ये पुरुष एक महिला के गर्भ का अपमान करते हैं।

**क्या कहा था कनिमोझी ने**

डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा था, इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, चाहे किसी ने भी किया हो, जिस स्थान या पार्टी का वे पालन करते हैं। मैं इसके लिए खुले तौर पर माफी मांगने में सक्षम हूं क्योंकि मेरे नेता एमके स्टालिन और मेरी पार्टी इसे माफ नहीं करेंगे।

स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद

सुविचार: यदि तुम अपनी आय से कम में निर्वाह कर सकते हो, तो निश्चय जानो कि पारस पत्थर तुम्हारे पास है।



## भारतीय वायु सेना ने निटथॉन के दौरान संगिनियों द्वारा बुनी गई टोपियां वितरित कीं



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अपनी 62वीं वर्षगांठ पर, वायु सेना पत्नी कल्याण संघ (एएफडब्लूडब्लूए) ने बुनी हुी टोपी के सबसे बड़े प्रदर्शन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जब इसने नई दिल्ली में एएफडब्लूडब्लूए द्वारा आयोजित गतिविधि 'निटथॉन' के दौरान 41,541 बुना हुआ ऊनी टोपी प्रदर्शित की। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और स्मृति ईरानी ने भाग लिया। बुनी हुई टोपी/टोपी का सबसे बड़ा प्रदर्शन 15 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली में होने के दौरान वायु सेना पत्नी कल्याण संघ द्वारा प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया था।"

इस अभियान का उद्देश्य सर्दियों में बेघरों और वंचितों के लिए ऊनी टोपी बुनकर उनकी मदद करना है। बीते 29 अक्टूबर बी कोमल, अध्यक्ष एएफडब्लूडब्लूए (स्थानीय), वायु सेना अकादमी, डुंडीगल ने अकादमी के संगिनियों के साथ जरूरतमंदों के बीच इनमें से कुछ कैप वितरित किए। यह अभियान हैदराबाद में तीन स्थानों साईं सेवा संग, मूसापेट, मिशनरीज ऑफ चैरिटी, न्यू भोईगुड़ा और सीग्राम, अन्नाराम में चलाया गया। पूरे भारत में हो रहा वितरण अभियान अपने आप में एक रिकॉर्ड होगा और इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी जाएगी। यह न केवल जरूरतमंदों को कठोर सर्दियों से निपटने में मदद करेगा, बल्कि इस तरह की पहल भाग लेने वाली महिलाओं को भी सशक्त बनाती है और स्थानीय समुदाय की सेवा करने के लिए भारतीय वायु सेना के परिवारों की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## कुनमनेनी ने बंडी पर साधा निशाना

### कहा, बंडी को देश के कानून और लोगों की धार्मिक मान्यताओं के बीच अंतर पता नहीं

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव कुनमनेनी संबाशिव राव ने आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय कुमार पर निशाना साधा और उन्हें चुनौती दी कि वह अपनी ही पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से सनसनीखेज "विधायक के लिए नकद" घोटाले में सर्वोच्च न्यायालय के एक मौजूदा न्यायाधीश से जांच कराने की मांग करें।

यादाद्री मंदिर में बंडी संजय द्वारा ली गई प्रतिज्ञाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी घोटाले के पीछे नहीं है, उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध मंदिर के सामने संजय द्वारा किया गया नाटक एक चोर द्वारा पुलिस को दोष देने के अलावा कुछ नहीं है। यह स्पष्ट करते हुए कि देश में कई विपक्षी दल के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए भाजपा जिम्मेदार है, उन्होंने बंदी संजय से पूछा कि क्या वह अपनी राष्ट्रीय पार्टी के नेताओं को भी इसी तरह का संकल्प लेने के लिए कहेंगे?

उसने सोचा कि क्या चोरों और अपराधियों की मन्नतें उन्हें उनके पापों से मुक्त कर देंगी? यह स्पष्ट करते हुए कि धर्म लोगों का व्यक्तिगत मुद्दा है, उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए लोगों को भड़काने और सांप्रदायिक राजनीति में शामिल होने की आदत बन गई है।

उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न अपराधों के दोषियों को दंड देने की न्यायिक व्यवस्था है। उन्होंने मजाक उड़ाया कि बंडी संजय को देश के कानून और लोगों की धार्मिक मान्यताओं के बीच अंतर नहीं पता है।

## दलितों के विरोधी हैं सीएम केसीआर : बंडी संजय



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज आरोप लगाया कि सीएम केसीआर राज्य के दलितों के देशद्रोही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम केसीआर राज्य में टैंकबेड पर बीआर अंबेडकर का अपमान कर रहे हैं और कहा कि केसीआर यह दावा करते हुए देश के संविधान को फिर से लिख रहे हैं कि सीएम बार-बार दलित शब्द का उच्चारण करना पसंद नहीं करते हैं।

मनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के दलितों की एक आत्मीय सभा को संबोधित करते हुए, संजय ने आरोप लगाया कि सीएम केसीआर राज्य के दलित अधिकारियों को उनके साथ काम करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं और कहा कि लोग दलित अधिकारियों से अवगत हैं। उन्होंने दावा किया कि समाज के विभिन्न वर्गों की गंभीर आलोचना के बाद हाल ही में मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में एक दलित अधिकारी को नियुक्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम केंद्र सरकार द्वारा एससी और एसटी के विकास के लिए जारी किए गए फंड को डायवर्ट कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कई एससी और एसटी छात्र पैसे की कमी के कारण दसवीं और इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद अपनी शिक्षा रोक रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने कहा कि पीएम ने देश के एससी और एसटी के लिए 59,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक योग्यता छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया है। यह कहते हुए कि योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार को अपने हिस्से के लिए 40 प्रतिशत योगदान करने की आवश्यकता है, उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम केंद्र सरकार से अपनी 60 प्रतिशत हिस्सेदारी सीधे राज्य सरकार को क्रेडिट करने की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम द्वारा नियमों में संशोधन के बाद भी सीएम 20 प्रतिशत की मैचिंग ग्रांट जारी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने मोदी को देश के दलितों का सच्चा दोस्त बताया। उन्होंने दावा किया कि मोदी अंबेडकर को एक देवता के रूप में मानेंगे और कहा कि पीएम ने एक बार दावा किया था कि वह अंबेडकर के आशीर्वाद के कारण ही पीएम बने हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले आठ साल में देश के दलितों के 3 करोड़ बैंक खाते खोले और उनके खातों में पैसे डाले। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी हर साल 500 दलितों को उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में भेज रहे हैं और कहा कि केंद्र सरकार ने देश के सभी बैंकों के लिए विदेशी शिक्षा योजना के तहत एक दलित को साल में कम से कम एक ऋण देना अनिवार्य कर दिया है।

## वाहन चोरों का चार सदस्यीय गिरोह गिरफ्तार



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा की मलकाजगिरी पुलिस ने शनिवार को वाहन चोरों के एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी के 21 ऑटो-रिक्शा बरामद किए है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान कर्नाटक के मगनुरी श्रीनिवास (32), मुनव्वर बेग (25), अनवर बेग (20) और जावेद (32) के रूप में हुई है। डीसीपी (मलकजगिरी), रक्षिता मूर्ति ने कहा कि श्रीनिवास नियमित रूप से हैदराबाद आता है। इस दौरान अलग-अलग जगहों पर रखे ऑटो-रिक्शा की पहचान करने के बाद उन्हें चुरा लेते थे। बाद में उन्होंने वाहनों को कर्नाटक में स्थानांतरित कर दिया। वहां मुनव्वर, अनवर और जावेद को बेच दिया। खरीदने वाले चेसिस नंबर और पंजीकरण संख्या के साथ छेड़छाड़ करके इसे बेच देते थे या इसे किराए पर दे देते थे। आरोपियों ने अपराध मलकाजगिरी, नेरेडमेट, चंदनगर, मियापुर और आरसीपुरम में किए गए थे। डीसीपी ने कहा कि गिरोह से जुड़े कुछ और लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## माधापुर जोन पुलिस ने हैदराबाद में 10 हजार साइकिल रैली आयोजित की



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस स्मरणोत्सव सप्ताह के हिस्से के रूप में, माधापुर जोन पुलिस ने शनिवार को यहां साइबराबाद सेफ्टी काउंसिल और हैदराबाद साइकिलिस्ट ग्रुप के लिए सुरक्षा सोसायटी के सहयोग से 10 के साइकिल रैली का आयोजन किया।

रैली को डीसीपी (माधापुर) के शिल्पावल्ली ने झंडी दिखाकर रवाना किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अलावा लगभग 100 साइकिल उत्साही लोगों ने रैली में भाग लिया। डीसीपी भी प्रतिभागियों में शामिल हुए और साइबराबाद पुलिस आयुक्त के कार्यालय से हैदराबाद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार तक शुरू हुई 10 किमी की सवारी पूरी की और शुरुआती बिंदु पर लौट आए।

## बंजारा हिल्स की पैरामाउंट कॉलोनी पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स पुलिस ने शहर में रहने वाले कई विदेशियों के परमिट की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से रहने और नशीले पदार्थों के सेवन और कब्जे जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने और चोरी के संबंध में सूचना मिलने पर पैरामाउंट कॉलोनी क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। आज सुबह 6 बजे से 9.30 बजे तक पुलिस अधिकारियों जोएल डेविस, उपपुलिस आयुक्त, पश्चिम क्षेत्र, चक्रवर्ती, डीसीपी, एच-न्यू, हैदराबाद, इकबाल सिद्दीकी, अतिरिक्त. डीसीपी, वेस्ट जोन, एम. सुदर्शन, एसीपी बंजारा हिल्स, आर.जी. शिवामारुति एसीपी आसिफ नगर, पी.वी. गणेश, एसीपी पंजागुट्टा की देखरेख में 400 पुलिस अधिकारियों के तलाशी अभियान चलाया। पुलिस को 41 अवैध वीजा और पासपोर्ट धारक मिले और उनसे पूछताछ की जा रही है। नशीले पदार्थों से संबंधित लेन-देन करने वाले पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने 29 वाहन भी जब्त किए जिनके पास वैध दस्तावेज या नंबर नहीं हैं। उन्होंने एक एयर राइफल और हुक्का से संबंधित कुछ सामग्री भी जब्त की है।

## सामाजिक सेवा में गुजराती सोशियल वेलफेयर सोसायटी हमेशा आगे : जिग्नेश दोशी

### दि गुजराती सोशियल वेलफेयर सोसाईटी का नया कार्यालय उद्घाटित




हैदराबाद, 29 अक्तूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दि गुजराती सोशियल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता जिग्नेश दोशी ने कहा कि गुजराती सोशियल वेलफेयर सोसायटी ने नगरद्वय में एक नया इतिहास रचा है। सोसायटी के सदस्यों के सहयाग से सोसायटी दिन-प्रतिदिन विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हमेशा सोसायटी के सभी सदस्यों का ध्यान रखा है। इसी के तहत हर वर्ष कई नये-नये कार्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। कभी सोसायटी के वयोवृद्ध सदस्यों के लिए कभी तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जाता है, तो कभी सभी सदस्यों के मनोरंजन के लिए कई कार्यक्रम। यह उद्गार श्री दोशी ने दि गुजराती सोशियल वेलफेयर सोसायटी के नया कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये।

उन्होंने बताया कि बीएपीएस, रसूलपूरा, सिकंदराबाद के प्रमुख श्री आत्मचिंतनदास स्वामीजी का आशीर्वाद हमेशा सोसायटी को मिला है। इस सोसाईटी का कार्यालय जो, दूसरी मंजिल, एसवीएम पैलेस के ऊपर, ईएनटी अस्पताल के समीप, बैंक स्ट्रीट, कोठी हैदराबाद पर स्थित है। उन्होंने बताया कि नये कार्यालय के उद्घाटन के शुभावसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उपरोक्त नये कार्यालय के उद्घाटन पर भाग्यलक्ष्मी माता मंदिर सदस्य श्रीमती शशिकला, सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप जाडेजा, सामाजिक कार्यकर्ता व गोभक्त चिकोटी प्रवीण, पार्षद लाल सिंह, पार्षद राकेश जायसवाल, लाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद राठी, रमेश बंग, सामाजिक कार्यकर्तालड्डू यादव शामिल रहे। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्री गुजराती समाज, हैदराबाद के जिन सभी स्वजातीय बंधु एवं इष्टमित्रों ने भाग लिया। कार्यकारी मंडल के शांतिलाल पटेल, शैलेश पटेल, हेतल समानी, राजेश रामाणी, योगेश तुरखिया, अरविंद पटेल, पंकज के. सुखिया, मुकेश पटेल, शांति व्यास, अल्पा वोरा, आरती पुरोहित शामिल रहीं। इंटरियर डिजाइनर इशा का सुंदर साजसज्जा के लिए विशेष सम्मान किया गया।

**PROCLAMATION**

**IN THE COURT OF CIVIL JUDGE SR. DIVISION BILOLI TQ.BILOLI DIST. NANDED (M.S.)**

**Civil M.A.No. 69/2021**

Petitioner: Maruti S/o. Sidhram Lohar Panchal, Age: 46 Yrs, Occ: Agri & Black Smith, R/o. Arli, Tq. Biloli, Dist. Nanded.

-Versus-

Respondent: 01. Laxmi Bai W/o. Ashok Panchal And Others 03

Claim: Petition for condonation delay for 1 year 4 months 19 days for filing restoration petition.

To,
Respondent No. 04
Gangasagar Vishwanath Panchal, Age: 48 yrs, Occu: Housewife, R/o. Boregame, Mandal-Ranjjal, Tq. Bodhan Dist. Nizamabad.

Whereas, Maruti S/o. Sidhram Lohar Panchal, Age: 46 Yrs, Occu: Agri & Black Smith, R/o. Arli, Tq. Biloli, Dist. Nanded, has instituted a petition for condonation delay for 1 year 4 months 19 days for filing restoration petition against you before this court.'

The notices of petition have been sent to you through Court on many times, but you have not received the same. Hence, you are hereby informed, through this paper proclamation to appear in this court in person or by a pleader on or before one month after publication of this proclamation.

Take notice that, in default of your appearance on the day before mentioned, the petition will be heard and determined in your absence according to law.

Given under my hand and the seal of this court 19/10/2022.

The next date of this case is kept on 24/11/2022.

- BY ORDER -
Asstt. Supdt.,
Civil Court, Sr. Divn., Biloli.

## डीजीपी ने आसिफाबाद जिला पुलिस के प्रदर्शन की सराहना की

आसिफाबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को राज्य के डीजीपी महेंद्र रेड्डी द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में आसिफाबाद जिले के जिला एसपी के सुरेश कुमार आईपीएस ने भाग लिया।डीजीपी ने मुख्य रूप से पुलिस अधिकारियों से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में पूछा। डीजीपी ने कहा कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि जनता को सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने ने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं के मामले में विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी हर समय जनता के लिए उपलब्ध रहें, थाने में आने वाले हर शिकायतकर्ता के साथ सम्मान से पेश आएं और समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि मामलों में गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि आसिफाबाद जिले में सीसी कैमरे लगाने से राज्य के सभी जिलों की तुलना में उनके प्रबंधन और प्रदर्शन में अधिक सुधार होगा।

साइबर अपराधों पर लोगों के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और साइबर अपराधी वर्तमान में अपराध कैसे कर रहे हैं, यह बताकर लोगों को सचेत करने की सलाह दी जाती है।

## दमरे ने कामारेड्डी-मनोहराबाद स्टेशनों के बीच 67 किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मिशन विद्युतीकरण की दिशा में एक बड़ा जोर देते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे युद्ध स्तर पर अपने नेटवर्क में अपनी रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण कर रहा है। इसके हिस्से के रूप में, मौजूदा ब्रॉड गेज नेटवर्क पर शेष गैर-विद्युतीकृत रेलवे लाइनों को जल्द से जल्द विद्युतीकृत करने के लिए नियोजित तरीके से लिया जा रहा है। इसे आगे बढ़ाते हुए मनोहराबाद-कामारेड्डी के बीच 67 किलोमीटर के खंड का विद्युतीकरण किया गया है। यह देश के उत्तरी भागों को जोड़ने वाले तेलंगाना क्षेत्र के महत्वपूर्ण वर्गों में से एक है। कामारेड्डी-मनोहराबाद खंड का विद्युतीकरण मनमाड-मुदखेड़-धोने विद्युतीकरण परियोजना के हिस्से के रूप में किया गया है। यह परियोजना वर्ष 2015-16 में 865 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 783 किलोमीटर की दूरी के लिए स्वीकृत की गई थी। मनोहराबाद-महबूबनगर के बीच के खंड को इस परियोजना से बाहर रखा गया है, क्योंकि इसे पहले से ही अलग परियोजना के तहत स्वीकृत किया गया था और इसे पूरा कर लिया गया है। तेलंगाना में परियोजना की लंबाई धर्माबाद-कुर्नूल सिटी (मनोहराबाद-महबूबनगर को छोड़कर) के बीच लगभग 310 किलोमीटर है। इससे पहले, 26 किलोमीटर की दूरी के लिए निजामाबाद-जनकम्पेट-बोधन के बीच खंड का विद्युतीकरण मार्च 2022 में पूरा किया गया था। अब, मनोहराबाद-कामारेड्डी के बीच 67 किलोमीटर का खंड पूरा हो गया है और परियोजना के शेष खंडों में काम तेजी से प्रगति पर है। रेल लाइनों का विद्युतीकरण कर्षण शक्ति के परिवर्तन से बचकर ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही प्रदान करने में मदद करता है। यह कोचिंग और मालगाड़ियों दोनों के रास्ते में रुकने को भी कम करता है जिससे ट्रेनों की औसत गति में सुधार होता है।



**अग्रसेन कोऑपरेटिव बैंक के दीपावली मिलन समारोह में भाग लेते हुए बैंक के चेयरमैन प्रमोद केडिया, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सी.ए. नवीन कुमार, निदेशक ओमप्रकाश अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विजयकुमार पित्ती, अंजु केडिया, अपूर्वा अग्रवाल, पंकज अग्रवाल व अन्य।**

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Maddeneni Arunakumari, R/o. F.No.307, Sri Sai Kalakutires, Saraswathi Nagar, L.B.Nagar, HYD Changed My Name As "Veerepalli Aruna" W/o. Veerepalli Brahmaiah Chowdary.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवाहन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।






# मोकामा के महाभारत में सूरजभान फेल होंगे या पास

पटना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के मोकामा विधानसभा उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होने जा रही है। इस हॉट सीट पर सभी की निगाहें हैं। एक ओर जहां अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी (राजद) मैदान में हैं तो वहीं दूसरी ओर बीजेपी उम्मीदवार सोनम देवी हैं, जिनके पति नलिनी रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह खुद भी बाहुबली हैं।

सबसे दिलचस्प बात यह है कि ललन सिंह के साथ चुनावी मैदान में कदम से कदम मिलाने के लिए पूर्व सांसद और बाहुबली नेता सूरजभान सिंह भी उतर चुके हैं। सूरजभान की पत्नी और पूर्व सांसद वीणा देवी खुद को मोकामा की बहू बताकर मतदाताओं से सोनम देवी के लिए वोट मांगा। अब यह तो 6 नवंबर को ही पता चलेगा कि इस सीट का किंग कौन होगा।

अनंत सिंह का अभेद्य किला माने जाने वाले मोकामा में साल 2015, 2010 और 2005 में अनंत सिंह को ललन सिंह ने कड़ी टक्कर दी थी। साल 2010 और 2005 में ललन सिंह रामविलास पासवान की पार्टी एलजेपी से चुनावी मैदान में उतरे थे। लोजपा से अलग हुए गुट के खेवनहार और पशुपतिनाथ पारस गुट के नेता सूरजभान सिंह के बेहद करीबी ललन सिंह बताए जाते हैं। राजनीति में आने के बाद सूरजभान सिंह ने ललन सिंह को दो बार लोजपा से टिकट दिलवाया था।

**मोकामा, गोपालगंज में आरजेडी का चुनाव प्रचार नहीं करेंगे नीतीश, ऐन वक्त पर क्यों पलटे?**

मोकामा की गलियों बचपन गुज़ारने वाले सूरजभान सिंह के पिता एक दुकान पर नौकरी करते थे। व्यापारी सरदार गुलजीत सिंह की दुकान पर काम कर उसके पिता परिवार की ज़िम्मेदारियों को पूरा करते थे। इसके बाद सूरजभान सिंह के बड़े भाई को सीआरपीएफ में नौकरी मिली तो परिवार की स्थिति पहले से बेहतर हुई। बड़े बेटे को सीआरपीएफ में नौकरी मिलने के बाद सूरजभान सिंह के पिता ने छोटे बेटे को भी फौज में भेजने का सपना संजोया लेकिन ख्वाब अधूरे रह गए।

90 का दशक आते ही सूरजभान सिंह के अपराध का ग्राफ तेज़ी से बढ़ने लगा। बताया जाता है कि कांग्रेस के विधायक और मंत्री रह चुके श्याम सुंदर सिंह धीरज और दिलीप सिंह (अनंत सिंह के बड़े भाई) की वजह से सूरजभान सिंह जुर्म की दुनिया के बेताज बादशाह बने। बाहुबली दिलीप सिंह कभी श्याम सुंदर सिंह धीरज के लिए बूथ लूटने का काम करते थे। एक वक्त ऐसा आया जब बाहुबली दिलीप सिंह ने श्यम सुंदर सिंह धीरज के खिलाफ ही सियासी चाल चल दी। इतना ही नहीं चुनावी रण में श्याम सुंदर धीरज को हराकर लालू प्रसाद यादव की सरकार में मंत्री भी बने। ग़ौरतलब है कि श्याम सुदर धीरज ने ही दिलीप सिंह को पाला-पोसा था और दिलीप ने ही श्याम सुंदर को चुनावी मात दी। इससे श्याम सुंदर सिंह धीरज पूरी तरह बौखला गए। फिर उनकी नज़र दिलीप गैंग के सूरजभान सिंह पर पड़ी, जिसे जुर्म की दुनिया पर राज करने का भूत सवार था। दिलीप सिंह के मंत्री बन जाने के बाद वह सियासत में व्यस्त हुए इधर सूरजभान सिंह का सूरज उदय हुआ। वर्ष 2000 का विधानसभा चुनाव खांटी बाहुबली बनाम बाहुबली हुआ। तब जनता दल से दिलीप सिंह और बतौर निर्दलीय सुरजभान सिंह ने अपना-अपना दावा ठोक डाला। आंकड़ों का सहारा लें तो



> ललन सिंह के साथ चुनावी मैदान में पूर्व सांसद और बाहुबली नेता सूरजभान सिंह भी उतर चुके हैं। सूरजभान की पत्नी और पूर्व सांसद वीणा देवी खुद को मोकामा की बहू बताकर मतदाताओं से सोनम देवी के लिए वोट मांगा।

ये चुनाव इस क्षेत्र के लिए रिकॉर्ड साबित हुआ। ये चुनाव कई कारणों से महत्वपूर्ण हो गया। एक तो दिलीप सिंह 70 हजार मतों से चुनाव हार गए। दूसरा ये कि इस बार इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदान हुआ।

बता दें कि बलिया के सांसद रहे सूरजभान सिंह एक हत्या के मामले में दोषी पाए गए तो इन्हें अयोग्य घोषित किया गया। उन्होंने अपनी पत्नी वीणा देवी को राजनीति के मैदान में उतारा। 2014 लोकसभा चुनाव में लोजपा के टिकट से लड़कर मुंगेर की सांसद निर्वाचित हुईं। सुरज भान के भाई चंदन सिंह नवादा से सांसद बने।

वहीं मोकामा के छोटे सरकार यानि अनंत सिंह को नीतीश कुमार ने साल 2005 में मोकामा विधानसभा से जदयू से टिकट देकर मैदान में उतार दिया। इसे लेकर मीडिया में काफी बातें भी उछलीं कि नीतीश कुमार, जिन्होंने अपराधीकरण को खत्म करने की कसम खाई थी। वे ऐसे शख्स को टिकट दे रहे हैं, जिसके खिलाफ संगीन मामले दर्ज थे, लेकिन बावजूद इसके अनंत सिंह मोकामा विधानसभा सीट से जीतने में कामयाब रहे।

लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के कारण अनंत सिंह नीतीश कुमार के लिए चिंता के सबब बने रहे। यही वजह थी कि लालू यादव के दोबारा करीब जाने के बाद 2015 में अनंत सिंह ने जदयू से इस्तीफा दे दिया। उस वक्त अनंत सिंह जेल में बंद थे। जेल से ही उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 18000 वोट से जीते भी। 2020 के चुनाव में वे राजद की टिकट पर चुनाव लड़े और जीतकर विधायक बन गए। 2020 का विधानसभा चुनाव अनंत सिंह जीत तो गए। पर एके 47 और हैंड ग्रेनेड रखने के जुर्म में उन्हें 10 वर्ष की सजा सुना दी गई। इसे उनकी विधायक रद्द हो गई, जिसके बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है।

## मामा-भांजे में महाभारत
### तेजस्वी ने साधु यादव पर लगाया गंदा आरोप

गोपालगंज, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के 2 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की सरगर्मी चरम पर है। मोकामा की सीट अनंत सिंह की वजह से चर्चा में है तो गोपालगंज सीट पर मामा भांजे की टकराहट ने चुनाव को रोचक बना दिया है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपने मामा साधु यादव और मामी इंदिरा यादव पर बहुत गंदा आरोप लगाया है।

गोपालगंज में मुख्य लड़ाई बीजेपी और महागठबंधन के बीच है। लेकिन, लालू यादव के साले और राबड़ी देवी के भाई साधु यादव की मौजूदगी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इस बीच, साधु यादव के भांजे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के एक बयान से गोपालगंज का चुनावी माहौल और गर्म हो गया है ।

शुक्रवार को तेजस्वी यादव गोपालगंज में चुनाव प्रचार करने गए थे । मंच से भाषण में तेजस्वी यादव ने अपने मामा और मामी पर बहुत गंभीर आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। इसलिए कुछ कुछ लोग भाजपा की बी-टीम के रूप में मैदान में हैं।

## सास और पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाया
### सास की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

सहारनपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सहारनपुर में जनकपुरी कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा धाम कॉलोनी में ससुराल में रह रहे युवक ने पत्नी को साथ में ना भेजने पर अपनी सास और पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। सास की मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार शामली निवासी नितिन कुमार की शादी कृष्णधाम कालोनी निवासी पायल की बेटी रितिका से हुई थी। नितिन काफी समय से अपनी पत्नी के साथ सुसराल में ही रह रहा था। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी को ले जाने की बात कह रहा था। लेकिन, सास पायल ने इससे इंकार कर दिया। जिसके बाद विवाद हुआ।

शनिवार सुबह करीब चार बजे नितिन ने पेट्रोल छिड़ककर घर में आग लगा दी। जिससे सास पायल और पत्नी रितिका गम्भीर रूप से झुलस गई। पायल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी नितिन और रितिका को अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि सास की मौत हो गई है। आरोपी की पत्नी की हालत गम्भीर है। अभी मामले की जांच की जा रही है। आरोपी से भी पूछताछ की जा रही है।

## वायु प्रदूषण के लिहाज से लखनऊ समेत 17 शहर संवेदनशील

लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन मानकों का पालन न करने पर जिम्मेदार लोगों और संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बोर्ड के सदस्य सचिव अजय शर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण के लिहाज से प्रदेश के 17 शहर आगरा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, अनपरा, गजरौला, खुर्जा, बरेली, मुरादाबाद, झांसी, फिरोजाबाद, रायबरेली और गोरखपुर काफी संवेदनशील हैं। नगर निकायों में मैकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर के माध्यम से सड़कों की नियमित सफाई के साथ पानी छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं। कई शहरों में एंटी स्मॉग गन का भी प्रयोग किया जा रहा है। निर्माण एवं विध्वंस कार्यों से जनित वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कार्यदायी संस्थाओं के लिए बोर्ड के एप पर सेफ ऑडिट की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 20 शहरों में 49 वायु गुणता अनुश्रवण केंद्रों और 25 शहरों में 78 स्थानों पर मैनुअल विधि से वायु गुणता की नियमित निगरानी की जा रही है।

## 400 गरीब हिंदू परिवारों को बनाया ईसाई, पांच गिरफ्तार

मेरठ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेरठ के मंगतपुरम में करीब दो साल से धर्मांतरण की पाठशाला चल रही थी, लेकिन एलआईयू या किसी अन्य सुरक्षा एजेंसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। शुक्रवार को जब खबर फैली तो बजरंग दल कार्यकर्ता और समाजसेवी सचिन सिरोही मंगतपुरम पहुंचे। उन्होंने क्रिश्चियन धर्म से जुड़ी किताबें और आर्थिक मदद लेने वाले लोगों की सूची ढूंढ ली। मामला तूल पकड़ता गया और शहर भर में हड़कंप मच गया। वहीं इस मामले में पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है।

पुलिस ने महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में रमेश प्रधान को पूछताछ के लिए उठाया है। वहीं स्थानीय लोग विरोध करने ब्रह्मपुरी थाने पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक, 20-25 साल पहले बाराबंकी से दस लोग मंगतपुरम आए और खाली पड़े प्लॉट में झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रहने लगे। अब इनकी संख्या 400 से ज्यादा बताई जा रही है।

## एसबीआई ब्रांच से 3.5 लाख की लूट
### 6 बदमाश आए, कैश के साथ ग्राहक से 50 हजार, महिला से गोल्ड चेन छीनी

समस्तीपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कर्पूरीग्राम गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पर धावा बोलकर बदमाशों ने बैंक के कैश काउंटर से तीन लाख रुपए लूट लिया। इस दौरान प्रतिरोध करने पर बदमाशों ने बैंक के सुरक्षा कांड नंदलाल राय को पिस्तौल के बट से सिर पर वार कर जख्मी कर दिया। इसके अलावा बदमाशों ने बैंक के अंदर मौजूद एक ग्राहक से 50 हजार तथा सीढ़ी से ऊपर चढ़ रही एक महिला ग्राहक से सोने की चेन छीन ली। बदमाशों की संख्या 6 बताई गई है, जो तीन अलग-अलग बाइक पर सवार होकर आए थे। सभी लोगों ने मास्क लगा रखा था। घटना को अंजाम देने के बाद भागते हुए बदमाशों ने तीन-चार राउंड हवा में फायरिंग भी की। घटना के संबंध में बताया गया है कि करीब 1:00 बजे के आसपास तीन अलग-अलग बाइकों पर आए छह बदमाश ग्राहक के वेश में अंदर घुसते ही बदमाशों ने कैश काउंटर पर पिस्तौल तान दिया और लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान




बैंक के सुरक्षा गार्ड नंदलाल राय ने एक बदमाश को पीछे से पकड़ लिया। जिस पर उसके दूसरे साथी ने सुरक्षा गार्ड के सिर पर पिस्टल के बट से वार कर जख्मी कर दिया। जिसके बाद वह डर से उसे छोड़ दिया। हालांकि इस दौरान हल्ला होने पर आसपास के ग्रामीण जुटने लगे तो बदमाश पैसा जमा करने आए एक ग्राहक से 50000 तथा केवाईसी कराने पहुंची दढिया गांव की चांदनी वाला सिन्हा का सोने की चैन करीब 75000 मूल्य का छीन लिया। उधर घटना की सूचना पर एसपी हृदय कांत भी मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। एसपी ने बताया कि अब तक दो लाख रुपए लूटे जाने की बात सामने आ रही है। वैसे बैंक के अधिकारी कैश का मिलान कर रहे हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिले की सीमाओं को सील कर छापेमारी शुरू कर दी गई है। बैंक और पास के ग्रामीणों के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है।

## विधवा की हत्या कर लिख दिया लड़की के पिता और भाई का नाम

कुशीनगर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। एकतरफा प्यार में एक युवक अपराधी बन गया। प्यार में बाधक बने लड़की के पिता और भाइयों को फंसाने के लिए अयोध्या के युवक ने रामकोला थाना क्षेत्र के पपउर ग्रामसभा के मेहंदीगंज में 30 वर्षीय विधवा महिला की जान ले ली। महिला की हत्या करने के बाद उसने लाश के बगल में उसी गांव के रहने वाले लड़की के पिता और भाइयों का नाम लिख दिया था। 27 सितंबर की रात हुई इस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पति की मौत के बाद पूजा अपने दो मासूम बच्चे पांच वर्षीय शिवम व दो वर्षीय सुंदरम के अलावा अपनी 20 वर्षीय बहन अंजू के साथ मेहंदीगंज में रहती थी। 27 सितंबर को पूजा की बहन अंजू दोनों बच्चों को लेकर रामकोला थाना क्षेत्र के ही कुस्महा गई थी और रात हो जाने के कारण वापस नहीं आ सकी। पूजा घर पर अकेली थी। रात में ही किसी ने धारदार हथियार से सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

## सिलेंडर ब्लास्ट से पैंतीस झुलसे
### घायल पुलिसकर्मी ने कहा - पाइप लेकर आग बुझाने लगा, तभी ब्लास्ट हुआ, पूरे शरीर में लग गई आग

बिहार के औरंगाबाद में शनिवार (29 अक्तूबर) को बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि छठ पूजा के दौरान एक घर में आग लगने से गैस सिलिंडर फट गया। इस हादसे में करीब 35 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें कई लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह हादसा औरंगाबाद के शाहपुर इलाके में देर रात हुआ। घर में अचानक आग लग गई, जिसकी वजह से गैस सिलिंडर फट गया। दरअसल, छठ की वजह से काफी लोग घर में ही मौजूद थे, जो इस हादसे की चपेट में आ गए। इस घटना में करीब 35 लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कई लोगों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

गृहस्वामी अनिल गोस्वामी ने बताया कि घर में छठ पर्व हो रहा था और पत्नी खाना बना रही थी,उसी दौरान कुछ खाना बना और बना ही रही थी कि अचानक गैस लीकेज कर गया। उसी आग



धर लिया जिससे परिवार के लोग एक बकाने लगे इसके बाद सभी लोग छत के ऊपर भागने लगे और भगदड़ मच गया। घायल पुलिसकर्मी मो० मोअज्जम ने बताया कि हम लोग रात्रि गश्ती में थे तभी अचानक थाना प्रभारी का फोन आया कि मोहल्ले में आग लगी है तभी हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे। आसपास के लोग वहां आग बुझा रहे थे तभी उससे पाइप लेकर आग बुझाने लगा तभी अचानक ब्लास्ट कर गया और पूरे शरीर में आग लग गया। लेकिन किसी तरह से अपने आप को बचाते हुए वहां से भाग निकला फिर वहां से मुझे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद सदर अस्पताल में भर्ती लोगों का चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। इसके बाद लोग स्थिति अनुसार अपने अपने मरीज को इधर उधर आसपास के निजी अस्पताल एवं गंभीर हालत देखते हुए बाहर ले गए।

## शेल्टर होम से पांच बच्चे फरार

किशनगंज, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। किशनगंज शहर के जुलजुली स्थित सुरक्षित स्थान (शेल्टर होम) से शनिवार की सुबह पांच बच्चे बाथरूम का ग्रिल तोड़कर फरार हो गए। फरार हुए बच्चों में एक बच्चे को बंगाल के कानकी के पास से बरामद किया गया है। फरार हुए बच्चों में चार बच्चे मुजफ्फरपुर व एक मधेपुरा के रहने वाले हैं। सूचना मिलने पर डीडीसी मनन राम, एडीएम अनुज कुमार, एसडीएम अमिताभ कुमार गुप्ता, एसडीपीओ अनवर जावेद अंसारी व बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रामशंकर तिवारी सुरक्षित स्थान पहुंचे। अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं। बच्चे पिछले कुछ माह से जुलजुली स्थित सुरक्षित स्थान में रह रहे थे। बच्चों ने रात्रि में ही वहां से फरार होने की योजना बनायी थी। बच्चे बाथरूम का ग्रिल तोड़कर फरार हुए हैं। भागते समय एक बच्चे को चोट भी लगी। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस भी अहले सुबह सुरक्षित स्थान पहुंची। पुलिस के सहयोग से बच्चों की खोजबीन जारी है। इधर टीम यह जांच कर रही है कि इसमें किसकी लापरवाही थी।

## 15 दिन बेहद संवेदनशील, डेंगू से बचकर रहें




आगरा, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। आगरा में बारिश खत्म हो चुकी है। अब मच्छर पनपने लगे हैं। मलेरिया विभाग को बीते दिनों कई इलाकों में एडीज मच्छर का लारवा मिला था। विभाग के अफसरों का कहना है कि आने वाले 15 दिनों तक विशेष चौकसी बरतनी होगी। विभाग भी अभियान चला रहा है। डीएमओ नीरज कुमार के मुताबिक भ्रमण के दौरान क्षेत्रों में लार्वा स्क्रीनिंग, सोर्स रिडक्शन, प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। पानी से भरे पात्रों जैसे कूलर की टैंक, पशु-पक्षियों की नाद-कुंडी, छतों पर रखे हुए टायर और ट्यूब, काठ-कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी हुई पानी की ट्रे की जांच की गई। लगभग 120 भरे हुए पात्रों में से दो पाजिटिव पाए गए। इन्हें खाली करके सफाई कराई गई। मच्छरों की ब्रीडिंग हो जाती है लोगों को बताया गया कि कूलर, बाल्टी, बैरल, फूलदान, बर्ड बाथ, फ्रीज, टायर और नारियल के खोल में पानी जमा न होने दिया जाए।

डेंगू के हर रोगी को तेज बुखार आना ही जरूरी नहीं है। दूसरे लक्षण भी देखे जाने चाहिए। शरीर पर खून के थक्के या चकत्ते भी इसके संकेत हैं। कुछ स्थितियों में डेंगू एसिम्टोमैटिक भी हो सकता है। कुछ लोगों में बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द के साथ भी डेंगू हो सकता है। ऐसे में खुद खरीदकर दवा न खाएं, तत्काल डाक्टर से मिलें।

**नरीपुरा और शाहगंज में मिला लारवा**

मलेरिया विभाग की टीम ने शुक्रवार को पीएचसी नरी पुरा और शाहगंज सेकंड के क्षेत्र नरीपुरा खेरिया मोड़, रसूलपुर, अयोध्या कुंज, अर्जुन नगर का भ्रमण किया। आशाओं द्वारा भरे जा रहे दस्तक फार्मेट को अधिक गंभीरता से लेने को कहा गया। हर बुखार के मरीज की मलेरिया, डेंगू जांच के लिए कहा गया। पानी से भरे पात्रों का निरीक्षण किया गया। लारवा पाए जाने पर पानी खाली कराकर सफाई कराई गई।

## एसडीएम ऑफिस के सामने जल गए गोवंश, दो गिरफ्तार
### जिले में नहीं हो पा रहा छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण



अमेठी, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेठी में उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने निराश्रित गोवंश को आग की लपट से जलाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। घटना की वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। छुट्टा जानवरों के लिए 94 गौशाला बनाए गए हैं। लेकिन जानवर खेत खलिहानों से लेकर सड़कों पर घूमते रहते हैं।

जिलाधिकारी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अमेठी तहसील में निराश्रित गोवंश को आग की लपट से जलाने के मामले में दो लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। इनके खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11-1 में संतोष तिवारी और रमेश यादव को जेल भेजा गया है। संतोष तिवारी एक अधिवक्ता के सहायक बताए जाते हैं। इस पर अमेठी तहसील के सीनियर अधिवक्ता राजेश मिश्र ने बताया कि छुट्टा जानवर समूह में तहसील परिसर के अंदर घूमते रहते हैं। जिससे जानवरों को डराने-धमकाने और भगाने के लिए आरोपियों ने आग की लपट दिखाया था। बाकी आरोपियों की मंशा जलाने की नहीं थी। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान पुलिस भी खड़ी थी। मिश्र ने बताया कि छुट्टा सांड कई मोटरसाइकिल तोड़ दिए थे। जिससे सांडों को भगाने के लिए लपटें दिखा रहा था। जिले के 13 ब्लाकों में 94 गौशाला बनाए गए हैं। गौशाला में जानवरों की देखभाल के लिए चौकीदार रखे गए हैं। इसके बाद सेकेट्री, एडीओ पंचायत,बीडीओ, ग्राम प्रधान और डाक्टरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाकी निगरानी के लिए सीडीओ और जिलाधिकारी है। गौशाला के निगरानी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारियों की है। लेकिन अधिकांश बीडीओ गृह जनपद में तैनात हैं। जिससे वे ब्लाकों में निवास नहीं करते हैं। इस लिए छुट्टा जानवरों की धड़पकड़ नहीं है। जिससे जानवरों का समूह सड़कों पर घूमते-फिरते रहते हैं।

## लड़की की मां ने गरीबी का दिया वास्ता
### पर न पसीजा दहेज लोभियों का दिल, फिर हुई अनहोनी

पीलीभीत, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद में प्रेमी की मां के दहेज में दस लाख रुपये मांगने से आहत बीएड की छात्रा ने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर प्रेमी और उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जहानाबाद के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। 21 वर्षीय बड़ी पुत्री बीएड कर रही थी। पुत्री को सरकारी राशन की दुकान चलाने वाले अमित ने तीन साल पहले अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब उन्हें जानकारी हुई तो उन्होंने भी शादी के लिए कोई आपत्ति नहीं की। अमित की मां भी शादी के लिए राजी हो गई। 19 अक्तूबर को छात्रा की मां और मौसी अमित की मां कलावती से शादी की बात करने गईं।

आरोप है कि शादी की बात करने के दौरान कलावती ने दस लाख रुपयों की मांग कर दी। छात्रा की मां ने गरीबी का वास्ता दिया, मगर अमित की मां नहीं पसीजी। इस पर छात्रा की मां लौट आईं। जब यह जानकारी छात्रा को हुई तो उसने अमित को फोन किया, मगर उसने फोन रिसीव नहीं किया। बृहस्पतिवार को भी अमित ने फोन रिसीव नहीं किया। तब छात्रा ने अमित को मेसेज किया। उसका जवाब भी संतोषजनक नहीं आया। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रभाष कुमार ने बताया कि अमित और उसकी मां के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, गाली गलौज व दहेज मांगने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## राजद उम्मीदवार के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी
### भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करने उतरेंगे चिराग

पटना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में चिराग पासवान भाजपा की तरफ से चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। शुक्रवार को बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा, तीन नवंबर को होने वाले चुनाव में चिराग पासवान भाजपा प्रत्याशियों के लिए 31 अक्तूबर से एक नवंबर तक प्रचार करेंगे।

**सहयोगी दलों का सम्मान करती है भाजपा**

संजय जायसवाल ने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिन दलों ने हमारे साथ



गठबंधन में चुनाव लड़ा है, उन सभी सहयोगी दलों का हम सम्मान करते हैं।

उन्होंने कहा, चिराग पासवान की पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में भी हमारा समर्थन किया था। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी राजद उम्मीदवार के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने जा रही है। याचिका में गोपालगंज से राजद प्रत्याशी मोहन गुप्ता का नामांकन रद्द करने की मांग की जाएगी। इससे पहले भाजपा की ओर से चुनाव आयोग को भी एक ज्ञापन सौंपा गया था, भाजपा का आरोप है कि राजद प्रत्याशी मोहन गुप्ता ने झारखंड में उनके खिलाफ दर्ज शराब तस्करी के एक मामले से संबंधित जानकारी छुपाई है।

# केदारनाथ यात्रा में महिला समूहों ने किया 48 लाख का कारोबार



रुद्रप्रयाग, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस बार की केदारनाथ धाम की यात्रा में जहां रिकार्ड तीर्थयात्री आए वहीं यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों ने भी जोरदार कारोबार किया है। अकेले केदारनाथ प्रसाद से 44 लाख का व्यवसाय हुआ जबकि महिला समूहों ने कुल 48 लाख का कारोबार किया। बता दें कि 6 मई को कपाट खुलने से 27 अक्टूबर कपाट बंद होने तक कुल रिकार्ड 15 लाख 63 हजार से ज्यादा यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए।

**प्रसाद बेचने के साथ-साथ चला रहीं कैफे**

केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान जिले में संचालित महिला समूहों ने भी यात्रा से बेहतर कारोबार किया। कोरोना काल के बाद इस साल महिला समूहों के व्यवसाय को नई ऊंचाइयां मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने का मंत्र अपनाकर महिला समूह रोजगार के क्षेत्र में न केवल अपने को आगे बढ़ा रहे हैं बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही है। जनपद में महिलाएं बाबा केदारनाथ धाम के लिए स्थानीय उत्पादों से निर्मित प्रसाद तैयार करने, यात्रा मार्ग पर रेस्तरां, कैफे संचालित करने से लेकर अन्य स्थानीय उत्पाद बेचकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

**यात्रियों को लोकल प्रोडक्ट करा रहीं उपलब्ध**

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि बाबा केदारनाथ में दुनियाभर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को स्थानीय उत्पादों से निर्मित प्रसाद एवं बाबा केदारनाथ के सोविनियर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। साथ ही स्थानीय शहद, हर्बल धूप समेत कई उत्पाद महिलाएं तैयार कर यात्रियों को उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा स्थानीय खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए सरस रेस्तरां एवं हिलांस कैफे भी यात्रा मार्ग पर संचालित हो रहे हैं।

**यात्रा में पहली बार हुआ इतना कारोबार**

सरस रेस्तरां संचालित कर रही महादेव स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष पूनम देवी ने खुशी जताते हुए बताया कि पहली ही यात्रा के दौरान उन्होंने करीब 4 लाख रुपए का व्यवसाय किया। सरस रेस्तरां में 8 लोगों को नियमित रोजगार मिला है। सरस विपणन केंद्र संचालित कर रही शिवानी ने बताया कि केदारनाथ यात्रा के दौरान जिले भर के किसानों से एकत्रित स्थानीय उत्पाद बेचकर करीब 80 हजार रुपए का कारोबार किया।

# राम रहीम की पैरोल पर वबाल

## हाईकोर्ट के एडवोकेट का हरियाणा सीएस को लीगल नोटिस पैरोल रद कर नए गाने पर बैन लगाए सरकार

चंडीगढ़, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। साध्वियों के यौन शोषण और हत्या के दोषी राम रहीम की पैरोल पर बवाल बढ़ गया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एचसी अरोड़ा ने हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी को लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने राम रहीम की पैरोल तत्काल रद करने की मांग की है। इसके अलावा राम रहीम के दिवाली पर रिलीज गाने 'नित दी दिवाली' पर भी रोक लगाने की मांग की है। एडवोकेट ने कहा कि पैरोल पर बाहर आए डेरा प्रमुख को लोकप्रियता हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

**सत्संग पर भी खड़े किए सवाल**

चंडीगढ़ के वकील एचसी अरोड़ा ने हरियाणा के सीएस को भेजे नोटिस में कहा है कि राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण और हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया है। हरियाणा सरकार ने उन्हें 40 दिन की पैरोल



दी, जिसके दौरान वह यूपी के बागपत में रहकर सत्संग कर रहा है। एडवोकेट ने राम रहीम के ऑनलाइन सत्संग पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें सत्ताधारी दल बीजेपी और विपक्षी दलों के नेता राम रहीम से आशीर्वाद ले रहे हैं। इससे पंचायत चुनाव और आदमपुर उपचुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**यूट्यूब पर बैन हो डेर प्रमुख का गाना**

राम रहीम के गाने 'साड़ी नित दिवाली' पर भी एडवोकेट ने सवाल खड़े किए हैं। सीएस संजीव कौशल को भेजे नोटिस में कहा गया है कि सरकार ने उसके गाने को यूट्यूब से हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। वकील ने मांग की कि राम रहीम की पैरोल तुरंत रद की जाए और बलात्कार और हत्या के दोषी होने की वजह से राम रहीम के गाने को यूट्यूब से हटाया जाए।

# तीसरी बार दुर्घटनाग्रस्त हुई वंदे भारत एक्सप्रेस

## मवेशी से टकराकर ट्रेन का अगला हिस्सा टूटा

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुछ ही हफ्तों में वंदे भारत एक्सप्रेस तीसरी बार दुर्घटना का शिकार हुई है। जानकारी के अनुसार, एक सांड के टकराने से हाई स्पीड ट्रेन का अगला हिस्सा टूट गया। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन शनिवार को मुंबई-मध्य से गुजरात के गांधीनगर जा रही थी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके शाम तक ठीक होने की उम्मीद है। मुंबई सेंट्रल डिवीजन में वंदे भारत ट्रेन एक मवेशी से टकरा गई। इस घटना में सांड की मौत हो



गई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने एक बयान में कहा, ट्रेन मुंबई सेंट्रल से गांधीनगर की यात्रा पर जा रही थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना सुबह करीब 8:17 बजे बताई जा रही है। घटना के बाद ट्रेन करीब 15 मिनट तक रुकी रही। ट्रेन को कोई नुकसान नहीं हुआ है, सिवाय फ्रंट कोच यानी ड्राइवर कोच के नोज कॉन कवर का हिस्सा टूट गया है। ट्रेन सुचारू रूप से चल रही है। इसे जल्द से जल्द ठीक कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम रेलवे ने मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर इंजन के टूटे हुए हिस्से को ठीक करने के लिए निर्देशित किया है, जो शाम तक कर लिया जाएगा। जब ट्रेन मुंबई वापस आएगी।

**तीसरी बार दुर्घटना का शिकार**

अक्टूबर के पहले सप्ताह में इसी तरह की दो घटनाएं हुई थीं। इससे पहले भी दोनों मामलों में वंदे भारत एक्सप्रेस के मवेशियों से टकराने की घटना प्रकाश में आई थी। पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि दहानू रोड स्टेशन के बाद रेलवे ट्रैक पर बैरिकेड्स नहीं होने के कारण मवेशी ट्रैक में घुस जाते हैं। रेलवे ट्रैक के निकट के गांवों में पश्चिम रेलवे द्वारा पशुओं को रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि वह भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं।

# भारत में कोरोना के 1,574 नए मामले दर्ज

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,574 नए मरीज मिलने से देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,50,662 हो गई है. वहीं, संक्रमण से नौ और मरीजों के दम तोड़ने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,29,008 पर पहुंच गया है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 19,398 से घटकर 18,802 रह गई है. बीते 24 घंटे में इलाजरत मरीजों की संख्या में 596 की कमी दर्ज की गई है. मंत्रालय ने बताया कि नौ और संक्रमितों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,29,008 हो गई है. इन नौ मौतों में से पांच केरल में हुईं, जबकि छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा और महाराष्ट्र में एक-एक संक्रमित की जान गई. मंत्रालय के अनुसार, देश में संक्रमण का इलाज करा रहे रोगियों की संख्या कुल मामलों का 0.44 फीसदी है, जबकि कोविड-19 से उबरने वाले मरीजों की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.77 हो गई है. वहीं, मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है. मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 0.95 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 1.11 फीसदी दर्ज की गई है. देश में कुल 4,41,02,852 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं. मंत्रालय के अनुसार, देशभर में कोविड रोधी टीकों की 219.62 करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं. गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी.

# बीवी और ससुर से परेशान युवक ने खाया जहर, जिंदगी और मौत से जूझ रहा

पन्ना, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पन्ना जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कचौरी से आत्महत्या करने का लाइव वीडियो सामने आया है। यहां एक युवक ने बीवी और ससुर से परेसान होकर जहरीली दवा पी ली। इतना ही नहीं, घटना का लाइव वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी और परिजनों ने आनन-फानन में युवक को कटनी जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाए। जहां युवक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कचौरी के निवासी सुजान सिंह ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का फैसला सिर्फ इस वजह से किया, क्योंकि वह अपनी बीवी और ससुर से परेशान हो चुका था। युवक ने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें युवक ने अपने ससुर और बीवी पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए।

# इंदौर में लव जिहाद का अड्डा बना होटल

**मुस्लिम लड़के ने हिंदू बन लड़की को फंसाया, बजरंग दल ने डाली दबिश**

भोपाल, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में लगातार लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। जिसे लेकर बजरंग दल भी अब सक्रिय हो गया ह। बजरंग दल के साथ कई अलग-अलग हिंदूवादी संगठन इन दिनों लगातार लव जिहाद के मामले को उजागर करने में लगे हुए है। ऐसे में एक होटल में दबिश डाल एक युवक को कार्यकर्ताओं द्वारा पीटा गया। दरअसल बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित होटल में पहुंच कर दबिश दी गई। जहां होटल के रूम से एक मुस्लिम युवक को हिंदू लड़की के साथ पकड़ा गया। जिसके बाद उस युवक की बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर धुनाई की और उसको पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि होटल से पकड़ा गए मुस्लिम युवक ने फर्जी आईडी से होटल में रूम बुक किया था। गिरफ्तार युवक का नाम आसिफ है। और उसने विकास बनकर हिंदू लड़की से दोस्ती की थी। उसने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से शिवपुरी की रहना वाला है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने होटल में छापा मारकर एक मुस्लिम युवक को हिंदू लड़की के साथ पकड़ा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने युवक की जमकर की पिटाई और पुलिस को हवाले किया।

# गोजवाड़ा में कुरान शरीफ को पानी में फेंकने के आरोप में 1 शख्स गिरफ्तार



श्रीनगर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले के गोजवाड़ा इलाके में खान मस्जिद में कुरान शरीफ की बेअदबी की एक घटना घटी है. जिसमें एक शख्स ने कुरान को पानी में फेंक दिया. इस मामले में श्रीनगर के मलूरा के आरोपी इरशाद अहमद मीर को पुलिस ने रात भर छापेमारी करने के बाद गिरफ्तार कर लिया. श्रीनगर पुलिस ने कहा कि आरोपी का दिमाग संतुलित नहीं है. इस बारे में नौहट्टा थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. इस पूरे मामले की श्रीनगर पुलिस ने एक ट्वीट करके जानकारी दी. मुस्लिम धर्म की सबसे पवित्र किताब कुरान की किसी भी बेअदबी को एक गंभीर अपराध माना जाता है. इसकी बेअदबी के कारण अक्सर सांप्रदायिक सद्भाव और अमन-चैन के बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है. कई बार केवल कुरान के अपमान के कारण ही कई जगहों पर दंगे हो चुके हैं. इसलिए जम्मू और कश्मीर की पुलिस के सामने कुरान की इस बेअदबी की घटना के जिम्मेदार शख्स को तत्काल गिरफ्तार करने का भारी दबाव था. जिससे राज्य में शांति बरकरार रहे. अगर ऐसा नहीं किया जाता तो असामाजिक तत्वों को इस घटना की आड़ में उपद्रव करने का एक बहाना मिल सकता था.एक तरफ जहां कश्मीर घाटी में पवित्र कुरान की बेअदबी की घटना सामने आई है, वहीं दूसरी ओर जुलाई महीने में ही घाटी के एक नौजवान ने 500 मीटर लंबे कागज पर कुरान लिखकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का काम किया था. कश्मीर के बांदीपोरा के मुस्तफा-इब्न-जमील ने 500 मीटर लंबे कागज पर कुरान लिखकर ये विश्व रिकॉर्ड बनाया है.

# 10 साल की बच्ची से रेप:मुंह दबाकर किया दुष्कर्म पीड़िता बोली- अंकल गंदे हैं

**जरा सी आहट पर सहम रही मासूम**

घटना के बाद से मासूम डरी और सहमी हुई है। उसके चेहरे पर घटना की दहशत साफ दिख रही है। जरा सी आहट पर वह सहम जाती है और मां से चिपक जाती है। बस इतना ही कहती है कि अंकल गंदे हैं।



ग्वालियर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'मैं मामा के कमरे के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान बंटी अंकल आए। उन्होंने मुझे चॉकलेट देने की बात कही। मैंने मना किया तो अंकल मेरा मुंह दबाकर मुझे बाथरूम में ले गए। वहां मेरे साथ गंदा काम किया। मामी की आवाज आई, तो मुझे धमकाकर भाग गए।' इतना कहकर 10 साल की मासूम सिसकते हुए मां से चिपक गई। ये वारदात गुरुवार रात ग्वालियर के तिलकना गली चंदन नगर में हुई। जहां बच्ची के पड़ोस में रहने वाले 22 साल के किराएदार ने उससे रेप किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**पांचवीं में पढ़ती है बच्ची**

बच्ची पांचवीं की स्टूडेंट है। वह माता-पिता के साथ किराए से रहती है। इसी मकान में पीड़िता के मामा-मामी दूसरी मंजिल पर रहते हैं। मामा के पास वाले रूम में आरोपी बंटी जाटव (22) भी किराए से रहता है। गुरुवार को बच्ची के माता-पिता बाहर गए थे। वह बच्ची को मामा के घर छोड़ गए थे। रात 9 बजे परिजन लौटे, तो बच्ची लापता थी।

**बाथरूम में बदहवास पड़ी मिली**

बच्ची को तलाशते हुए मामी बाथरूम के पास पहुंची, तो दरवाजा खुला था। वह बाथरूम के नजदीक पहुंची ही थी कि अंदर से पड़ोसी बंटी जाटव निकला। मामी को देखते ही वह छत से कूदकर भाग गया। बाथरूम के अंदर बच्ची बदहवास हालत में पड़ी मिली। मामी ने बच्ची को उठाया और उसकी मां के पास लेकर पहुंची। यहां थोड़ी देर में बच्ची ने रोते हुए पूरी घटना बताई। उसकी मां और मामा-मामी बच्ची को लेकर थाने पहुंची। शोर मचाने लगी तो मुंह दबा दिया बच्ची ने पुलिस को बताया कि वह बंटी को अंकल बोलती है। रात को वह मामा के दरवाजे पर खेल रही थी। तभी अंकल आए। चॉकलेट देने की बात कहकर बाथरूम ले गए और गलत काम किया। जब मैंने शोर मचाने की कोशिश की, तो मुंह दबा दिया। जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी दीपक यादव का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी को दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | में |
| चंद्र- | धनु | में |
| मंगल | मिथुन | में |
| बुध- | तुला | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | तुला | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| कन्या... | 03-29 | बजे |
| तुला- | 05-24 | बजे |
| वृश्चिक | 07-34 | बजे |
| धनु--- | 09-49 | बजे |
| मकर- | 11-54 | बजे |
| कुंभ- | 14-44 | बजे |
| मीन... | 15-22 | बजे |
| मेष-- | 16-58 | बजे |
| वृष-- | 18-42 | बजे |
| मिथुन.. | 20-44 | बजे |
| कर्क... | 22-56 | बजे |
| सिंह... | 01-08 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1443
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी - 03-27 राततक उपरान्त, सप्तमी
मास - कार्तिक शुक्ल पक्ष ,रविवार, 30 Oct
नक्षत्र - मूल - 07 -25 - तक उपरान्त, पूर्वाषाढा
योग - सुकर्मा -19 - 15 - तक उप- धृति
करण- कौलव - 16 - 38 - तक,उप- तैतिल
विशेष:- सूर्य षष्ठी-डाला षठ
व्रत -त्योहार - षष्ठी पूजा

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:18 से 17:44 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:17 - 07:41 | अशुभ | शुभ | 17:44 - 19:18 | शुभ |
| चंचल | 07:41 - 09:07 | शुभ | अमृत | 19:18 - 20:52 | शुभ |
| लाभ | 09:07 - 10:33 | शुभ | चंचल | 20:52 - 22:26 | शुभ |
| अमृत | 10:33 - 11:59 | शुभ | रोग | 22:26 - 23:59 | अशुभ |
| काल | 11:59 - 13:26 | अशुभ | काल | 23:59 - 01:34 | अशुभ |
| शुभ | 13:26 - 14:52 | शुभ | लाभ | 01:34 - 03:07 | शुभ |
| रोग | 14:52 - 16:18 | अशुभ | उत्पात | 03:07 - 04:41 | अशुभ |
| उत्पात | 16:18 - 17:42 | अशुभ | शुभ | 04:41 - 06:17 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) जिस अटके काम को करने की सोच रहे हैं वह आज होने की उम्मीद है।खासी शारीरिक मेहनत करनी पड़ सकती है।आज सामाजिक और वित्तीय दृष्टि से भी लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है। अपने प्रियजनों से किसी भी प्रकार के टकराव से बचें।सितारे कहते हैं की यदि आज कोई भी टकराव हुआ तो तुरंत बात बढ़ जायेगी।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपको सकारात्मक कदम उठाने के लिए ही प्रेरित करेगा।इससे आपको भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा।अगर कोई आपसे उलझने की कोशिश करता भी है तो आप शांति बनाये रखें और दृढ़ता से अपनी बात सामने रखें।आज आपकी धार्मिक तथा रहस्य विज्ञान के कार्यों में रूचि बनेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) समय कुछ बहादुरी भरे कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत।इसके स्थान पर,मजबूत फैसला लीजिये।अवसरों को जाने मत दीजिये।इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो।पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) आप फिलहाल अपने जीवन की केन्द्रीय समस्या को सुलझाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।ऐसा भी संभव है कि आप इसे सुलझाने के लिए अपनी सामजिक और वित्तीय जिम्मेदारियों से भी छुट्टी ले लें। हालाँकि आपको यह भी समझना है कि आपके जल्दी मचने से इस समस्या का स्थायी समाधान नही निकलेगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) आज के दिन आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं रहेंगी।आप अपने वर्त्तमान घर या नौकरी में बदलाव का फैसला ले सकते हैं।कशमकश में न रहें,बदलाव होना अच्छा ही रहेगा।आपको किसी ऐसे आदमी से बात करके अप्रत्याशित सहायता मिल सकती है जो चुपचाप आपकी भलाई चाहता रहा है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं,उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है।आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं,इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) आज आप आकर्षण का केंद्र रहेंगे।फोकस का केंद्र रहना आपकी सहज विशेषता है जिसके कारण कई लोग आपसे इर्ष्या करेंगे।जब आप सहज रूप से वर्त्तमान भूतकाल और भविष्य के बारे में सोचेंगे तो आपको बहुत से अपने जवाब और समाधान मिल जायेंगे।आज आप भावनात्मक रूप से बहुत संवेदनशील रहेंगे

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) विभिन्न दिशाओं में आकर्षित अनुभव कर रहे हैं और समझ नही पा रहे कि क्या किया जाना चाहिए यह परेशानी आज और ज्यादा बढ़ेगी और आपके लिए फैसला लेना और भी मुश्किल हो जाएगा।आपको सावधानी से काम लेना होगा क्योंकि आपके फैसले लेने की क्षमता भावनाओ और दुसरे कारणों से प्रभावित हो सकती है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे। लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें।कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है।आपकी आँखें लेंस की तरह हैं।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) एक नई उर्जा का प्रवेश होगा।आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है।आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा।आप घर या कार्यस्थल पर किसी करीबी की असमंजस की भावना को भी आज दूर कर पायेंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) आपके परिवारवालों को नजदीकी संबंधियों से होने वाली परेशानी के कारण आपको भी प्रतिबंधों का सामना करना होगा।ये लम्बे समय तक नही रहेंगे लेकिन आपको काफी प्रभावित करेंगे,इसीलिए इनके प्रभाव से बचने की कोशिश करें।आज आप कोई घरेलू उपयोग का उपकरण खरीदेंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) एकरसता आपको अच्छी न लगती।इससे आप बोर अनुभव करते हैं।आज आप काफी खुश और फ्लर्ट वाले मूड में होंगे।अपनी दिनचर्या बदलें।इसमें फिटनेस को जगह दें।किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं।आपके नए विचार से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगें। ऑफिस में नयी पहचान बनेगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# ड्रग्स माफिया के खिलाफ चलेगा अभियान

**गृहमंत्री बोले- थानों की बिल्डिंग में बनेंगे क्वार्टर, लुटेरे गुड्डा को गड्ढे में दफन कर देंगे**



भोपाल, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मप्र में अवैध शराब और नशे को लेकर सियासत गरमाई हुई है। इस बार सरकार को चुनौती बीजेपी खेमे से ही मिल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती प्रदेश में शराबबंदी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। गृहमंत्री ने भोपाल में कहा- प्रदेश में ड्रग्स माफिया को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। सोमवार को अफसरों के साथ बैठक कर ड्रग्स के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की रणनीति बनाएंगे। मप्र में ड्रग्स के अवैध कारोबार के नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त करेंगे। उन्होंने- चंबल के डकैत गुड्डा को लुटेरा बताते हुए गड्ढे में दफन करने की बात कही। गृहमंत्री ने कहा- हरियाणा के सूरजकुंड में हुई देशभर के गृहमंत्रियों की चिंतन बैठक में यह बात हुई है कि वन नेशन-वन ड्रेस की तर्ज पर देशभर की पुलिस की वर्दी एक जैसी हो। इस पर सहमति बनी है। इसके अलावा शहरों में प्राइम लोकेशन पर जहां पुलिस थाने की जमीन है, उन थानों के भवन मल्टी स्टोरी बनाकर नीचे थाना और ऊपरी मंजिलों पर पुलिसकर्मियों के लिए क्वार्टर बनेंगे। कांग्रेस के सीनियर नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सलाह देते हुए कहा कि ये दोनों नेता गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचार करने न जाएं। गुजरात के चुनावों के पिछले चुनावों के परिणाम जैसे आते रहे हैं, वैसे ही इस चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से गुजरात में सरकार बनाएगी। गुजरात की हार को कमलनाथ अपने ऊपर न लें, क्योंकि कमलनाथ जहां-जहां प्रचार करने गए, वहां का इतिहास देख लें। मुरैना में गुड्डा गैंग के आतंक पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा बोले- गुड्डा का कोई गैंग नहीं है। गुड्डा डाकू नहीं एक बदमाश है। डकैती नहीं डाली है, उसने लूट की है। गुड्डा के लिए उतना बड़ा गड्ढा खोदकर उसी में दफन कर देंगे।

# साहित्य सृजन सम्राट : अमृतलाल नागर



अतुल कुमार



**भारतीय साहित्य** के अग्रणी साहित्यकारों में महान कथाशिल्पी अमृतलाल नागर का नाम बडे आदर से लिया जाता है । कहानियों , उपन्यासों नाटकों, निबंधों, रिपोर्ताजों तथा संस्मरणों आदि विधाओं पर लिख पाठकों को मोहित किया । लोगों की पढने की आदत आज भले ही कम हो रही हो लेकिन जब भी अच्छा साहित्य पढने – पढाने की बात होती है तब जिन साहित्यकारों का नामोल्लेख होता है उनमें अमृतलाल नागर का ज़िक्र ज़रूर होता है । मुश्किल यह है कि ऐसे महान रचनाकारों पर न संगोष्ठियां होती हैं न चर्चा ।क्लास रूमों में जितना पाठ्यक्रम उतना ही पढा खानापूर्ती की जाती है ।नयी पीढी इनकी महत्ता को जाने भी तो कैसे ?संप्रेषणों के कई चैनलों के खुलने के बाद भी इस ओर जो उदासीनता देखी जाती है वह चिंताजनक है क्योंकि अपने साहित्य व साहित्यकारों से बेखबर हो कैसे अच्छे समाज के बनने की कल्पना की जा सकती हैं ? सोचिये ! जिस प्रकार कथा सम्राट प्रेमचंद का जब भी नाम आता है तब उनकी कालजयी कृति " गोदान " की याद आती है ।उसी तरह साहित्य की अनुपम कृति " मानस का हंस " के नाम से अमृतलाल नागर की याद आती है । " मानस का हंस " सन 1972 में प्रकाशित हुआ ।यह उपन्यास " रामचरित मानस" के रचनाकार गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर लिखा गया । तुलसीदास का जो स्वरूप इसमें चित्रित किया गया वह एक सहज मनुष्य का है ।यही कारण है कि हिंदी उपन्यासों में इसकी गणना क्लासिक नावेल के रूप में होती है ।

अमृतलाल नागर ने न तो परंपरा को नकारा न आधुनिकता से मुंह मोडा दोनों को अपनी लेखनी में समेटा जीवन की क्रूरता ,कुरूपता और असफलता को अंकित कर अच्छाइयों की ओर उंगली पकड ले जा बताया कि ज़िंदगी में मनुष्यत्व के सद्गुणों से ही जीवन साकार होता है । चरित्रों के माध्यम से कोई टारज़नी रूप न दे उसे ऐसी शक्तियों ,प्रेरणाओं और मानकों से जोडा जिससे वह भला मानुस बन सके । साहित्य की अदम्य शक्ति को जान ऐसी रचनाकारिता की जिसमें मानवता दिखायी देती है । सामाजिक ,राजनीतिक ऐतिहासिक ,और सांस्कृतिक सभी प्रकार के उपन्यास लिखे सभी में सामाजिक चेतना के भाव व्यक्त होते हैं ।वास्तव में परिवार और समाज दोनों के प्रति आदमी के उत्तरदायित्व को माना ।प्रसिद्ध समालोचक डा राम विलास शर्मा ने उनके कृतित्व पर लिखा "वह जो बात कहते हैं बेलाग होती है और उसे मुंह पर कहते हैं तमाम लेखकों को जोडने वाले नई पुरानी पीढी के बीच की कडी हैं ।साहित्यिक मूल्यों के प्रति अगाध आस्था है ,अन्याय के विरुद्ध वह आवेश में आपे से बाहर होते "

" अब मैं नाच्यो बहुत गोपाल " में सामाजिक विकृतियों का वर्णन करते हुए उसका निष्कर्ष आदर्शवाद में किया ।जो भी लिखते आसपास के वातावरण से प्रभावित हो लिखते बांग्ला लेखक शरत चंद्र चटर्जी से प्रभावित थे लिखा कि " स्कूल जीवन में जबसे उपान्यास और कहानियां पढने का शौक हुआ ,मैंने शरत बाबू की कई पुस्तकें पढीं एक एक पुस्तक को कई कई बार पढा और आज जब उन्हें पढना मेरे लिये मनोरंजन की तरह नहीं वरन अध्ययन के प्रधान विषय के समान है तब भी उनकी रचनाओं को बार बार पढता हूं ।मूल भाषा में उनको पढने के लिये ही बांग्ला सीखी ।परिचय होने के बाद दूसरे दिन उनके घर गया तो लगा जैसे एक दूसरे को हम वर्षों से जानते हैं ।इधर उधर की बातें होने के बाद अचानक पूछा कि "क्या तुमने यह निश्चय कर लिया कि तुम्हे आजीवन साहित्य सेवा करनी है ? मैंने नम्रता से उत्तर दिया कि जी हां ! बोले ठीक है ।इस बात का ध्यान रखना कि जो कुछ भी लिखो वह तुम्हारे अनुभवों के आधार पर हो ।व्यर्थ की कल्पना के चक्कर में कभी मत पडना । आराम कुर्सी पर इत्मीनान के साथ लेटे हुए कहने लगे कालेज में एक प्रोफेसर मुझे पढाते थे, प्रसिद्ध आलोचक भी थे पढाई पूरी करने के बाद मैंने " देवदास" " परिणीता "और "बिंदूर छेले " उपन्यास लिखे पाठकों ने पसंद भी किया ।एक दिन रास्ते में वह प्रोफेसर मिले मुझ से कहा शरत सुना है तुम बहुत अच्छा लिख लेते हो लेकिन भाई तुमने अपनी कोई भी रचना मुझे नहीं दिखलाई ।मैंने संकोच करते हुए कहा कि कोई ऐसी चीज़ें नहीं हैं जिससे आप जैसे विद्वान का मनोरंजन हो । कहा खैर ! उन्हें कहीं से ले पढ लूंगा मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि तुम लिखते हो । शरत मेरी दो बातें हमेशा याद रखना एक तो कभी किसी की व्यक्तिगत आलोचना मत करना और जो कुछ भी लिखना तुम्हारे अनुभवों के बाहर न हो । फिर मेरी ओर देख वह बोले यही दोनों बातें तुम्हें भी बतलाता हूं । उनकी सलाह को मैंने माना और वही किया"

अमृतलाल नागर ने जितना लिखा उसमें मूल्यों और सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया ।विचार धारा के लेबल से दूरी बना अपने लिखे को ही विचारोत्तेजक बनाया ।" महाकाल " उनका पहला उपन्यास है जो सन 1943 में बंगाल में पढे भयंकर सूखे की पृष्ठभूमी पर आधारित है ।यह मध्यम वर्ग की घृणा ,पीडा ,संघर्ष और आर्थिक कमज़ोरी को बताता है ।इसमें भूख को मनुष्य के जीवन की सबसे बडी दुर्बलता के रूप में दिखाया । इस उपन्यास का एक और नाम है वह है "भूख" ।उपन्यास "बूंद और समुद्र "में मिडिल क्लास के नागरिक समाज का गुण दोष भरा चित्र ज्यों का त्यों खींचा ।उनके उपन्यास " अमृत और विष " को पाठको ने बहुत पसंद किया और वह सफलता के शिखर पर पहुंचे ।इसमें मुख्य पात्र अरविंद शंकर के माध्यम से अपने विचारों को पाठकों के सामने रखा "जो राजनीतिक दांव पेंचों को नहीं जानते । पारिवारिक जीवन के संघर्ष के लिये लडते हुए वह उदासीन रहने को लाचार हैं ।" सन 1967 में इस उपन्यास के लिये उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उनके साहित्य पर साहित्यकार विपिन तिवारी लिखते हैं कि उनके विचार उलझाऊ – सुलझाऊ हैं अर्थात जब तक विचार पकते हैं तब तक उलझाऊ रहते हैं लेकिन पक कर सुलझ जाते हैं तो बहने लगते हैं ।उनकी लिखीं 10 प्रतिनिधि कहानियों का संकलन भी प्रकाशित हुआ । हिंदी फिल्मों के लेखन और डबिंग कार्य में माहिर थे हास्य रस की पत्रिका " चकल्लस" का संपादन किया ।उनकी ज़िंदा दिली और विनोद प्रियता ने उनकी कृतियों को कभी मायूसी भरा नहीं होने दिया ।17 अगस्त 1916 को आगरा के गुजराती परिवार में जन्में इस महान लेखक की शिक्षा हाई स्कूल तक हुई लेकिन स्वाध्याय द्वारा साहित्य ,इतिहास ,पुराण ,पुरातत्व ,मनोविज्ञान और समाज शास्त्र का अध्ययन किया । हिंदी ,गुजराती ,मराठी ,अंग्रेज़ी पर अधिकार था ।सन 1928 में साइबर कमीशन के विरुद्ध लिखा जिससे अंग्रेज़ तिलमिला गये लाठी चार्ज के दौरान लाठी लग़ी । यद्यपि उनकी ख्याति उपन्यासकार के रूप में थी लेकिन हास्य व्यंग लेखन कम महत्वपूर्ण नहीं है निबंध ,संस्मरण अनुवाद ,बाल साहित्य ,नाटक और रिपोर्ताज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

उनके प्रमुख उपन्यास हैं " सुहाग के नुपूर " "सात घूंघट वाला मुखडा "" खंजन नयन " " अग्निगर्भा " और " पीढीयां " आदि ।कहानी संग्रह " " एक दिल हज़ार दास्तां " " एक दिल हज़ार अफसाने " और "सिकंदर हार गया " आदि नाटक " चंदन वन " " उतार चढाव " और " नुक्कड पर " व्यंग " कृपया दांए चलिये " " चकल्लस " और " नवाबी मसनद " इत्यादि । मोहल्लों की चौक को यूनीवर्सिटी मानते आदमी के सुख दुख ,रहन सहन और संघर्ष का केंद्र मानते ।

आरंभ में मेघराज इंद्र के नाम से कविताएं लिखीं ।जब भी कोई उपन्यास लिखते तो पहले उस विषय पर पूरी छानबीन शोध करते कई छोटे मोटे काम किये डिस्पैचर का काम भी किया । उनके लिखे कुछ सुवचनों को पढिये जो आज भी सामयिक हैं "केवल चाहने से ही कुछ नहीं मिलता भगत ! अपनी चाहना को पूरा करने के लिये भगवान को भी नर देह धर कर हाथ – पैर और मन बुद्धी चलानी पडी " "अपनी परिस्थितियों पर विचार न करने वाला व्यक्ति मूर्ख होता है " और " मनुष्य और प्रकृति की शोभा सब नश्वर हैं फिर ऐसे आधार पर टेका लेने से लाभ ही क्या जिसमें विश्वास का ठोसपन न हों "

विद्वानों का कहना है कि " उन्होंने लखनऊ के जनजीवन को ओढा बिछाया उसको पूरी तरह से जीया उसके पूरे इतिहास और पूरी सामाजिक संरचना को समझा और हर वर्ग से निकट संबंध स्थापित कर तब उसे लेखन में परिणित किया " बूंद और समुद्र के बारे में जानकारों का कहना है कि उसमें चौक की गलियां बोलती हैं घरों से वही आवाज़ा आती है वही संवाद ।।उसी तरह के पात्र उन पात्रों को हुबहू चित्रित नहीं किया ताकि वह वैयक्तिक न हो उसी तरह के पात्रों की भेल बना नये पात्र को गढे ।" हिंदी साहित्य में प्रेमचंद की अगली कडी के रूप में पहचान बनी ।उन पर एक कविता में महदेवी वर्मा ने लिखा भी " जैसा काम तुम्हारा ,वैसे ही तुम अमृतलाल हो" महाकवि जयशंकर प्रसाद और निराला से घनिष्ठ संबंध थे ।"जिनके साथ जिया "पुस्तक में दुर्लभ संस्मरण हैं । अपनी आत्मकथा " टुकडे टुकडे दास्तान " लिखी ।

अपने जीवन का हर क्षण लेखन को अर्पित करने वाले अमृतलाल नागर ने 23 फरवरी 1990 को देव लोक गमन किया । भारत सरकार द्वारा उनके स्वर्णिम ऐतिहासिक साहित्यिक योगदान के लिये पद्मभूषण से सम्मानित किया गया । आज उनका साहित्य अन्य भाषाओं में अनुदित हो भारतीय साहित्य का गौरव बडा रहा है । इसलिये उन्हें साहित्य सृजन सम्राट कहा जा सकता है, जो वह थे ।

# काव्य कुंज

## अपनी मस्ती में



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

मैं सड़क के किनारे अपनी मस्ती में
आकाश निहार रहा था
उसकी याद में खोया था
टंडी फुहार पड रही थी
मंद समीर बह रहा था
मैं स्वयं में खोया था
चेहरे पर कभी गम कभी खुशी की लहर थी
अपनी मस्ती में मैं स्वयं में खोया था
जाने कितने समय बीता जाने कितने लोग गुजरे
जाने कितनी गाड़ियां गुजरी मालूम नहीं था
एक बुजुर्ग ने मुझे हिलाया बोला क्यों भाई
उतरी कि नहीं उतरी या अभी बाकी है
मैं दुनिया में लौट आया आंखें मस्त थी
चेहरे पर हंसी थी वह बोला मैं समझ गया
आगे बढ़ा और चला गया
जाने क्यों लोग हर बात अपनी तरह से समझते हैं
अपने को छोड़कर दूसरों को इंगित करते हैं
लोग शीशे में अपनी शक्ल तो देखते हैं
सवरते है सजते हैं
मगर कभी खुद को नहीं देखते
जाने यह राज लोग कब जानेंगे
मैं सड़क के किनारे अपनी मस्ती में
उसकी याद में खोया था
उसके प्यार में डूबा था

## कब निकलेगा देश यात्रा पर अपनी ?



श्रवण गर्ग

इससे पहले कि थक जाए वह यात्री
निकलना होगा देश को यात्रा पर !
सौंप दिए हैं पैर अपने
यात्री ने सब के बदले
नहीं पड़ेगा चलना ज़्यादा सबको
थामने के लिए सैलाब आंसुओं के
बह रहे हैं जो सालों से चुपचाप
सड़कों के दोनों बाजुओं पर !
सदियों में होती है ऐसी एक यात्रा
आदि शंकराचार्य की माटी से
बद्री-केदार के मंगल स्वरों की ओर !
दिलाना पड़ता है याद जिसमें लोगों को
उनका निर्मल अतीत,निर्मम यातनाएँ
हो जाता है दिल उनका भी हल्का
रो लेने से थोड़ा सामने सबके
फूटने लगतीं हैं तब कोपलें भी
ज़मीनों से, करार दी गईं हैं जो बंजर
बही-खातों में सरकारों के !
नहीं देखना पड़ेगा दूर तक भी ज़्यादा
गिन रहा है यात्री सबके लिए
सूई के छेद से पीड़ाओं के पहाड़
तैरने लगेंगी सामने आँखों के—
वे अतृप्त आत्माएँ तमाम
चली गईं थीं जो यात्राओं पर अनंत की
गूंजने लगेगा बुझ चुके कानों में
उनका आर्तनाद
सुनाई देंगे बुदबुदाए दुःख भी साफ़ !
बदल सकता है अगर
एक यात्री का साहस इतना कुछ !
बदली जा सकती है सूरत दुनिया की
निकल जाए सड़कों पर अगर
मुल्क एक सौ तीस करोड़ आत्माओं का !
गुज़र रहा है 'अमृत काल' भी इस समय
प्रसव वेदना से हज़ारों यात्राओं की !

## अंधेरा अच्छा नहीं साहब



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़

सदियों से अंधेरे में रहे हैं,
पल पल तकलीफें सहे हैं,
कभी किसी से कुछ नहीं कहे हैं,
हमने कभी किसी का रक्त नहीं
बहाया
पर पग पग हमारे रक्त बहे हैं,
हम कोई रात्रिचर जंतु जानवर तो नहीं
कि अंधेरा हमें पसंद हो,
हमने कभी नहीं चाहा कि
किसी के साथ हमारा द्वंद्व हो,
अपने हिसाब से रहने की,
अपने हिसाब से चलने की,
इतराने की, मचलने की,
हमारी भी इच्छा रही है,
पर तब हम पर
जबरन अंधेरा थोपा गया था,
काले विधानों के जरिए
हमारे पीठ में छुरा घोंपा गया था,
अंग्रेजों से आजादी आप लोग पा गये,
लेकिन हम तो वहीं के वहीं रह गये,
आपका छप्पन भोग जारी है
अपने हिस्से अभी भी अंधियारी है,
इसके लिए आपकी
वहीं पुरातन सोच जिम्मेदार है,
आपके सोच बता रहे हैं
कि अभी भी आप मानसिक बीमार हैं,
चार दिनों तक इस थोपे गये
अंधेरे में रहकर देखिये,
तब आप कह उठेंगे कि
अंधेरा अच्छा नहीं होता है साहब,
दिखावटी दीये जलाने से अच्छा है
मन में समता के दीये जलाइए,
मुस्काइये सबको गले लगाइये।

## अवसर!



-डॉ. माध्वी बोरसे!
रावतभाटा कोटा

इस अवसर को तू ना गवा,
समय बहे जैसे हवा,
कदर करे जब मिले अवसर,
जीवन में रह जाए ना कोई कसर!
विजेता हमेशा अवसर पहचाने,
पराजित ढूंढे अनेक बहाने,
हर दिन में एक नया अवसर मिले,
इस जिंदगी को मुस्कुराकर जी ले!
हर पल है दूसरा मौका,
ना कर स्वयं से धोखा,
ना जाने दे कीमती समय को हाथ से,
हां आजमाले, तुझ में भी कुछ बात है!
अब ना तू कभी ठहर,
मंजिल में आए तूफान या कहर,
पीछे धकेल, मुसीबत की लहर,
मंजिल को पाने का है यह सुनहरा अवसर!!

## प्यास



टी तारासिंह
हैदराबाद

पल भर भी ना मुस्कुराये
जीने के सब रास्ते हुए बंद
सबने सोचा कोई कुछ ना कर सके
रेत की दीवारें बनी ओर बह गई
पानी का सहारा था मगर प्यास ना बुझाये
दिल को टटोलते तो गम हाथ लगा
सब देखते रहे मगर अंजान बने रहे
हमारा हाल किस किस को बताये
ये जग बना बेजुबान बदहाल
ख्वाबो से प्यार किया आंख भरके
कुछ पल मुस्कुराये गम छुपाते रहे
दोस्ती की प्यार किया निभा ना सके
आंखो के सपने चूर चूर होते रहे
हवा के झोको से प्यार के नजरों से
करले वफ़ा जिंदगी में बहार आये
ओर दो चार दिन जी ले जरा खुशी से ॥

तैयार था...।
समंदर की गहराई में दूर कहीं छिपे
मोतियों को चुनने को तैयार था॥
लाहारों की गति पर हो सवार.
हवाओं से बाते करने को तैयार था।
बंद बोतल में बंद शराब सा..
किसी प्याले में छलकने को तैयार था।
किसी के होंठ लगा ले मुझे गले...
घूँट दर घूँट उतर जाने को तैयार था।
किसी के बालों में बिछे राहों के जाल
किसी राह में उलझ जाने को तैयार था.. .।
छोड़ कर गीले सिकवे अपनी जगह
अपनों के संग आगे बढ़ जाने को तैयार था।
भूल कर नफरतों.. और जिल्लतों को
सब में मोहब्बत बाँटने को तैयार था..।



डॉ. डी. डी.
देसाई

## स्वागत



हेमंत सुराना

रण युद्ध जीत के आया था,
इतिहास नया बनाया था
सप्रेम स्वागत का प्याला था,
छलक छलक कुछ कहता था
प्रियतम अपने हाथों से,
खुशियाँ परोसते पलकों से
साहस, बल, समर्थ्य शौर्य से,
कीर्तिमान बनाया था
फर्श फूलों से सजाया था,
मधुर गीतों से गुनगुनाया था
रुका नहीं बढ़ता गया,
औरों का हौसला बढ़ाता गया
स्वागत स्वागत हृदय भाव से,
धन्य धन्य नामी खास से
पधारे खास हमारे प्रांगण में,
पधारे खास हमारे प्रांगण में।

## त्यागें संकीर्णता...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

अल्लाह ईश्वर वाहिगुरू..
गॉड कहलाते हैं
सर्वे भवन्तु सुखिनः
मार्ग प्रशस्त करवाते हैं
चार दिन की जिंदगी फिर घनेरी रात बंधु
त्यागें संकीर्णता,वैचारिकता... सिखाते हैं
यह भी मेरा,वह भी मेरा,जो दिखे सब मेरा
संध्या हुई, अर्थी पर अकेले... रह जाते हैं
गर्त कुरेदो,अश्रुपूरित चंगेजखान.. हिटलर
माफ़ी आराधना,छींके से टँगे नज़र आते हैं
जिधर से गुजरें, सजे कबीर फरीद ..रसखान
मन चंगा कठौती में..., अध्धयन करवाते हैं
घोषित कर रखा,ब्रह्मांड..दीन ए इलाही
कालचक्र, मान्यवर माटी में दब जाते हैं
जग रचना सब झूठ है जान लियो रे मीत
करें चिंतन, अन्यथा मझधार में फस जाते हैं
अपने सपने तुम स्वयं चुनो और बुन लो
भवरों से किश्तियाँ बाहर निकाल लाते हैं
तुम विजय गर्जना के...,क्या करना लौरी से
विपरीत बहो, आंधियां पांव तले दबाते हैं
गरजू सर पे तेरा और अंतर में विश्वास
सशक्त कदम,हिमालय पर ..फहराते हैं

## आँखों के रास्ते



रेणुका अग्रवाल

आँखों के रास्ते से मेरे दिल में उतर जाओ
कुछ मैं भी संवर जाऊँ कुछ तुम भी सँवर जाओ।
कुछ काम करो ऐसा की याद करे सदियाँ
खुशबू की तरह सारे ज़माने में बिखर जाओ।
राँझा और हीर ऐसे ही मशहूर हुए जग में
जीने की तमन्ना है तो मोहब्बत में मर जाओ
दुनिया में हमेशा ही अलग रास्ता बनाओ
सबलोग जिधर जाते हैं तुम तो ना उधर जाओ
जब अपने आशियाँ को जाते हैं सब परिंदे
सूरज भी डूबता है अब आप भी घर जाओ।
उस बेवफा को रेणू देना जवाब ऐसे
कर लेना कोई वादा और उससे मुकर जाओ।

## संस्कारों से बनते उच्च विचार



गजानन पाण्डेय

जीवन में संयम
कार्यों में अनुशासन
संबंधों में प्रेम न हो
तो परिवार बिखर जाते हैं।
प्रेम, समर्पण व त्याग से
पति - पत्नी के रिश्ते बनते हैं ।
सदगुण - सदाचार व एकता से
समाज मजबूत बनता है ।
संस्कार से चरित्र बनता है
सत्य, शील व धर्म से
राजधर्म निभता है ।
युवाओं के परिश्रम से
उनकी नयी सोच से
राष्ट्र के प्रति प्रेम से देश आत्मनिर्भर बनता है ।

## पथ और पथिक



कुमुद बाला,
हैदराबाद

एक पथिक की निर्मल
आँखों को पथ का ही दर्शन होता है
लक्ष्य को ढूँढते सपनों में
नवयुग का आकर्षण होता है
सूर्य की चंचल किरणों
संग हवाएँ गुनगुनाती हैं
लुका - छिपी का खेल
खेलती रूककर दुलराती हैं
ऊँचे वृक्ष की शाखाएँ
गलबहियाँ मिल मुस्काती हैं
मधु कलरव की खिड़की से सन्नाटे को सहलाती हैं
हौले से दिल की धड़कन पर रागिनियों का कंपन होता है
लक्ष्य को ढूँढते सपनों में नवयुग का आकर्षण होता है
सीधी - लेटी सड़कें भी मन को अभिभूत करती हैं
घुमावदार राहें तन को छेड़ अभिमंत्रित करती हैं
यादों के गुल्लक की हर याद अठखेलियाँ करती हैं
खामोशी के सीने को अक्सर झकझोरती रहती हैं
हर लाल पलाश की आँखों मे स्वागत का दर्पण होता है
लक्ष्य को ढूँढते सपनों में नवयुग का आकर्षण होता है
अर्जुन का तीर मछली की आँख जब - जब बेधता है
हरएक मौसम की टहनी को आँखों से तोलता है
लक्ष्य के आटे की रोटी मेहनत पर मुस्कुराती है
उस मुस्कुराहट में ज़ज़्बे को हरपल लक्ष्य टटोलता है
चुनौती की गहराई में लक्ष्य के चावल का नर्तन होता है
लक्ष्य को ढूँढते सपनों में नवयुग का आकर्षण होता है
अनुभव- अनुभूति की नैया हिचकोले भी लेती है
भ्रम की परछाईं भी तनिक हिलती - डुलती रहती है
पथरीली राहों का घर्षण मन उद्वेलित करता है
पर झरने की कलकल हृदय को आलोकित करती है
सुवर्ण दृश्य की डोली पे सुगंध का विस्मित आवरण होता है
लक्ष्य को ढूँढते सपनों में नवयुग का आकर्षण होता है।।

## नारी



डॉ टी महादेव राव

भ्रूण से ही तुम पर टंग जाती है पुरुष प्रधान समाजी तलवार
माँ बहन पत्नी और पुत्री से घिरे हम
भूल जाते हैं ममता, स्नेह, वात्सल्य और प्रेम
केवल याद रखते हैं खोखले दंभ से लिपटे तथाकथित प्रतिष्ठा को
कर जाते हैं अपने ही करतूतों से प्रकृति का अपमान
आदम हव्वा के अनुपात को असंतुलित
देखते है स्त्री को केवल एक भोग्या के रूप में
बाज़ार में खड़ी एक जिन्स एक वस्तु के रूप में
नारी उत्थान का भरते हैं दम
लेकिन भीतर छिपा होता है भेड़िया इस ताक में
कि कब मौका मिले और बस शिकार करूँ
इस दोगले आदर्शवाद का क्या होगा
इस तथाकथित महानता को त्यागना होगा
प्रकृति से प्रदत्त जल, आकाश, भूमि,
अग्नि और वायु का तो कर ही रहे हैं कबाड़ा
धरित्री सी, प्रकृति जैसी नारी के साथ भी
हम यूंही करेंगे ज्यादती
अगली पीढ़ी कहाँ जाएगी, क्या करेगी
होगी भी या नहीं जब जन्मदात्री नारी ही नही रहेगी
ना बहन होगी ना पत्नी और ना बेटी
ऐसे परिवार की कल्पना कितनी भयावह होगी.
पहुँच रहे हैं हम फिर आदिम युग में
जहां केवल पेट की आग और जिस्म की भूख सब कुछ था
जिस सभ्यता, संस्कार का हम
थकते नहीं भरते हुये कोरा दम
बच्ची हो, किशोरी हो, युवती हो, प्रौढ़ा हो या वृद्धा
केवल रह जाती है हम पुरुषों की नज़रों में भोग्या
कामवासना की परिणति का अंतिम शब्द राक्षसी बलात्कार है
फिर सारे राक्षस लौट आते हैं हम सभ्यों की आत्मा में
द्रौपदी के साथ दुश्शासन, सैरंध्री के साथ कीचक
सीता के साथ रावण
सिर्फ नाम बदलकर अनेकों रूपों में हमारे मस्तिष्क में बस गए हैं
हमने कृष्ण, भीम, राम को तो भुला दिया
केवल रखा याद दुष्ट और निकृष्ट चरित्रों को
हम भूल रहे हैं ये चरित्र क्षणभंगुर थे, मिटा दिये गए
सुसंस्कृतों के ग्रन्थों से अस्तित्वहीन कर दिये गए
नारी का सम्मान सदियों से अपनी नीति है
नारी है तो संसार है, वात्सल्य है और प्रीति है
क्षणिक आवेगों से राक्षस बननेवालों
जीवन में सिर्फ शरीर ही नहीं मन है, मानव मानसिकता है
और है संसार का एक सही संतुलन
जिसे हम कहते हैं सभ्यता और संस्कार
मानव हैं मानवता के साथ जिएं।।

## प्यारा नेता हमारा



संजीव ठाकुर,
रायपुर

कल्लू जेबकतरा कल का आवारा,
अखबार में वही आज का सितारा॥
सियासत जो न कराए,वो कम है,
ऐरा गैरा हुक्मरान बन रहा हमारा,
ऐसा भी समय आने वाला है मित्रो,
मंत्रिमंडल लेगा कैदियों का सहारा।।
अंधेर नगरी होगी और चौपट राजा,
कहीं का रोड़ा,कहीं की ईंट, कहीं का गारा,
पप्पू पीटता लाठी से प्रधान मंत्री को,
चेले पीटते ताली, देख अनोखा नजारा।।
न लज्जा, न शर्म, माहौल गर्म है,
असमंजस में है मतदाता बेचारा।।
अपनी डफली अपना राग है यारों,
जार जार रोता यहां लोकतंत्र बेचारा।।
मोहल्ले में मिले कोई शोहदा,आवारा,
वही है सियासत का अगला सितारा,
कल्लू कल्लन की है बुलंद किस्मत,
वही होगा भविष्य का प्यारा नेता हमारा।

## तुम्हारी याद



लवली आनंद,
बिहार

कभी कभी तुम्हारी याद बहुत आती है
तुम्हारी यादो के साथ- साथ
बिन बादल बरसात भी बहुत होती है
जब तुम याद आते हो न मुझ में मैं नही होती
बस एक असहाय कठपुतली होती हूँ
ये कैसा मेल मिलाया रब ने
ये कैसा खेल खेला इस जग ने
रीत बना कर लूटा इस जग ने ,
रस्मों के नाम पे बस छला इस जग ने
अब तुम नही बस तुम्हारी याद ही आती है
जब तुम्हारी याद आती है न
ये बरसात भी मुझ से रूठ जाती है
पर आखो से अश्क गिरने को ही
आतुर होती है और गिरते ही जाती है
मुझमे बची कुछ चंद साँसों को अब तेरी बस खुश्बू ही आती है
बीते लम्हो की वो सारी बाते अब मेरी कविता तक ही रह जाती है
पर वो बीते लम्हे तुम्हें आज भी आवाज दे मेरे पास बुलाती है।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# बहू से घरेलू काम करवाना क्रूरता नहीं

## हाईकोर्ट ने कहा- लड़कियों को घर का काम नहीं करना, तो शादी से पहले बताएं

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के भाग्यनगर थाने में एक महिला ने एक शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में पति और ससुराल वालों पर तीन बड़े आरोप लगाए...

1. शादी के एक महीने बाद ही पति और उसके परिवार वाले महिला के साथ नौकरों जैसा व्यवहार करने लगे।
2. पति और सुसराल वालों ने चार चक्का गाड़ी खरीदने के लिए महिला के पिता से 4 लाख रुपए की मांग की। इतना पैसा देने में असमर्थता जताने पर महिला को प्रताड़ित करने लगे।
3. एक दिन बेटे के जन्म के लिए ससुराल वाले उसे डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने कहा कि गर्भ की अवधि पूरी नहीं हुई है। इसके बाद सास और ननद ने उसके साथ मारपीट की।

महिला की शिकायत के बाद भाग्यनगर थाने में आईपीसी की 4 धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

आईपीसी की धारा 498 एः जब पति या ससुराल वाले पत्नी के साथ क्रूरता करते हैं। दोषी साबित होने पर आर्थिक जुर्माने के साथ 3 साल की सजा का प्रावधान।

आईपीसी की धारा 323ः जब साजिश के तहत जानबूझकर चोट पहुंचाई जाती है। दोषी साबित होने पर एक साल की जेल के साथ 1,000 रुपए तक का जुर्माना।

आईपीसी की धारा 504ः जानबूझकर अपमान करना। दोषी को 2 साल तक की जेल और आर्थिक जुर्माना।

आईपीसीकी धारा 506ः आपराधिक धमकी। दोषी को 2 साल की जेल और आर्थिक दंड।

मामला बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ में जस्टिस विभा कंकनवाडी और जस्टिस राजेश पाटिल के सामने पहुंचा। पति और ससुराल वालों की पैरवी वकील सागर भिंगारे ने की। जिरह के दौरान ससुराल पक्ष की दलीलें...

इससे पहले भी महिला की एक शादी हो चुकी है। महिला ने पूर्व पति और उसके परिवार वालों के खिलाफ भी कई शिकायतें दर्ज कराई थीं। इन सभी आरोपों से या तो महिला के पूर्व पति को बरी कर दिया गया था या फिर खुद ही महिला ने शिकायतों को वापस ले लिया था।



बहू से घर का काम करवाना प्रताड़ना नहीं, काम नहीं करना तो शादी से पहले बोलना था – बंबई हाईकोर्ट

वकील भिंगारे ने कहा कि इन सभी मामलों को देखने के बाद पता चलता है कि महिला को इस तरह के आरोप लगाने की आदत है। 12 दिसंबर, 2019 को महिला की शादी हुई थी और 9 सितंबर 2020 को उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। यह विश्वास करना मुश्किल है कि शादी के 5-6 महीने बाद के भीतर ही इस तरह की घटना घटे। वकील ने कहा कि शादी के 2 महीने बाद ही 28 फरवरी 2020 को महिला के पति ने 17 लाख में एक फोर व्हीलर गाड़ी खरीदी थी। इस वक्त उसने किसी तरह के रकम की मांग पत्नी के पिता से नहीं की थी। ऐसे में गाड़ी खरीदने के 7 महीने बाद फिर से नई गाड़ी खरीदने के लिए 4 लाख रुपए की मांग करने का सवाल ही नहीं उठता है। इस तरह पति के वकील ने इस केस को खारिज करने की मांग की। वहीं, पत्नी के वकील ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और सबूत कोर्ट के सामने हैं, ऐसे में इस मामले को खारिज नहीं किया जा सकता है।

इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला

हाईकोर्ट ने इस मामले में महिला के आरोपों को खारिज कर दिया। 10 पेज के फैसले में हाईकोर्ट ने ये अहम ऑब्जर्वेशन दिए...।

केस की कॉपी में लिखा है कि शादी के एक महीने बाद महिला से नौकरानी जैसा व्यवहार किया गया, लेकिन ये आरोप वेग या अस्पष्ट है। महिला ने कथित तौर पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, लेकिन सिर्फ ये 2 शब्द आईपीसी की धारा 498A के तहत दोषी साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। जब कि मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने वाले कृत्यों का साफ और स्पष्ट जिक्र न हो। केस की कॉपी में कहीं भी महिला के गर्भवती होने की बात नहीं लिखी गई है और न ही गर्भवती होने से जुड़े कोई सबूत मिले हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि महिला ससुराल छोड़कर आखिर अपने पति के घर क्यों गई? पति से प्रताड़ित किए जाने के 2 महीने बाद महिला ने क्यों केस दर्ज कराया, इस बात का भी केस की कॉपी में जिक्र नहीं है। अगर एक शादीशुदा महिला को परिवार के लिए घरेलू काम करने के लिए कहा जाता है तो उसकी तुलना नौकर से नहीं की जा सकती है। अगर महिला घर के काम नहीं करना चाहती तो उसे ये बात शादी से पहले ही बता देनी चाहिए, जिससे होने वाले पति-पत्नी शादी के बारे में दोबारा सोच सकें।

हाईकोर्ट की इस टिप्पणी के मायने समझने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट विराग गुप्ता का कहना है कि भारत में घरेलू काम-काज की जिम्मेदारी को लेकर ठोस कानूनी प्रावधान नहीं हैं। संविधान और कानून की नजर में महिला और पुरुष दोनों समान हैं। ऐसे में यह कानूनी तौर पर तय करना कि पत्नी या पति ही घरेलू काम करेगा सही नहीं है। विराग कहते हैं कि कई बार विषय से मामला भटकने की वजह से विवाद होते हैं। इस तरह की बातों को आदेश में शामिल करने की कोई जरूरत नहीं है। मामले से बाहर निकलकर इस तरह की बातें और बयान कानून के दायरे में नहीं आते हैं। फैसलों में की गई बेवजह की टिप्पणी से विवाद होते हैं और इससे जजों के साथ न्यायिक व्यवस्था की प्रतिष्ठा कमजोर होती है। कोर्ट में मुकदमे दो तरह के होते हैं- सिविल और क्रिमिनल। हाईकोर्ट की ये टिप्पणी क्रिमिनल मामले में है, जबकि शादी और तलाक एक सिविल मामला है। लड़की ने चार धाराओं के तहत केस दर्ज कराया था, जिनमें से 498 ए प्रमुख थी। इसके तहत मामला चलाने के लिए सेक्सुअल एब्यूज, शारीरिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना जैसी क्रूरता को शामिल किया गया है। जज के फैसले के अनुसार महिला के लगाए गए आरोप में क्रूरता कब और कैसे की गई ये स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कोर्ट के इस फैसले और कमेंट को क्रिमिनल मामले से जोड़कर देखने की जरूरत है। पति या पत्नी के अधिकारों और जिम्मेदारियों का मसला सिविल कानून से जुड़ा है, जिन पर इस फैसले का कोई असर नहीं होगा।

जब 2020 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा घरेलू महिलाओं के काम-काज का मामला। ओईसीडी रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय महिलाएं हर दिन 352 मिनट घरेलू काम करती हैं। इस हिसाब से वे आदमियों से 577% ज्यादा काम करती हैं। वहीं, पुरुष दिन में सिर्फ 52 मिनिट घरेलू काम करते हैं। साउथ अफ्रीका और चीन की तुलना में भारतीय महिलाएं 40% ज्यादा घरेलू काम करती हैं। दिसंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक मामला पहुंचा। 33 साल की एक महिला की दुर्घटना में मौत हो गई थी। बीमा कंपनी ने मरने वाली महिला को होममेकर बताते हुए उसकी जिंदगी की कीमत काफी कम आंकी थी। इसके बाद महिला के परिवार वाले जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो कोर्ट ने कहा, 'घरेलू काम करने वाली महिलाओं के काम का महत्व किसी भी तरह से उनके पति के काम से कम नहीं है।' इसके अलावा एक अन्य केस में सुप्रीम कोर्ट ने 34 से 59 साल के बीच की महिला की मौत पर बीमा कंपनियों को 9,000 रुपए प्रति महीने के हिसाब से मुआवजा देने की बात कही थी। क्या कभी आपने सोचा है कि महिलाएं घरेलू काम करना बंद कर दें तो क्या होगा? आइए चलते-चलते इस सवाल का जवाब भी जान लेते हैं।

क्या होगा अगर महिलाएं घरेलू काम करना बंद कर दें?

जो काम घर की महिलाएं कर रही हैं, वह कई देशों में सरकार के हिस्से का काम है, क्योंकि कई देशों में एक नागरिक की देखभाल की जिम्मेदारी राष्ट्र की होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि महिलाएं अगर फ्री में काम करना बंद कर दें तो क्या होगा? असंगठित क्षेत्र एवं श्रम मामले की रिसर्चर और जेएनयू की प्रोफेसर अर्चना प्रसाद के मुताबिक महिलाएं घर के काम बंद कर दें तो आर्थिक सिस्टम ही पूरी तरह ठप हो जाएगा। उनका कहना है कि महिला का अनपेड वर्क ही तो सिस्टम को सब्सिडाइज करता है। अगर घर के काम और केयर से जुड़े काम का खर्च सरकार या कंपनियों को वहन करना होगा तो श्रम की मूल्य काफी बढ़ जाएगा।

# क्या ब्रिटेन की दुर्दशा सुधार पाएंगे ऋषि सुनक?

ब्रिटेन ने वही किया ,जो उसे करना चाहिए था। उसके पास कोई विकल्प भी नहीं था। ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री जैसा पद सौंपते हुए कंज़र्वेटिव पार्टी के परंपरागत समर्थक वर्ग में एक झिझक भी थी। जिस मुल्क़ को उन्होंने सदियों तक लूटा-खसोटा ,अब वहां का एक प्रतिभाशाली नौजवान उनके देश की दुर्दशा को सुधारने के लिए प्राण प्रण से संकल्प लेकर जुट गया है, लेकिन क्या इस नौजवान और उत्साही राजनेता का सियासी सफ़र बहुत आसान है? शायद नहीं। ब्रिटेन की मौजूदा मुसीबतें उसके अपने तंत्र और नाक़ाबिल नेताओं की देन हैं, इसलिए कोई जादू की छड़ी घुमा देगा और वे समाप्त हो जाएंगीं, यह समझना भी नासमझी होगी।



ऋषि सुनक के लिए आगे चुनौतियों का अम्बार है। सबसे पहले तो उन्हें अपने आप से लड़ाई जीतनी है। वित्तमंत्री के रूप में तो वे अपने आप को कोविड काल में प्रमाणित कर चुके हैं और इसी पहचान के कारण पार्टी में उन्हें बहुमत का समर्थन मिला है। इस आधार पर उनकी चुनौती का आकार और विकराल हो जाता है, क्योंकि वे भारतीय हैं। विकट और विषम आर्थिक मोर्चे पर जूझ रहे देश को अगर उन्होंने उबार लिया तो वे एक महानायक के रूप में उभरेंगे और दशकों तक याद किए जाएंगे, लेकिन यदि वे नाकाम रहे तो भारतीयों के बारे में गोरों की धारणा स्थाई तौर पर बदल जाएगी। इसलिए ऋषि के लिए अपने आप से यह जंग जीतनी ज़रूरी है, इसके लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

दरअसल ब्रिटेन पहली बार अत्यंत ग़रीबी का सामना कर रहा है। वित्तीय बाज़ार ताज़ा दौर में उसके खिलाफ खड़ा नज़र आता है। सितंबर में जब ऋषि को पराजित कर लिज़ ट्रस ने प्रधानमंत्री पद संभाला था तो ब्रिटेन के लोग उनसे बड़ी आस लगाए बैठे थे। इसके चंद रोज बाद ही उनकी सरकार ने मिनी बजट का ऐलान किया। इसमें 45 अरब की टैक्स कटौती की बात कही गई थी। इससे समूचे बाज़ार में अस्थिरता और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

डॉलर के मुकाबले पौंड अपने न्यूनतम स्तर पर जा पहुंचा। सरकार बैक फुट पर आ गई और उसने आयकर की ऊंची दरों वाला फैसला पलट दिया। लिज़ ट्रस पहले महीने में ही विवादों से घिर गई, तब उन्होंने अपने वित्तीय निर्णयों में साझीदार चांसलर क्वारटेज को बर्ख़ास्त कर दिया और जेरेमी हंट को नया वित्तमंत्री बनाया।

सरकार के आए दिन बदलते रंग से गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन तंग आ गईं, उन्होंने भी पद छोड़ दिया। घबराई लिज़ ट्रस ने भी अंततः बीस अक्टूबर को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने मान लिया कि पार्टी ने उन्हें जो मेंडेट दिया था, उस पर वे खरी नहीं उतरी। लेकिन आज के ब्रिटेन की तस्वीर वास्तव में कैसी है? वह एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है, जिसमें मंहगाई चरम पर है। बिजली का बिल,महीने का किराना ,दूध ,फल और सब्जियां और घरों का किराया जुटाना दूभर हो रहा है। विडंबना तो यह है कि अब अलग होने वाले दंपति भी तलाक़ नहीं ले पा रहे हैं। वजह यह है कि वे अलग घर का खर्च नहीं उठा सकते। एक औसत सामान्य से घर की कीमत ढाई करोड़ रुपये से अधिक है। साल डेढ़ साल पहले यह सिर्फ़ 35 लाख रुपये थी। मकानों के किराए भी लगभग दो गुने हो गए हैं। बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। लोगों के पास किश्त भरने के लिए पैसा नहीं है। ऐसे में तलाक़ चाहने वाले एक घर में एक ही छत के नीचे बिना आपस में बात किए दिन काट रहे हैं। ब्रिटेन के सरकारी आँकड़े कहते हैं कि इन दिनों तलाक़ के मामले तो घटे हैं पर आपसी संबंधों में तनाव और अवसाद बढ़ रहा है। स्थानीय आवागमन की सेवाएं लड़खड़ा गई हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुविधाएं लचर हो रही हैं। कोविड के बाद से इस देश में शिक्षा का स्तर मुख्य धारा में नहीं लौटा है। बुजुर्ग और विकलांग अपनी सुविधाओं में गिरावट देख रहे हैं। ईंधन आपूर्ति विकट है, सरकार का ख़ज़ाना खाली है। ब्रेक्जिट के बाद यूरोपीय संघ से रिश्ते सामान्य नहीं हुए हैं और रूस-यूक्रेन जंग में निरंतर यूक्रेन को समर्थन के कारण ब्रिटेन की अंदरूनी सेहत खराब है।

ब्रिटेन में एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो यह मानता है कि रूस यूक्रेन के बीच युद्ध में ब्रिटेन को तटस्थ रहना चाहिए, पर वह अरसे से अमेरिका का पिछलग्गू बना हुआ है। इस बारे में क्रांतिकारी कदम उठाने की जरूरत है।

बतौर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की चुनौतियां

तो इन स्थितियों में कोई भी प्रधानमंत्री क्या करेगा? इसका जवाब ऋषि सुनक की वह छवि है, जो उन्होंने बोरिस जॉनसन मंत्रिमंडल में बतौर वित्तमंत्री कमाई थी। वे घनघोर कोरोना काल में एकदम मौलिक इकोनॉमिक बेल आउट एक्शन प्लान लेकर आए थे। मध्यवर्ग को इससे बड़ी राहत मिली थी। इन्हीं दिनों उन्होंने होटल उद्योग को पंद्रह हज़ार करोड़ पौंड से भी अधिक की सहायता दी। अगस्त 2021 में उन्होंने कर्मचारियों तथा अपना रोज़गार कर रहे नागरिकों को दो लाख रुपये प्रति व्यक्ति की सहायता दी। इसके बाद कोरोना के दौरान चौपट हो गए पर्यटन उद्योग को भी 10 हज़ार करोड़ पौंड की मदद दी।

कभी होटल में वेटर और दवाओं के डिलीवरी बॉय का काम कर चुके ऋषि सुनक को मध्यम वर्ग की तकलीफें विचलित करती हैं, इसलिए जब उन्हें बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल में काम करने का उन्मुक्त अवसर नहीं मिला तो उन्होंने मुक्त होना ही बेहतर समझा था। उनका भारतीय अमीर ससुराल भी उन्हें आम आदमी से दूर नहीं कर सकी और शायद यही वह भरोसा है ,जिसके दम पर ऋषि सुनक गोरों को मुश्किलों से बाहर निकालने का काम कर सकते हैं। वैसे तो यह अनुमान लगाना तनिक जल्दबाज़ी होगी कि ऋषि की चुनौतियों को सुलझाने में हिन्दुस्तान किस तरह सहायता कर सकता है ,पर यह तो निश्चित है कि भारत ने वर्तमान में चीन के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद कारोबारी खिड़की खोल कर रखी है। जितना व्यापार विनिमय इस शातिर और धूर्त पड़ोसी के साथ हो रहा है ,उसका आधा भी ब्रिटेन के साथ हो तो उसके लिए प्राणवायु साबित होगा। शायद इसीलिए दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अब गंभीर शक्ल ले चुका है। इस समझौते की चर्चा तो बोरिस जॉनसन के कार्यकाल से ही चल रही है। पर, उम्मीद कर सकते हैं कि ऋषि सुनक के कार्यकाल में यह परवान चढ़ेगा। कंप्यूटर टेक्नोलॉजी ,काँच ,लोहा ,स्वास्थ्य ,शिक्षा ,पर्यटन, रक्षा उपकरण और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में बात बढ़ेगी तो दूर तलक जाएगी।

# कहीं युवा तो कहीं अनुभव का जोर

कहा जाता है कि दुनिया बदलनी हो, तो नौजवानों पर भरोसा करना चाहिए और नौजवान अगर बुजुर्गों के अनुभव को अपने साथ जोड़ लें, तो फिर बेहतरी का रास्ता निश्चित हो जाता है, लेकिन ये दोनों ही शर्तें पूरी होना आसान नहीं है। अव्वल तो समाज में युवाओं पर भरोसा करना और उन्हें नेतृत्व का मौका देना और जब युवाओं को नेतृत्व मिल जाए, तो बुजुर्गों को भी अपने साथ जोड़कर रखना आसान नहीं है। वैसे यह हिन्दुस्तानी समाज की ताकत और सच्चाई भी रही है, जब संयुक्त परिवारों में एक साथ तीन-तीन पीढ़ियां चला करती थीं, तब उनकी ताकत उनके व्यापार, उद्योग-धंधों और परिवारों को भी आगे ले जाने में मददगार होती थी। इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाएं हुई हैं, उधर, ब्रिटेन में 42 साल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री चुने गए, तो इधर, भारत में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के 137 साल के इतिहास में मल्लिकार्जुन खड़गे छठे निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए। 80 साल के खड़गे ने चुने जाने के बाद सबसे पहले कांग्रेस में जवां खून को शामिल करने का ऐलान किया और कहा कि पचास फीसदी हिस्सेदारी युवाओं की रहेगी। आलोचक कह सकते हैं कि 80 साल के बुजुर्ग खड़गे कांग्रेस में क्या नया जोश भर पाएंगे, लेकिन यह भी सच है कि पचास फीसदी युवाओं को अगर जगह मिली, तो यह बदलाव कांग्रेस पार्टी और राजनीति के लिए बेहतर साबित हो सकता है। सवाल तो यह भी किया जा सकता है कि जब राहुल गांधी साल 2004 में सांसद बनकर राजनीति में सक्रिय हुए थे, लेकिन उन्होंने पार्टी को चुनावी राजनीति के तौर पर तो निराश ही किया और उनके कार्यकाल में पार्टी लोकसभा और विधानसभाओं के करीब पचास चुनावों में से चालीस हार गई। उनके पिता राजीव गांधी के जमाने में 415 सांसदों वाली पार्टी का आंकड़ा 54 तक पहुंच गया। राजीव गांधी भी करीब इसी उम्र में प्रधानमंत्री बन गए थे, मगर राहुल गांधी के समर्थकों की इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता कि उन्होंने हिन्दुस्तान में एक नई तरह की राजनीति की शुरुआत की। कांग्रेस की युवा इकाइयों - युवा कांग्रेस और एनएसयूआई में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संगठन चुनाव राहुल गांधी ने ही करवाए और आज 25 साल बाद कांग्रेस में गैर-गांधी परिवार का अध्यक्ष बना है, तो उसका एक बड़ा कारण राहुल गांधी की जिद ही है, जिन्होंने तय किया कि न तो वह खुद दोबारा अध्यक्ष बनेंगे और न ही गांधी परिवार के किसी सदस्य को अध्यक्ष बनने देंगे। दुनिया के युवा देशों में से एक हिन्दुस्तान की कुल आबादी में पचास फीसदी 25 साल से कम उम्र वाले हैं और 35 साल से कम उम्र वाले करीब 65 फीसदी हैं। साल 2020 में एक भारतीय की औसत उम्र 29 साल थी, जबकि चीन में यह 37 साल और जापान में 48 साल। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में करीब 8 करोड़ बीस लाख वोटर ऐसे थे, जिन्होंने पहली बार वोट के अधिकार का इस्तेमाल किया था और शायद इसी का नतीजा रहा कि मौजूदा लोकसभा में 64 सांसदों की उम्र 40 साल से कम है और 41 से 55 साल के उम्र के 221 सांसद चुने गए यानी हिन्दुस्तान के वोटर ने अपने नौजवान नेताओं पर भी उतना ही भरोसा जताया, जितना अनुभवी नेताओं पर। इसका असर केंद्र सरकार और मौजूदा भारतीय राजनीति पर भी साफ-साफ दिखाई देता है, जहां मोदी सरकार में युवा और अनुभवी, दोनों का बेहतर योग है।

अनुभवी प्रधानमंत्री मोदी 70 साल के हैं, तो उनकी सरकार में 14 मंत्रियों की उम्र 50 साल से कम है। कुल 36 मंत्री 60 साल से कम उम्र के हैं। सरकार में शामिल कूच बिहार के नीतीश प्रामाणिक तो सिर्फ 35 साल के हैं। मौटे तौर पर मोदी और भाजपा ने 75 साल की उम्र सीमा सक्रिय राजनीति के लिए तय कर दी है, जिसकी वजह से कई मंत्रियों को सरकार से बाहर होना पड़ा है।

बात सिर्फ केंद्र की राजनीति की ही नहीं है। कई राज्यों में सरकार की बागडोर युवा चेहरों के हाथ में है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 50 साल के तो पंजाब सूबे की जिम्मेदारी संभालने वाले भगवंत मान 48 साल के हैं। अरविंद केजरीवाल जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उनकी उम्र 45 साल थी। अखिलेश यादव 2009 में सिर्फ 38 की उम्र में मुख्यमंत्री बन गए थे।

देश में सबसे कम उम्र का मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड तो 1967 में ही पुडुचेरी में एम ओ एच फारुक ने तोड़ दिया था, जब उन्होंने 29 साल की उम्र में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। झारखंड में जब शिबू सोरेन ने अपने बेटे हेमंत सोरेन को 2013 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी, तब हेमंत सोरेन की उम्र 28 साल थी।

# एलन मस्क अपनी 'चिड़िया' को देंगे कितनी आजादी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को बेचने-खरीदने की कवायद लगभग छह महीने से चल रही थी, आखिरकार प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क को अपने इस अभियान में कामयाबी मिली है। उन्होंने ट्वीट किया है, 'द बर्ड इज फ्रीड'। मतलब ट्विटर की चिड़िया आजाद की जाती है। उन्होंने ऐसा क्यों कहा? वास्तव में, एक अलग सोच के तहत ट्विटर चलता दिखता था। माना जाता था कि उसका एजेंडा वाममार्गी या लेफ्टिस्ट है और कंजर्वेटिव विचारों को आगे आने की मंजूरी नहीं दी जाएगी। मस्क का इशारा इसी ओर है। अब तक जिस सोच में ट्विटर जकड़ा हुआ था, उस सोच से उसे बाहर लाया जाएगा। कोई दोराय नहीं, सबको अपने विचार सामने रखने का हक है, अब शायद यह काम ट्विटर पर बेहतर ढंग से हो। इसमें मस्क कितने सफल होंगे, कहना मुश्किल है।



बहरहाल, ट्विटर की सौदेबाजी में औपचारिकताएं इतनी ज्यादा थीं कि सौदे में समय लग गया। सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि एलन मस्क ट्विटर के बारे में बहुत कुछ या सब कुछ जानना चाह रहे थे। उन्होंने साफ कर दिया था कि जब तक उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिलेगी, वह सौदे के लिए आगे नहीं बढ़ेंगे। वह जानना चाहते थे, ट्विटर पर कितने अकाउंट हैं, कितने असली हैं, कितने नकली? ट्विटर प्रबंधन ये जानकारियां मुहैया कराने में आनाकानी कर रहा था। यह बात पहले ही साफ हो गई थी, ट्विटर का प्रबंधन मस्क के पक्ष में नहीं है। दूसरी ओर, ट्विटर के निवेशक अपना हिस्सा बेचने को तैयार थे, क्योंकि उन्हें इसके लिए बहुत अच्छे पैसे मिल रहे थे। मस्क यह बोलते हुए पीछे हट गए थे कि जब तक पूरी पारदर्शिता नहीं होगी, वह पैसा नहीं लगाएंगे। कुछ निवेशक अदालत चले गए कि मस्क सौदा करने में वक्त लगा रहे हैं। कोर्ट ने भी मस्क से कहा था, आप साफ हां या न कहिए। अंततः सौदे की तारीख 28 अक्तूबर तय हो गई थी। अंततः निवेशकों की ओर से ऐसा दबाव पड़ा कि ट्विटर प्रबंधन को झुकना पड़ा। मस्क को संतुष्ट किया गया, तब सौदा मुकम्मल हुआ।

अब ट्विटर में बदलाव तय है। मस्क ने पहले ही बड़े बदलाव के पक्ष में बयान दिए थे। तय था, मस्क निवेशक के रूप में नहीं, संचालक के रूप में इसे अपने कब्जे में लेंगे। ऐसे में, अब ट्विटर के मुख्य कार्यकारी पराग अग्रवाल सहित अनेक अफसरों को जाना पड़ा है। कंपनी की लीगल हेड विजया गड्डे को भी बाहर कर दिया गया है, वाम विचारों वाली गड्डे ने ही डोनाल्ड ट्रंप को हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया था। अब ट्विटर के प्रबंधन में मस्क के ही लोग बैठेंगे। एक बात यह सामने आ रही है, जिन लोगों को राजनीतिक कारणों से ट्विटर पर प्रतिबंधित कर दिया गया था, उनकी वापसी होगी। ट्विटर पर यही सबसे बड़ा आरोप था कि उसका प्रबंधन सारे फैसले खुद करता है।

जिसको चाहा प्रतिबंधित किया, न पूछताछ न सुनवाई का मौका। ट्विटर की कोई पारदर्शिता या जवाबदेही नहीं थी। एलन मस्क अब कैसे अनुशासन लाएंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। कहा जा रहा है कि अब हर यूजर का सत्यापन किया जाएगा।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी रविवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा संपन्न हो गयी। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए अधिकांश व्रतियों ने घर में ही भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ ईख नारियलकला रखकर डूबते हुए सूर्य अर्घ्य दान किया।**



चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन चैत्र शुक्ल षष्ठी यानी रविवार की संध्या पहर में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की पूजा संपन्न हो गयी। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए अधिकांश व्रतियों ने घर में ही भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल,कला रखकर डूबते हुए सूर्य अर्घ्य दान किया। अर्घ्यदान को ले व्रतियों ने अपने घर में ही छठ घाट बनाया था। हालांकि ग्रामीण अंचलों में कुछ जगहों पर पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान वे लोग आपस में शारीरिक दूरी बनाएं हुए थे। व्रती व उनके स्वजन अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किए।

अब सोमवार की सुबह व्रती उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो जायेगा और वे पारण करेंगे। साल में छह महीने के अंतराल पर कार्तिक व चैत मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर होने वाले छठ पर्व का सामाजिक व धार्मिक 2ष्टि से काफी महत्व है। भविष्य पुराण के अनुसार छठ पर्व लौकिक व परलौकिक दोनों ही जीवन को सुख देने वाला है। कहते हैं कि इस पर्व से मृत्यु के बाद भी सूर्य लोक में स्थान प्राप्त होता है और वहां जीवात्मा को सुख की प्राप्ति होती है। कृषि से जुड़ा है लोक आस्था का महापर्व छठ

लोक आस्था का पर्व छठ कृषि से जुड़ा है। कार्तिक व चैत मास में यह पर्व तब मनाया जाता है जब नई फसलें कट कर किसानों के घर आ जाती है। अनाज से घर भरने को किसान सूर्य देव की कृपा मानते हैं। अन्न-धन से जब घर भर जाते हैं तो किसान परिवार सूर्य भगवान व उनकी बहन छठी मैया का आभार प्रकट करने को छठ पर्व मनाते हैं। छठी मैया ब्रह्मा की मानस पुत्री और षष्ठी तिथि की स्वामिनी हैं। भगवान सूर्य की बहन होने के नाते षष्ठी तिथि को छठी मैया के साथ सूर्य देव की भी पूजा-अर्चना की जाती है। मर्यादापुरुषोत्म श्रीराम व पांडवों ने भी किया था षष्ठी व्रत। ऐसी मान्यता है कि मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम भी छठ का व्रत रखा करते थे। सूर्य देव उनके कुल देवता थे। श्रीराम शुक्ल षष्ठी तिथि को माता सीता के साथ अस्त होते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर यह व्रत किया करते थे। वहीं पांडवों ने भी इंद्रप्रस्थ में द्रोपदी के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर षष्ठी व्रत किया था। सतयुग में ही आरंभ हो चुका था छठ पर्व

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार छठ पर्व का आरंभ सतयुग में हो चुका था। उस समय पृथ्वी पर स्वयंभू मनु के पुत्र प्रियव्रत का राज था। लंबे इंतजार के बाद उनके घर संतान का जन्म हुआ। लेकिन देवयोग से वह संतान मृत पैदा हुई थी। प्रियव्रत दुखी मन से उस संतान का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। तभी दिव्य आभा के साथ षष्ठी देवी का प्रकाट्य हुआ। उन्होंने प्रियव्रत के संतान को नवजीवन प्रदान किया और साथ ही छठ व्रत करने को कहा। फिर राजा ने अपनी प्रजा के साथ सूर्य षष्ठी व्रत को किया।

# छठ महापर्व मनाने की शुरुआत कैसे हुई



28 अक्टूबर से महापर्व छठ की शुरुआत हो चुकी है। छठ का व्रत अत्याधिक कठिन माना जाता है। इसमें स्वच्छता और पवित्रता का खास ख्याल रखा जाता है। छठ पूजा प्रकृति को समर्पित पर्व कहा जाता है। पूजा सामग्री में भी फल, सब्जियां और प्राकृतिक चीजों रखा जाता है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से भगवान सूर्य समेत छठी मईया का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। इतना ही नहीं छठ में मन की हर इच्छा भी पूर्ण होती है। तो आइए आज जानते हैं इस महापर्व को मनाने के पीछे का पौराणिक इतिहास। आखिर कब और किसने सबसे छठ का व्रत रखा था।

**1. पहली कथा**

पौराणिक कथाओं के मुताबिक, छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल से हुई थी। सूर्य पुत्र कर्ण भगवान भास्कर के परम भक्त थे, वे हर दिन जल में खड़े होकर उन्हें अर्घ्य देते थे। कर्ण प्रतिदिन पानी में घंटों तक खड़े रहते थे। कहते हैं तब से ही छठ मनाने की परंपरा शुरू हुई। भगवान सूर्य देव की कृपा से कर्ण एक महान योद्धा बन पाए थे।

**2. दूसरी कथा**

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, जब पांचों पांडव कौरवों से जुए में अपना सारा राज-पाठ हार गए थे तब द्रौपदी ने छठ व्रत किया था। छठी मईया और सूर्यदेव के आशीर्वाद से पांडवों को अपना राजपाठ वापस मिल गया था। छठ व्रत करने से परिवार में खुशहाली और संपन्नता बनी रहती है।

**3. तीसरी कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, राजा प्रियंवद को कोई संतान नहीं थी तब महर्षि कश्यप ने पुत्रेष्टि यज्ञ कराया। राजा ने रानी मालिनी को यज्ञ आहुति के लिए बनाई गई खीर दी। इसके प्रभाव से उन्हें एक पुत्र रत्न की प्राप्ति तो हुई लेकिन वह बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ। प्रियंवद अपने मृत्य पुत्र के शरीर को लेकर श्मशान ले गया और पुत्र वियोग में अपने भी प्राण त्यागने लगा। तभी भगवान की मानस कन्या देवसेना प्रकट हुई। उन्होंने प्रियंवद से कहा कि सृष्टि की मूल प्रवृत्ति के छठे अंश से उत्पन्न होने के कारण मैं षष्ठी कहलाती हूं। हे राजन! तुम मेरा पूजन करो और दूसरों को भी प्रेरित करो। राजा ने पुत्र इच्छा से सच्चे मन से देवी षष्ठी का व्रत किया और उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। यह पूजा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को हुई थी। तब से लोग संतान प्राप्ति के लिए छठ पूजा का व्रत करते हैं।

## अगर इन दिशाओं में लगा है आईना तो उसे तुरंत हटा दें, होता है बहुत अशुभ



कई लोग घर के डिजाइन पर तो खूब रिसर्च करते हैं लेकिन कौनसी चीज कहां रखना सही रहेगा इस ओर ध्यान नहीं देते। कई बार हम घर के मुताबिक चीजों को रख देते हैं। लेकिन वास्तु के मुताबिक घर को नहीं सजाने से बाद में कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है। जैसे हर घर में सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जानी वाली चीज आईना को हम बिना सोच समझें कही भी लगा देते हैं। आईना की गलत दिशा आपके भाग्य का रुख मोड़ देती है, इसलिए इसे लगाने के लिए पूरी तरह सावधानी बरतनी चाहिए। तो आइए आज वास्तु शास्त्र में आचार्य इंदु प्रकाश से जानते हैं कि आईना को किस दिशा में रखें।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की दक्षिण, पश्चिम दिशा और आग्नेय, वायव्य एवं नैऋत्य कोण की दीवार पर आईना लगाना चाहिए। अगर आपके घर या ऑफिस की इन दिशाओं में आईना लगा हुआ है तो उसे तुरंत ही वहां से हटा दें, क्योंकि यह अशुभ होता है। वहीं कई घरों में आईना दीवार पर टाइल्स के बीच में लगा हुआ होता है तो उसे हटाना संभव नहीं है।

ऐसे में उस आईना को कपड़ा से ढक सकते हैं, जिससे उसकी आभा किसी भी वस्तु पर न पड़े। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, इस दिशा में आईना लगाना हानि पहुंचाता है। इन दिशाओं में आईना लगाने से भय बना रहता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में टूटा या खराब आईना अशुभ फल देता है। ऐसे आईने को घर में रखने से पॉजिटिव एनर्जी कम होती जाती है और निगेटिविटी ज्यादा हो जाती है। कहा जाता है कि टूटे हुए आईने पर पड़ने वाली रोशनी नकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, जिसका सीधा असर घर के सदस्यों पर पड़ता है।



# पंच देवों में शामिल हैं सूर्य, भगवान सूर्य की पूजा के साथ होती है शुभ कामों की शुरुआत

सूर्य पूजा के महापर्व छठ पूजा में 30 अक्टूबर को डूबते सूर्य को और 31 की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सिर्फ छठ पूजा पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। भगवान सूर्य पंचदेवों में शामिल हैं। हर एक शुभ काम की शुरुआत पंचदेवों की पूजा के साथ जाती है। सूर्य देव को रोज सुबह अर्घ्य चढ़ाने और 12 मंत्रों का जप करने से भक्त की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, नकारात्मक विचार खत्म होते हैं और स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

छठ पूजा पर और रोज सुबह सूर्य को अर्घ्य देते समय भगवान सूर्य नारायण के 12 नामों का जप करना चाहिए।

छठ माता को सूर्य भगवान की बहन कहते हैं। इस वजह से सूर्य के साथ छठ माता की पूजा होती है।

छठ माता बच्चों की रक्षा करने वाली देवी मानी गई हैं। इस वजह से संतान के सौभाग्य, लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना से छठ पूजा का व्रत किया जाता है।

**ये है 12 नाम वाला मंत्र-**

**आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर, दिवाकर नमस्तुभ्यं, प्रभाकर नमोस्तुते।**

**सप्ताश्वरथमारूढं प्रचंडं कश्यपात्मजम्, श्वेतपद्मधरं देव तं सूर्यप्रणाम्यहम।।**

**ये हैं छठ माता से जुड़ी मान्यताएं**

**मान्यता है कि प्रकृति ने खुद को छह भागों में बांटा था। इनमें छठे भाग को मातृ देवी कहा जाता है।**

**छठ माता को ब्रह्मा जी की मानस पुत्री कहते हैं।**

**देवी दुर्गा के छठे स्वरूप कात्यायनी को भी छठ माता कहते हैं।**



भविष्य पुराण के मुताबिक श्रीकृष्ण ने अपने पुत्र सांब को सूर्य पूजा करने के लिए कहा था। बिहार में कथा प्रचलित है कि देवी सीता, कुंती और द्रौपदी ने भी छठ पूजा का व्रत किया था और व्रत के प्रभाव से ही इनके जीवन के सभी कष्ट दूर हुए थे।

सभी पर्वों में विशेष महत्व है इसका सूर्य को कृषि का आधार माना जाता है, क्योंकि सूर्य हो मौसममें परिवर्तन लाता है। सूर्य के कारण ही बादल जल बरसानेमें सक्षम होता है। सूर्य अनाज को पकाता है। इसलिए सूर्य का आभार व्यक्त करने के लिए प्राचीन काल से लोग पूजा करते आ रहे हैं।

वेदों में भी सूर्य को सबसे प्रमुख देवताके रूप में मान्यता प्राप्त है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार ये घटना कार्तिक और चैत्र महीने की अमावस्या के छः दिन बाद आती है। ज्योतिषीय गणना पर आधारित होने के कारणइसका नाम छठ पर्व ही रखा गया है।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में है छठी देवी का जिक्र

ब्रह्मवैवर्तपुराण के प्रकृतिखंड में सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी के एक खास अंश को देवसेना कहा गया है। प्रकृति का छठा अंश होने के कारण इन देवी का एक प्रचलित नाम षष्ठी है। पुराण केअनुसार, ये देवी सभी संतानों की रक्षा करती हैं और उन्हें लंबी उम्र देती हैं। इन्हीं को स्थानीय भाषा में छठ मैया कहा गया है।

## नौकरी-व्यापार की सारी बाधाएं दूर करेंगे ये आसान उपाय

हर कोई अपने जीवन में सुख शांति और तरक्की चाहता है इसके लिए वह खूब प्रयास और कड़ी मेहनत भी करता है लेकिन फिर भी उसे सफलता हासिल नहीं होती है इसके पीछे शनि की अशुभ नजर हो जाती है ज्योतिष में शनि को महत्वपूर्ण ग्रह बताया गया है शनि की कृप व्यक्ति को राजा बना देती है लेकिन अगर किसी पर शनि की महादशा, साढ़ेसाती और ढैय्य चल रही हे तो जातक को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है

इनसे छुटकारा पने के लिए जातक को कुछ उपाय जरूर कर लेने चाहिए इन उपायों से शनि महाराज प्रसन्न हो जाते हैं और कृपा करते हैं जिससे जातक के कष्टों में कमी आती है तो आज हम आपको शनि प्रकोप से राहत दिलाने वाले प्रभावी उपाय बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

**जानिए ज्योतिषीय उपाय-**

कारोबार में मंदी हो या फिर व्यापार में धन हानि का सामना करना पड़ रह है तो इन परेशानियों से बचने के लिए और तरक्की पाने के लिए आप शनिदेव के मंत्र 'शं ह्रीं शं शनैश्चराय नमः' का रोजाना 11 बार जाप करें जाप के समय उड़द के दाने अपने पास रखें और उन्हें शनि देवता क ध्यान करते हुए अर्पित करते जाएं फिर इन्हें बहते जल में प्रवाहित कर दें इस उपाय को करने से कारोबार में खूब तरक्की मिलती है और बाधाएं दूर हो जाती है।

अगर कोई कोई मामला नहीं सुलझा पा रहा है तो कोर्ट की पेशी पर जाते समय शनि देव के 'ॐ शं शं शन्यै नमः.' मंत्र का लगातार 21 बार जाप करके घर से निकलें इससे जल्द ही आपको जीत हासिल होगी और परेशानियां दूर हो जाएगी। नौकरी में तरक्की हासिल करने के लिए आप रोजाना शनि महाराज के 'शं ॐ शं नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें ऐसा करने से कार्यक्षेत्र आपका दबदबा बढ़ेगा और तरक्की भी मिलेगी। धन प्राप्ति की इच्छा रखने वाले लोग हर शनिवार के दिन 'ॐ श्रीं ह्रीं शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का कम से कम 11 बार जाप करें ऐसा करने से आपकी आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएगी और धन की प्राप्ति होगी।

# आज मिथुन राशि में मंगल वक्री होगा, कुंभ सहित 6 राशियों को रहना होगा संभलकर

30 अक्टूबर को मंगल मिथुन राशि में वक्री हो जाएगा और 13 जनवरी 2023 तक रहेगा। इस बीच ये वृष राशि में चला जाएगा। ऊर्जा, उत्साह, हिम्मत, और जोश बढ़ाने वाला ये ग्रह जब वक्री होगा तो वृष, मिथुन, कन्या, तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इनके अलावा अन्य राशि वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। मंगल के वक्री होने यानी चाल टेढ़ी होने से देश में दुर्घटनाएं, आगजनी, आतंक और तनाव फैलता है।

**मंगल से बढ़ती है ऊर्जा लेकिन विवाद भी होते हैं**

मंगल के कारण उत्साह बढ़ने लगता है। इस ग्रह से शारीरिक ऊर्जा भी बढ़ती है। ज्योतिष में मंगल को ऊर्जा का कारक ग्रह कहा गया है। इस ग्रह के कारण ही इंसान में किसी भी काम को करने की इच्छा पैदा होती है। मंगल का असर हथियार, औजार, सेना, पुलिस और आग से जुड़ी जगहों पर होता है।



इस ग्रह के अशुभ असर से गुस्सा बढ़ता है और विवाद होते हैं। इसलिए मंगल की चाल टेढ़ी होने से हर काम सोच-समझकर करना चाहिए। जल्दबाजी से बचना होगा। मंगल के अशुभ असर के कारण आम लोगों में गुस्सा और इच्छाएं बढ़ने लगती हैं। इच्छाएं पूरी नहीं होने पर लोग गलत कदम उठा लेते हैं। जिससे विवाद और दुर्घटनाएं होती हैं।

**कुंभ सहित 6 राशि वालों को रहना होगा सावधान**

13 जनवरी तक मंगल वक्री रहेगा। इस समय वृष, मिथुन, कन्या, तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि वाले लोगों को सावधान रहना होगा। इनके कामकाज में रुकावटें आ सकती हैं। कामकाज में विवाद और तनाव बढ़ सकता है। चोट या दुर्घटना की भी आशंका है। गुस्से के कारण बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। वहीं, मेष, कर्क, सिंह, धनु, मकर और मीन राशि वाले लोग इस ग्रह के अशुभ प्रभाव से बचे रहेंगे।

**वक्री यानी ग्रह का बहुत ही धीमी गति से चलना**

किसी भी ग्रह की चाल धीरे-धीरे कम होती है। जब वो ग्रह धीमी गति से चलता है और एक समय ऐसी स्थिति आ जाती है कि पृथ्वी से उस ग्रह को देखने पर लगता है कि वो पीछे की ओर चल रहा है। इस स्थिति को ही ग्रह का वक्री होना कहा जाता है। ज्योतिष में ग्रह की ऐसी स्थिति का भी विशेष फल बताया गया है।

**अशुभ असर से बचने के लिए पूजा-पाठ और दान**

मंगल के अशुभ असर से बचने के लिए हनुमानजी की पूजा करनी चाहिए। लाल चंदन या सिंदूर का तिलक लगाना चाहिए। तांबे के बर्तन में गेहूं रखकर दान करने चाहिए। लाल कपड़ों का दान करें। मसूर की दाल का दान करें। शहद खाकर घर से निकलें।

# केबीसी 14 में अमिताभ बच्चन ने उड़ाया रणवीर सिंह का मजाक

**'गली बॉय' के गाने पर ले लिए मजे!**





**कौन बनेगा करोड़पति के हालिया एपिसोड में जब एक ऑडियो सवाल किया गया रणवीर सिंह की फिल्म 'गली बॉय' का गाना 'अपना टाइम आएगा' प्ले किया गया था। सवाल इसी गाने से जुड़ा था।**

कौन बनेगा करोड़पति (बीबीसी 14) के शुक्रवार के एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर दर्शक अपनी हंसी नहीं रोक पाए। बीबीसी 14 के इस खास एपिसोड में अमिताभ बच्चन के सामने हॉटसीट पर कंटेस्टेंट सुमा प्रकाश बैठी थीं। पेशे से एक सॉफ्टवेयर डेवलपर सुमा प्रकाश की स्किल्स और अचीवमेंट जानकर अमिताभ हैरान थे और उनके साथ खेल को आगे बढ़ाने के लिए काफी उत्सुक भी थे।

**सिर्फ 10 हजार जीतकर घर गईं सुमा**

हालांकि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ने लगा वैसे-वैसे सुमा की ज्यादातर लाइफलाइन्स जाती रहीं। फिर एक वक्त ऐसा भी आया जब सुमा ने 40 हजार के सवाल पर सभी लाइफलाइन्स ले लीं और बावजूद इसके वह सही जवाब नहीं दे सकीं। सुमा सिर्फ 10 हजार रुपये लेकर घर गईं। लेकिन इसी एपिसोड में अमिताभ बच्चन एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म के एक गाने पर मजे लेते दिखाई दिए।

**बीबीसी में बजाया गया 'गली बॉय' का गाना**

दरअसल अमिताभ बच्चन ने यह सवाल 20 हजार रुपये के लिए पूछा था। सवाल था- यह गाना किस एक्टर ने गाया है? यह एक ऑडियो सवाल था इसलिए सॉन्ग प्ले किया गया। इसमें रणवीर सिंह की फिल्म 'गली बॉय' का गाना 'अपना टाइम आएगा' रणवीर सिंह की आवाज में प्ले किया गया। अमिताभ बड़े ध्यान से इस गाने को सुनते रहे।

**अमिताभ ने उड़ाया रणवीर का मजाक?**

यह रैप सॉन्ग पूरा बजने के बाद अमिताभ ने सुमा की तरफ एक सेकेंड देखा और फिर कहा- ये गाना था? अमिताभ बच्चन की इस बात पर सभी खिलखिला कर हंस पड़े। यह कहना मुश्किल है कि क्या अमिताभ बच्चन ने रणवीर सिंह की फिल्म के इस गाने का मजाक उड़ाया या वो यह कहना चाह रहे थे कि सवाल चुनने वालों को इसके साथ रैप शब्द इस्तेमाल करना था।

# अहमदाबाद की सड़कों पर लगे 'कार्तिक आर्यन' के नारे

**एक्टर ने इस अदा से फिर जीते करोड़ों दिल**



बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' के सिलसिले में अहमदाबाद पहुंचे। कार्तिक आर्यन को फॉलो करते हुए उनके फैंस की बेहिसाब भीड़ यहां इकट्ठा हो गई जो उनके पीछे-पीछे उनकी गाड़ी तक जा पहुंची। कार्तिक आर्यन जिस रास्ते से जा रहे थे, उनके पीछे-पीछे फैंस की ये भीड़ भी चल रही थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

**सिक्योरिटी टीम को हुई परेशानी**

वीडियो में भीड़ को 'कार्तिक आर्यन' के नारे लगाते हुए साफ देखा जा सकता है। कार्तिक आर्यन की सिक्योरिटी टीम को इस सिचुएशन में काफी ज्यादा परेशानी हुई। उन्हें किसी तरह कार्तिक आर्यन को भीड़ से बचाने की कोशिश में संघर्ष करते देखा जा सकता है। वीडियो के आखिरी में कार्तिक आर्यन एक गाड़ी के पास रुककर फैंस की तरफ वेव करते हैं।

**कार्तिक के लिए फैन सबसे इंपॉर्टेंट**

कार्तिक आर्यन को फैंस की तरफ वेव करते देखकर भीड़ एक्साइटेड हो जाती है और हूटिंग करने लगती है। बता दें कि कार्तिक आर्यन सेल्फ मेड स्टार हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड या गॉडफादर नहीं रहा है और उन्होंने खुद ही फर्श से अर्श तक का सफर तय किया है। कार्तिक आर्यन अपने फैंस की बहुत कद्र करते हैं और हमेशा उनसे बहुत प्यार से मिलते हैं।

## जाह्नवी कपूर ने ब्लैक ड्रेस में दिखाए किलर तेवर



जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेस है। एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी हेडलाइन में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस का खुमार फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। वहीं जाह्नवी कपूर हर लुक में कमाल की लगती हैं और उनकी अदाएं लोगों का दिल धड़का देती है। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें उनका बॉसी लुक देखने को मिल रहा है। जाह्नवी कपूर ने इन फोटोज को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है जिसमें आप देख सकते है कि वो ब्लैक कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं और कातिल अदाओं के साथ पोज दे रही हैं।

जाह्नवी कपूर ने अपने इस लुक के साथ कानों में छोटे इयररिंग्स और फिंगर में रिंग पहनी है और वो दीवार के पास खड़ी होकर फोटो क्लिक करवा रही है। इसी के साथ उनका मेकअप भी काफी जच रहा है। जाह्नवी कपूर ने आउटफिट के साथ मैचिंग हाई हील्स पहनी हैं और उनका अंदाज लोगों की धड़कनें बढ़ा रहा है। इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

## दिशा पटानी ने दिखाई कातिलाना अदाएं

**हर एक फोटो में लगाया हॉटनेस का तड़का**



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस दिशा पटानी आए दिन अपने लुक को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अब एक बार दिशा सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। जिसमें वो यलो मिनी स्कर्ट पहने सुपर हॉट अंदाज में नजर आ रही हैं। व्हाइट स्वैटर और हैट लगाए दिशा इस आउटफिट में कहर ढा रही हैं। फैंस उनकी इस तस्वीर को खूब पसंद कर रहे हैं।

दिशा द्वारा तस्वीरें अपलोड करने के कुछ ही देर बाद ही कमेंट और लाइक के बाढ़ आ गए। बॉलीवुड की अदाकारा दिशा पटानी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। वो आए दिन अपने फैंस के लिए तस्वीरें शेयर करते रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह पिंक स्वैटर में नजर आ रही हैं।

## मौनी रॉय ने ब्लैक बैकलेस ड्रेस पहन मचाई आफत, दिए किलर पोज

मौनी रॉय टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकी हैं। एक्ट्रेस के अंदाज के लोग कायल है। मौनी रॉय इंडियन हो या फिर वेस्टर्न हर लुक में कमाल की लगती हैं। एक्ट्रेस की फोटोज सोशल मीडिया पर आते ही छा जाती है जिसे फैंस बार-बार देखने पर मजबूर हो जाते है। वहीं अब मौनी रॉय की कुट तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा रही है जिसमें उनका किलर अवतार देखने को मिल रहा है। मौनी रॉय ने इन फोटोज को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है जो कि सोशल मीडिया पर आग लगा रही है। इस फोटो में आप देख सकते है कि एक्ट्रेस ब्लैक कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं और वो कातिल अदाओं के साथ पोज दे रही है।

## राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के सपोर्ट में उतरीं स्वरा

# देश की स्थिति पर कह डाली यह बात



स्वरा भास्कर बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो हर मुद्दे पर खुलकर बोलती हैं। स्वरा ने सिर्फ बॉलीवुड के मुद्दों पर ही नहीं बल्कि राजनीति विषय पर भी अपनी राय खुलकर रखी है। इन दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं। दक्षिण राज्यों में राहुल गांधी की यह यात्रा जारी है, जिसका कांग्रेस के साथी दल भी जमकर सहयोग कर रहे हैं। वहीं, अब बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का समर्थन किया है। स्वरा ने एक ट्वीट कर राहुल गांधी की जमकर तारीफ की है।

दरअसल, स्वरा भास्कर ने एक न्यूज चैनल का वीडियो ट्वीट किया है, जिसमें 'भारत जोड़ो यात्रा' और राहुल गांधी की बात की गई है। इस वीडियो के साथ स्वरा भास्कर ने लिखा, 'जहां श्रेय बाकी है.. चुनावी हार, ट्रोलिंग, व्यक्तिगत हमले और लगातार आलोचना अप्रभावी होने के बावजूद, राहुल गांधी न तो सांप्रदायिक बयानबाजी और न ही सनसनीखेज राजनीति के आगे झुके हैं। इस देश की स्थिति को देखते हुए इस तरह के प्रयास भारत जोड़ो यात्रा प्रशंसनीय है!'

स्वरा भास्कर का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कई लोगों ने स्वरा और राहुल की तारीफ की है। कुछ लोगों ने स्वरा भास्कर को भी इस यात्रा में उतरकर राहुल गांधी का सपोर्ट करने की बात कही है। एक यूजर ने लिखा, 'आप इस यात्रा में क्यों नहीं हैं। खुले हाथों से उन्हें सपोर्ट करने की जरूरत है।' वहीं, कुछ लोगों ने राहुल गांधी को बेस्ट पीएम कैंडिडेट बताया है। बता दें यह पहली बार नहीं है जब स्वरा ने राहुल गांधी की तारीफ की है। इससे पहले भी वह कई बार राहुल गांधी की तारीफ कर चुकी हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो स्वरा भास्कर पिछली बार फिल्म 'जहां चार यार' में नजर आई थीं। इस फिल्म का निर्देशन कमल पांडे ने किया था और इस फिल्म में स्वरा के साथ मेहर विज, शिखा तलसानिया और पूजा चोपड़ा ने स्क्रीन शेयर की थी। अब स्वरा जल्द ही 'मिसेज फलानी' में नजर आएंगी।

## मैजिक दिखाने के नाम पर हुमा कुरैशी ने किया कुछ ऐसा

# परेशान होकर सोनाक्षी ने एक्ट्रेस को मार दिए थप्पड़!





बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा अपनी आगामी फिल्म 'डबल एक्सएल' को लेकर सुर्खियों में हैं. दोनों इन दिनों फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं. आए दिन यह दोनों अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कई तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रही हैं. अब एक बार फिर इनका मजेदार अंदाज सामने आया है.

**हुमा कुरैशी ने सोनाक्षी सिन्हा को दिखाया मैजिक**

दरअसल, हुमा कुरैशी ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो और सोनाक्षी सिन्हा किसी रेस्टोरेंट में बैठी नजर आ रही हैं. वीडियो की शुरूआत होती है हुमा के घड़ी खाने वाले सीन से, जहां वह पूरी घड़ी एक बार में मुंह से निगलती नजर आ रही हैं. इसके तुरंत बाद वह सोनाक्षी से कहती हैं 'जादू देखोगी'? फिर अचानक वह उनके एक गाल पर थप्पड़ मार देती हैं और दूसरे हाथ में वही घड़ी दिखाती हैं. हालांकि, यह जादू कम और सोनाक्षी के साथ एक प्रैंक ज्यादा था.

**हुमा पर सोनाक्षी ने की थप्पड़ों की बौछार**

वीडियो में आप देख सकते हैं कि हुमा के अचानक थप्पड़ मारने से सोनाक्षी हैरान रह जाती हैं तभी वो अपनी कुर्सी से उठती हैं और हुमा कुरैशी पर कई चांटों की बरसात कर देती हैं. इस मजेदार वीडियो के साथ हुमा ने लिखा है, 'सोना से डर नहीं लगता उसके फैंस से लगता है. डबल एक्सल मैजिक शो में आपका स्वागत है'. जैसा कि सभी जानतें फिल्म की कहानी दोस्ती, मोटापे और लोगों के नजरिए पर बेस्ड होगी. ऐसे में यह अदाकाराएं आए दिन कुछ न कुछ खाने पीने के ही मजेदार वीडियोज शेयर करती हैं. बताते चलें कि, इस फिल्म के लिए सोनाक्षी और हुमा ने 15-20 किलो वेट बढ़ाया है. फिल्म की कहानी दो ओवरसाइज लड़कियों की जिंदगी और लोगों के तानों के इर्द गिर्द घूमती है. इन दोनों के अलावा फिल्म में जहीर इकबाल और महत राघवेंद्र भी हैं. वहीं यह फिल्म 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# हिना खान की इस बात पर भड़क गईं थीं कृति खरबंदा

**'ठुकरा के मेरा प्यार' ये गाना तो आपने कभी न कभी जरूर सुना होगा**



हर धोखा खाए आशिक का ये फेवरेट सॉन्ग कृति खरबंदा और राजकुमार राव की सुपरहिट फिल्म "मेरी शादी में जरूर आना" का है. फिल्म में एक्ट्रेस कृति खरबंदा ने अपनी खूबसूरती और मासूमियत से हर किसी का दिल जीत लिया. आज यानी 29 अक्टूबर को कृति अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं. कृति का जन्म 1990 में हुआ था, वो इन दिनों एक्टर पुलकित सम्राट को डेट कर रही हैं. आपको बता दें कि कृति एक्ट्रेस होने के साथ-साथ एक ज्वेलरी डिजाइन भी हैं

**साउथ फिल्मों से शुरू किया करियर**

कृति खरबंदा साउथ इंडस्ट्री और बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है. एक्ट्रेस को कई बॉलीवुड फिल्मों में कास्ट किया गया है, उनका जन्म दिल्ली में एक पंजाबी परिवार में अश्विनी खरबंदा और रजनी खरबंदा के घर हुआ था. वह 1990 के दशक की शुरुआत में अपने परिवार के साथ बैंगलोर चली गईं, उन्होंने '14 फेरे', 'तैश', 'पागलपंती', 'हाउसफुल 4' जैसी फिल्मों में अभिनय किया. कृति ने अपने करियर की शुरुआत साउथ इंडस्ट्री से की थी.

**हिना खान ने कही थी ये बात**

आपको जानकर हैरानी होगी कि एक बार कृति ने कहा था कि वो टीवी एक्ट्रेस हिना खान को थप्पड़ मारना चाहती हैं. दरअसल, बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट हिना ने एक एपिसोड के दौरान कहा था कि उन्हें महेश भट्ट और चिरंजीवी के साथ एक फिल्म का ऑफिर दिया गया. लेकिन मेकर्स चाहते थे कि वो अपना वजन बढ़ाएं. इस पर हिना ने कहा, 'साउथ में ऐसे चाहिए उन्हे उभड़ा हुआ सब.'

**हिना खान की बात से भड़क गईं कृति**

जब साउथ एक्ट्रेसेस को हिना के इस कमेंट का पता चला तो उन्होंने टीवी एक्ट्रेस को खूब फटकार लगाई. कृति खरबंदा ने तब इंटरव्यू में कहा था, 'मैं इससे पहले हिना खान की बहुत रिस्पेक्ट करती थी, वो टीवी की बहुत बड़ी स्टार हैं. आप लोगों के बारे में इस तरह से बात नहीं करते हैं. आप मुझे देख सकते हैं, मैं



साउथ फिल्मों की एक अभिनेत्री रही हूं. नेशनल टेलीविजन पर ऐसी बातें कहने की कोई जरूरत नहीं है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक अभिनेता इस तरह बात कर रहा है, और उस क्षमता का अभिनेता भी.'

**दो थप्पड़ खाएगी हिना खान**

हिना खान के बारे में आगे बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं बहुत गुस्से में हूं. इस तरह आप एक इंडस्ट्री के बारे में बात नहीं करते हैं. यह आपके द्वारा निभाए जाने वाले सभी किरदार के बारे में है. यहां तक कि राजकुमार राव ने भी बोस में अपने रोस के लिए इतना वजन बढ़ाया, तो क्या? हम सभी किरदार निभा रहे हैं. मुझे खेद है कि मैं ऐसा बोल रही हूं कि अगर किसी ने मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा तो वो जरूर ऐसा करेंगी अगर स्क्रिप्ट की मांग है. आप (हिना) ऐसा कैसे जानते हैं? आपका क्या मतलब है 'उभड़ा हुआ, उभड़ा हुआ' दो थप्पड़ खायेगी उधर ही.'



# इंडोनेशिया में लगेगी भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। भारत और ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर इंडोनेशिया के बाली में नवंबर मध्य में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक में मुहर लगेगी। इस बैठक के इतर ब्रिटेन के नवनिर्वाचित पीएम ऋषि सुनक और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। एफटीए पर अंतिम फैसला के लिए दोनों ही देशों में तैयारियां शुरू हो गई है। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को पीएम मोदी ने ब्रिटिश पीएम सुनक से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत में दोनों ने एफटीए के प्रति अपनी अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी। बाली में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन कई दूसरे कारणों से अभी से चर्चा में है।

इस बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी हिस्सा लेंगे। इसके कारण शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की हाल में उज्बेकिस्तान की राजधानी समरकंद में हुई बैठक की तर्ज पर जिनपिंग-मोदी की मुलाकात पर कयासों का बाजार गर्म है। गौरतलब है कि एससीओ की बैठक में पीएम मोदी ने जिनपिंग से दूरी बनाई थी। चर्चाओं का बाजार गर्म इसलिए भी है कि हाल ही में शी जिनपिंग को बतौर राष्ट्रपति तीसरा कार्यकाल मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देने से दूरी बरती है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक बाली में होने वाली द्विपक्षीय वार्ता में एफटीए पर मुहर लगनी तय है। इसके मद्देनजर दोनों देश लगातार इस समझौते की अड़चनों को दूर करने में जुटे हैं।

# ग्राहकों से धोखाधड़ी और लोन रिकवरी के तरीकों से नाराज आरबीआई गवर्नर

**हाइलाइट्स**

> आरबीआई गवर्नर ने कहा- भुगतान से जुड़ी धोखाधड़ी की कई घटनाएं चिंता का कारण है।

> 'धोखाधड़ी के नए तौर-तरीकों के मद्देनजर असाधारण सतर्कता और तैयारी की जरूरत है.'

> 'बैंकों को अपनी आंतरिक लोकपाल प्रक्रियाओं को मजबूत करने की जरूरत है.'

## बैंकों को दिया अहम आदेश



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। जोधपुर में आरबीआई लोकपाल के वार्षिक सम्मेलन में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर में ग्राहकों के साथ मिससेलिंग, लोन रिकवरी के गलत तरीके, सर्विस चार्ज और जुर्माना जैसे मुद्दों पर चिंता जताते हुए इन्हें तुरंत हल करने की जरूरत पर जोर दिया।

इनमें मिससेलिंग, पारदर्शिता की कमी, लोन रिकवरी के गलत तरीके और वित्तीय सेवाओं पर भारी सर्विस चार्ज व जुर्माना जैसे मुद्दे शामिल हैं. जोधपुर में आरबीआई लोकपाल के वार्षिक सम्मेलन में रिजर्व बैंक के गवर्नर ये बातें कही।

उन्होंने बैंकों के रिकवरी एजेंटों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली गलत व्यवहार के कारण कर्जदारों को होने वाली परेशानी का जिक्र किया. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि बैंक और अन्य फाइनेंस सर्विस प्रोवाइडर इन कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं और रिकवरी के लिए ऐसे तरीकों का इस्तेमाल अस्वीकार्य है।

**धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय**

शक्तिकांत दास ने कहा कि भुगतान से जुड़ी धोखाधड़ी की कई घटनाएं चिंता का कारण हैं. उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी के नए तौर-तरीकों के मद्देनजर असाधारण सतर्कता और तैयारी की जरूरत है. इसलिए ग्राहकों को शिक्षित करना एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

विनियमित संस्थाओं को ग्राहक सेवा और शिकायत निवारण तंत्र के कामकाज में गंभीर समीक्षा करने की जरूरत है। धोखाधड़ी और पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर ग्राहकों की शिकायतों के लगातार बने रहने के मूल कारण का विश्लेषण करना चाहिए और तुरंत आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाने की जरूरत है।

**बैंकों की आंतरिक लोकपाल प्रक्रियाओं को मजबूत करने की जरूरत**

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इन मुद्दों और शिकायतों को हल करने के लिए बैंकों को अपनी आंतरिक लोकपाल प्रक्रियाओं को मजबूत करने की जरूरत है, जिससे ग्राहकों को आरबीआई लोकपाल से संपर्क करने की आवश्यकता खत्म हो जाए।

आंतरिक लोकपाल की शुरुआत 2018 में बैंक या एनबीएफसी के भीतर एक स्वतंत्र शीर्ष प्राधिकरण के रूप में की गई थी. अंतिम निर्णय लेने से पहले कार्यालय को ग्राहकों की शिकायतों के प्रस्तावित अस्वीकृति की समीक्षा करने का काम सौंपा गया है. इसमें को अधिकारी शिकायतों के पैटर्न का विश्लेषण करने और मूल कारणों को दूर करने के उपाय सुझाने की भी आवश्यकता होती है।

## सोना-चांदी हुआ महंगा

नई दिल्ली. भारतीय सर्राफा बाजार में सोना की साप्ताहिक कीमतों में तेजी आई है. वहीं चांदी भी महंगी हुई है. इस कारोबारी हफ्ते में सोने के भाव में 58 रुपये प्रति 10 ग्राम की मामूली तेजी दर्ज की गई है जबकि चांदी के भाव में 823 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल आया है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजीए की वेबसाइट के मुताबिक, इस बिजनेस वीक (24 से 28 अक्टूबर) की शुरुआत में यानी 25 अक्टूबर को 24 कैरेट सोने का रेट 50,444 था, जो शुक्रवार तक बढ़कर 50,502 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है.

वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 56,596 से बढ़कर 57,419 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। उल्लेखनीय है कि आईबीजीए की ओर से जारी कीमतों से अलग-अलग शुद्धता के सोने के स्टैंडर्ड भाव की जानकारी मिलती है. ये सभी दाम टैक्स और मेकिंग चार्ज के पहले के हैं।

# शक्कर के एक्सपोर्ट पर अगले साल तक रोक

## देश में महंगाई थामने के लिए केंद्र का फैसला इंडोनेशिया-मलेशिया और दुबई हैं बड़े खरीदार

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। सरकार ने शक्कर यानी चीनी के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दिया है। घरेलू बाजार में इसकी बढ़ती कीमत को देखते हुए 1 जून 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक चीनी एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध लगाया गया था। कीमतों में यह बढ़ोतरी शक्कर के रिकार्ड एक्सपोर्ट के बाद हुई थी।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और ब्राजील के बाद दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया और दुबई भारतीय चीनी के सबसे बड़े खरीदारों में शामिल हैं।

इस साल 82 लाख मीट्रिक टन चीनी का निर्यात

बीते साल देश ने भारी मात्रा में चीनी का निर्यात किया है। पिछले साल 60 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) तक चीनी निर्यात का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन असल में 70 एलएमटी चीनी एक्सपोर्ट कर दी गई। इसी तरह इस साल भी 82 एलएमटी चीनी शुगर मिल से एक्सपोर्ट की गई। इस साल का चीनी निर्यात अब तक का सबसे ज्यादा माना जा रहा है।




**भारत के पास 16 मिलियन का सरप्लस**

चीनी एक्सपोर्ट को सीमित करने की सरकार की योजना काफी ज्यादा एहतियात वाली लगती है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी की घरेलू आपूर्ति प्रचुर मात्रा में है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अनुसार, भारत में इस सीजन में 35 मिलियन टन उत्पादन और 27 मिलियन टन की खपत होने की उम्मीद है। पिछले सीजन के लगभग 8.2 मिलियन टन के भंडार सहित 16 मिलियन का सरप्लस है।

**गेहूं के निर्यात पर भी लगा है प्रतिबंध**

गेहूं के बढ़ते दामों को देखते हुए भारत ने इसी साल मई में इसके एक्सपोर्ट (निर्यात) पर बैन लगा दिया था। भारत ने बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# इंडियन डिफेंस सेक्टर देता है दुनिया में सबसे ज्यादा नौकरियां

## स्टेटिस्टा की रिपोर्ट में दावा, अमेरिका-चीन को भी पछाड़ा

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। नौकरी या रोजगार देने के मामले भारत की डिफेंस मिनिस्ट्री दुनिया में सबसे आगे है। यह दावा जर्मन कंपनी स्टेटिस्टा ने की है। स्टेटिस्टा जर्मनी की एक प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में अलग-अलग मुद्दों पर डाटा या आंकड़े जारी करती है। रिपोर्ट में भारत की डिफेंस मिनिस्ट्री को दुनिया का सबसे बड़ा इम्प्लोयर (नौकरी देने वाला) बताया गया है। इस मामले में अमेरिका दूसरे और चीन तीसरे नंबर पर है।

स्टेटिस्टा के मुताबिक मौजूदा सरकार ने रक्षा विभाग में 29.2 लाख लोगों को नौकरी दी है। ये नौकरियां तीनों सेनाओं (एयर फोर्स, नेवी और आर्मी) के सभी डिपार्टमेंट में दी गई हैं। भारत के बाद अमेरिकी डिफेंस मिनिस्ट्री का नंबर है। यहां 29.1 लोगों को नौकरी दी गई। वहीं, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने 25 लाख लोगों को नौकरी दी। रिपोट्र्स की माने तो अमेरिकन कंपनी वॉलमार्ट के पास सबसे अधिक कर्मचारी हैं। वॉलमार्ट ने 23 लाख लोगों को नौकरी दी। वहीं, अमेजन के पास 16 लाख कर्मचारी है। अमेजन भी अमेरिकन कंपनी है।



**डिफेंस सेक्टर में नौकरी देने वाले टॉप-3 देश**

| भारत | अमेरिका | चीन |
|---|---|---|
| 29.2 लाख | 29.1 लाख | 25 लाख |

**सैन्य खर्च में भारत तीसरे नंबर पर**

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, विश्व सैन्य खर्च 2021 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा सैन्य खर्च के मामले में अमेरिका टॉप पर है। इसके बाद चीन और फिर तीसरे नंबर पर भारत है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक 2021 में अमेरिका का सैन्य खर्च 801 बिलियन डॉलर था। वहीं, चीन ने अपनी सेना के लिए 293 बिलियन डॉलर और भारत ने 76.6 बिलियन डॉलर खर्च किया। बात अगर भारत की करें तो चार साल पहले यानी 2018 में भारत 5वीं पोजीशन पर था और तब कुल सैन्य खर्च 66.5 बिलियन डॉलर था। यानी 2021 तक इस खर्च में 10.1 बिलियन डॉलर (7.74 लाख करोड़ रुपए) का इजाफा हुआ है।

**सैन्य खर्च में अमेरिका टॉप पर बरकरार**

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में अमेरिकी सैन्य खर्च 801 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक पहुंच गया, जो 2020 के मुकाबले 1.4% कम है। 10 साल में अमेरिका ने मिलिट्री रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए 24% बजट बढ़ाया और हथियारों की खरीद पर खर्च में 6.4% की कमी की। दूसरे स्थान पर चीन है, जिसने डिफेंस पर 293 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। यह 2020 की तुलना में 4.7% ज्यादा रहा।

# अनिल अंबानी की कंपनी पर क्यों बढ़ा कर्ज का बोझ, रिपोर्ट में खुलासा



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को लेकर एक अहम रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस कैपिटल द्वारा समूह ने अपनी अलग-अलग इकाइयों को वित्त वर्ष 2019-20 में खूब लोन बांटे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कर्ज बांटने के चक्कर में रिलायंस कैपिटल पर 1,755 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय बोझ पड़ा है।

दिवाला प्रक्रिया का सामना कर रही रिलायंस कैपिटल के प्रशासक को सौंपी गयी लेनदेन ऑडिटर की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बता दें कि दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत नियुक्त रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कंपनी के लेनदेन से संबंधित मामलों की जांच करने के लिए लेनदेन ऑडिटर बीडीओ इंडिया एलएलपी से सहायता ली है।

रिलायंस कैपिटल के मुताबिक लेनदेन ऑडिटर की टिप्पणियों के आधार पर प्रशासक ने 22 अक्टूबर को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के समक्ष कुल सात कंपनियों को भुगतान के संबंध में आवेदन दायर किया है। किसे किसे दिए लोनः रिपोर्ट की मानें तो रिलायंस एंटरटेनमेंट नेटवर्क को 1,142.08 करोड़ रुपये , रिलायंस यूनिकॉर्न एंटरप्राइजेज को 203.01 करोड़ रुपये, रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट (आरबीईपीएल) को 162.91 करोड़ रुपये, रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क 13.52 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, रिलायंस अल्फा सर्विसेज को 39.30 करोड़ रुपये और जैपक डिजिटल एंटरटेनमेंट (जपाक) को 17.24 करोड़ रुपये के कर्ज का असर भी रिलायंस कैपिटल पर पड़ा है।

## महानगरों में स्थिर है पेट्रोल-डीजल का भाव

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। राष्ट्रीय बाजार में पिछले कई महीनों से तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। भारतीय तेल कंपनियों ने आज (शनिवार), 29 अक्टूबर के लिए भी देशभर में पेट्रोल-डीजल के लेटेस्ट रेट अपडेट कर दिए हैं. भारत में आज भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई समेत देश के सभी शहरों में वाहन ईंधन के भाव स्थिर हैं। देश की राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और एक लीटर डीजल का भाव 89.62 रुपये पर ही टिका है. नोएडा में पेट्रोल की कीमत 96.79 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर है. इसके अलावा गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है और डीजल की कीमत 89.75 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है. वहीं, गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमत 97.18 रुपये और डीजल 90.05 रुपये प्रति लीटर है।

# करोड़ों के लालच में पराग एंड टीम ने नहीं दिया इस्तीफा !



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। ट्विटर का मालिकाना हक आखिरकार दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के पास आ गया है। मस्क ने कमान संभालते ही माइक्रो ब्लॉगिंग साइट के सीएफओ, सीईओ और पॉलिसी चीफ को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार (28 अक्टूबर) को ट्विटर हेडक्वार्टर में पहुंचने के बाद मस्क ने पहला काम सीईओ पराग अग्रवाल, चीफ फाइनेंशियल ऑफिर नेड सेगल और लीगल हेड विजया गाड्डे को बाहर का रास्ता दिखाने का ही किया। कंपनी के पॉलिसी चीफ शीन एजेट को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कस्टमर रिलेशन देखने वाली साराह पर्सोनेट को भी निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इनमें से कम से कम एक को सुरक्षाकर्मियों ने जबरन ट्विटर मुख्यालय से बाहर किया। हालांकि एक बात यहां क्लियर है कि बाहर किए गए ट्विटर के आला अधिकारियों को आने वाले समय में मस्क की ट्विटर के तरफ से एक बड़ी राशि मिलने वाली है। यहां अहम सवाल यह है कि जिस व्यक्ति को ट्विटर की कमान सौंपने के लिए कंपनी कोर्ट तक गई थी उसके कंपनी हेडक्वार्टर में घुसते ही आला अधिकारियों को जबरन बाहर क्यों कर दिया गया? सबकुछ जानते-समझते हुए पराग अग्रवाल और उनकी टीम फजीहत झेलने के लिए ट्वविटर में क्यों बनी रही? क्या इस सबके पीछे का मकसद कुछ और था? इन सवालों के जवाब तक पहुंचने के लिए पहले यह जान लेना जरूरी है कि मस्क की ट्विटर में इंट्री के बाद बाहर किए गए फर्स्ट लाइन एग्जीक्यूटिव्स को कितनी राशि मिलने वाली है? मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार ट्विटर के शीर्ष दो अधिकारियों जिनमें सीईओ पराग अग्रवाल और सीएफओ नेड सेगल शामिल हैं उन्हें कंपनी के नए मालिक एलन मस्क की ओर से बर्खास्त किए जाने के बाद लगभग सौ मिलियन डॉलर (भारतीय रुपये में करीब 822 करोड़ 87 लाख 70 हजार रुपये) का सैपरेशन पैकेज मिल सकता है।

## एलन मस्क ने ट्विटर खरीदते ही दी गुड न्यूज, भारतीयों को मिला 'एडिट ट्वीट' बटन

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। ट्विटर ने भारत में 'एडिट ट्वीट' बटन लॉन्च कर दिया है। एलन मस्क के कंपनी टेकओवर करते ही यह बदलाव दिखा। पे-टीएम के फाउंड विजय शेखर शर्मा ने अपने ट्वीट को एडिट करके जानकारी दी।

नए फीचर में, आपको ट्वीट के बगल में मौजूद तीन डॉट्स पर क्लिक करने पर 'एडिट ट्वीट' का विकल्प दिखेगा। शर्मा ने एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है जिसमें 'एडीट ट्वीट' का ऑप्शन दिख रहा है। फिलहाल यह विकल्प आईफोन यूजर्स के लिए इनेबल किया गया लगता है। एडिटेड ट्वीट पर यूजर्स को एक डिस्क्लेमर दिखेगा जिसमें आखिरी बार एडिट का वक्त बताया जाएगा।

## गिरावट से परेशान गुजरात के किसान फ्री में बांटेंगे लहसुन

गांधीनगर, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। खुले बाजार के साथ-साथ कृषि उत्पादक बाजार समिति (एपीएमसी) में लहसुन की कीमतों में तेज गिरावट से परेशान किसान अपनी उपज गरीबों में मुफ्त में बांट रहे हैं। गुजरात किसान संगठन शनिवार को गांधीनगर में 4000 किलोग्राम लहसुन का वितरण करेगा।

गुजरात किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह जाला ने आईएएनएस को बताया कि प्रति एकड़ लहसुन की उत्पादन लागत 37,100 रुपये और प्रति एकड़ लहसुन की उपज 3000 किलो है। आज लहसुन का बाजार भाव 20 रुपये गिर गया है, जिसकी कीमत सिर्फ 150 रुपये है। किसान को एक एकड़ जमीन पर काटी गई फसल से मुश्किल से 22.50 रुपये की कमाई हो रही है। उनकी शिकायत है कि किसानों को प्रति एकड़ 14,600 रुपये का घाटा हो रहा है। किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है कि राज्य और केंद्र सरकार बागवानी फसलों के लिए भी एमएसपी की घोषणा करती है।

# भारत ने यूएई के सामने उठाए कृषि क्षेत्र और चावल निर्यात संबंधी मुद्दे

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियाव)। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हुई बैठक में कृषि क्षेत्र और चावल निर्यातकों की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। भारत-यूएई परिषद अध्यक्ष सांसद और भारत यूएई संयुक्त कार्यबल के सदस्य एस. विक्रमजीत सिंह ने यूएई के विदेश व्यापार राज्यमंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी से मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच किए गए दो प्रमुख समझौतों के कारण द्विपक्षीय कारोबार नई ऊंचाइयां छू रहा है। दोनों देशों के बीच वार्ता व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईपीए) और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्षों के मुताबिक ही हुई।



सिंह ने कीटनाशक मौजूद होने की बात कह भारतीय निर्यातकों के चावल अस्वीकार करने की समस्या उठाई। उन्होंने दोनों देशों को स्वीकार्य मानकों और लैब की स्थापना, भारत के फार्मा उत्पादों को तीव्र गति से स्वीकृति पर बल दिया। उन्होंने यूएई में निवेश की न्यूनतम सीमा कम करने पर भी बल दिया। वर्तमान में यह 10 करोड़ दिरहम है। उन्होंने भारत-यूएई के द्विपक्षीय निवेश पर जल्द निर्णय लेने, दोनों देशों के संयुक्त उद्यमों पर काम सुव्यवस्थित करने पर भी बल दिया। यूएई के मंत्री ने भारत के साथ व्यापार की स्थिति पर संतोष जताया। साथ ही भारत में निवेश का भरोसा दिया।

**पंजाब के साथ सहयोग का भी उठाया मुद्दा**

एस. विक्रमजीत सिंह ने पंजाब के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर राज्य और यूएई के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर विमर्श किया। उन्होंने पंजाब के आधारभूत ढांचे में निवेश, बासमती निर्यात, कृषि प्रसंस्करण सेक्टर पर विचार विमर्श किया।

# दक्षिणी फिलीपींस में भारी बारिश से बाढ़ और भूस्खलन

## अब तक 72 की मौत



मनीला, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलीपींस के एक दक्षिणी प्रांत में रातभर बारिश की वजह से आई बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 72 लोगों की खबर सामने आई है। इसके अलावा नौ लोगों के लापता होने की खबर है। बताया गया है कि इस बारिश की वजह से प्रांत में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई, जिसके चलते लोग अपने घरों में फंसे हैं। पूर्व गुरिल्ला लड़ाकों द्वारा प्रशासित पांच मुस्लिम स्वायत्त प्रांतों के गृह मंत्री नगुइब सिनारिम्बो के मुताबिक, मैगुइन्डानाओ प्रांत के तीन शहर प्राकृतिक आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हैं। यहां अधिकतर मौतें लोगों के बाढ़ में डूबने या मलबे में दबने से हुई हैं।

सिनारिम्बो ने बताया, 'पूरी रात भारी बारिश से मलबे के साथ पानी पहाड़ों से होते हुए नदियों में आया जिससे बाढ़ आ गई। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हताहतों की संख्या नहीं बढ़ेगी लेकिन अब भी कुछ इलाके हैं जहां पर हम नहीं पहुंच पाए हैं।' उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह से बारिश की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है, जिससे कई शहरों में बाढ़ का पानी घट रहा है। सिनारिम्बो ने बताया कि मेयर, गवर्नर और आपदा प्रबंधन अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 26 लोगों की मौत पड़ोसी तटीय शहर दातू ओडिन सिन्सुआट और दातु ब्लाह सिन्सुआट में हुई है जबकि पांच लोगों की जान उपी शहर में गई है। दातु ब्लाह सिन्सुआट के महापौर मार्शल सिन्सुआट के मुताबिक शहर में पांच लोग लापता हैं।

सिनारिम्बो के मुताबिक चार और लोगों के अन्य स्थानों से लापता होने की सूचना है। मौसम विभाग का कहना है कि तूफान नालगेई की वजह से इलाके में भारी बारिश हो रही है और इसके शनिवार को पूर्वी तट के इलाके में टकराने की आशंका है।

सरकारी मौसम वैज्ञानिक सैम दुरान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उत्तरी समर प्रांत के पूर्वी शहर काटरमैन से 180 किलोमीटर दूर था और यह उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ रहा है जिससे 85 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं बहेंगी। तटरक्षक बल ने बताया कि साल के 16वें तूफान के मद्देनजर राजधानी मनीला सहित दर्जनों प्रांत और शहरों को अलर्ट पर रखा गया हैं। उन्होंने बताया कि मत्यस्य नौकाओं और मालवाहक पोतों की अंतरद्वीपीय यात्रा पर रोक लगा दी गई है और हजारों यात्री फंसे हुए हैं। एक अन्य अधिकारी और सरकारी मौसम पूर्वानुमान इकाई ने बताया कि करीब पांच हजार लोगों को चक्रवात के मद्देनजर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। हालांकि,इसके जमीन से टकराने के बाद ताकतवर होने की उम्मीद नहीं है।

## अमेरिका के एक घर में लगी आग, 8 की मौत

**इनमें 6 बच्चे और 2 संदिग्ध, पुलिस को मर्डर का शक**

वॉशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के ओक्लाहोमा के एक घर में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें 6 बच्चे और दो संदिग्ध शामिल हैं। बच्चों की उम्र 1 से 13 साल के बीच है। ब्रोकन एरो पुलिस के मुताबिक, आग गुरुवार शाम 4 बजे लगी। जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी ज्यादा थी की लोगों की जान नहीं बच पाई। ब्रोकन एरो फायर चीफ जेरेमी मूर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ये नहीं कहा जा सकता की आग लगने की वजह से ही मौतें हुई है। घटना की वजह सुसाइड या मर्डर भी हो सकती है। आग घर के पिछले कमरे में लगी।

# ट्विटर 'समझदार हाथों' में, लेकिन मेरे बिना सफल नहीं हो सकता : ट्रंप



सैन फ्रांसिस्को, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के लिए एलन मस्क की सराहना करते हुए कहा कि माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म अब 'समझदार हाथों' में है। हालाँकि, उन्होंने अपने स्वयं के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर यह खुलासा नहीं किया कि वह उस प्लेटफॉर्म पर वापसी करना चाहते हैं जिसने जनवरी 2021 में कैपिटल हिल दंगों के बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। ट्रम्प ने एक पोस्ट में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि ट्विटर अब समझदार हाथों में है और अब रेडिकल लेफ्ट ल्यूनेटिक्स और पागलों द्वारा नहीं चलाया जाएगा जो वास्तव में हमारे देश से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा, मैं एलन को पसंद करता हूं और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि वह इसके साथ अच्छा करेंगे। ट्रथ सोशल इस महीने की शुरुआत में गूगल प्ले स्टोर पर फिर से सामने आया जब टेक दिग्गज ने अपनी नीतियों को पूरा करने में विफल रहने पर अगस्त में इसे प्रतिबंधित कर दिया। प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं पर कंटेंट मॉडरेशन उपायों को लागू करने के लिए सहमत हुआ। यह अब यूएस में 44 प्रतिशत से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है जो एंड्रॉइड पर हैं। मस्क ने ट्रथ सोशल ऐप को 'राइट-विंग इको चेंबर' का 'ट्रम्पेट' कहा। टेस्ला के सीईओ ने कहा कि साइट को ट्रथ सोशल का समकक्ष बनने से बचाने के लिए उन्होंने ट्विटर खरीदा।

# विविधता में एकता का आलौकिक स्वरूप 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम



नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। समदृष्टि के भाव को दर्शाते हुए 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ दिनांक 16 से 20 नवम्बर तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा ग्राउंड (हरियाणा) में आयोजित होने जा रहा है। संत समागम की तैयारिया लगभग सम्पन्नता की ओर है। 75वां वार्षिक निरंकारी संत समागम स्वंय में ऐतिहासिक एंव अनूठा है क्योंकि इन दिव्य संत समागमों की अविरल श्रृंखलाओं ने सफलतापूर्वक अपने 74 वर्ष सम्पन्न कर लिये है।

विभिन्न त्यौहारों के इस समय में सभी श्रद्धालु भक्त अपने पारिवारिक दायित्वों को निभाते हुए संत समागम सेवाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सत्गुरु माता जी भी समागम स्थल की संपूर्ण गतिविधियों का अवलोकन कर रहे हैं और उनके पावन दर्शनों की प्राप्ति कर सभी भक्तजन स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। अपने सत्गुरु के दिव्य दर्शनों की प्राप्ति से भक्तों में भी सेवा का और अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। आध्यात्म के इस आलौकिक स्वरूप को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो जैसे समागम सेवाओं में सम्मिलित होने वाला प्रत्येक भक्त दिव्यता के वातावरण में प्रतिपल भक्तिमय हो रहा हो। इस वर्ष के 75वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में भारत एंव दूर देशों से अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होंगे। समागम स्थल पर सत्संग पंडाल के अतिरिक्त रिहायशी टेंट भी लगाए जा रहे हैं जहाँ बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए ठहरने तथा लंगर इत्यादि की उचित व्यवस्था होगी। साथ ही अलग-अलग मैदानों में कुछ कैन्टीनों की भी सुविधाएं दी जायेंगी जिसमें जलपान इत्यादि वस्तुएं रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त मैदानों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही पार्किंग, सुरक्षा इत्यादि की भी उचित व्यस्था की जा रही है ताकि आने वाले सभी भक्तों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सत्संग पंडाल के आसपास संत निरंकारी मण्डल के विभिन्न विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि के कार्यालय भी होंगे। प्रकाशन विभाग की ओर से अगल-अलग स्थानों पर स्टॉल लगाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त मिशन के इतिहास एंव सम्पूर्ण समागम के स्वरूप को निरंकारी प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण के रूप में दर्शाया जायेगा। इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित होने वाले भक्तों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा आध्यात्मिक स्थल समालखा के निकट भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन पर लगभग सभी ट्रेनों के रूकने की अनुमति दी गयी है। इस सुविधा से रेलयात्रा करने वाले भक्तगण लाभान्वित हो सकेंगे। इस दिव्य संत समागम का उद्देश्य मानवता एंव भाईचारे की भावना को दृढ़ता प्रदान करना तथा 'रूहानियत में इंसानियत' के महत्व को दर्शाना है जो केवल ब्रह्मानुभूति से जुड़कर ही संभव है।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की अर्द्धवार्षिक बैठक संपन्न

## हैदराबाद-सिकंदराबाद स्थित उपक्रमों को पुरस्कार मिलने पर बधाई




नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कार्यान्वयन समिति की 56वीं अर्द्धवार्षिक बैठक दि. 28 अक्तूबर को बी डी एल के सी एम डी एवं समिति के अध्यक्ष कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर मिधानि के सी एम डी डॉ संजय कुमार झा, ईसीआईएल के निदेशक (कार्मिक) समीर मुखर्जी सहित सदस्य कार्यालयों के प्रधान के रूप में कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक, राजभाषा प्रधान और हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद की उप निदेशक डॉ बेला कक्कड़, सहायक निदेशक कमालुद्दीन तथा श्रीराम सिहं शेखावत, प्राध्यापक विशेष रूप से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का उद्घाटन करते हुए समिति के अध्यक्ष ने 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर सुरत में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान एन एम डी सी को 'ग' क्षेत्र के कार्यालयों की श्रेणी में राजभाषा कीर्ति - तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने और नगर राजभाषा समिति तथा एच पीसी एल कार्यालय को क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सभी पुरस्कार सबकी निष्ठा,मेहनत और आपसी सहयोग के प्रमाण हैं। इस बात के साथ-साथ सबने हिन्दी के माध्यम से अपने मुख्य कामकाज याने व्यवसाय को भी साधने की कोशिश की है जिसमें सफलता भी मिलने लगी है।

तदुपरांत, समिति के सदस्य सचिव होमनिधि शर्मा, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), बी डी एल ने समिति की पिछली बैठक से अब तक संपन्न गतिविधियों पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ-साथ आने वाले तीन-चार महीनों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इन कार्यक्रमों में लघु कार्यालयों के लिए संयुक्त हिन्दी कार्यशाला, राजभाषा सम्मलेन और नव-नियुक्त राजभाषाकर्मियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आदि शामिल है। बैठक के अगले चरण में हिन्दी शिक्षण योजना की उप निदेशक डॉ बेला कक्कड़ ने राजभाषा विभाग की ओर से संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये उपक्रमों की ओर से प्राप्त नामांकन व ऑनलाइन कक्षाओं में प्रतिभागिता के प्रति सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण के लिये शेष अधिकारी और कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से नामित करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन की हैदराबाद शाखा की ओर से कार्यालय प्रधान शिवशंकरी मुरुगन ने प्रभावी राजभाषा कार्यान्वयन पर एक कंप्यूटर प्रस्तुत दी जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। मंचासीन उच्चाधिकारी मिश्र धातु निगम लिमिटेड के सी एम डी डॉ.संजय कुमार झा, ई सी आई एल के निदेशक (कार्मिक) समीर मुखर्जी ने भी चर्चित बातों को रेखांकित करते हुए समिति के कार्यकलापों पर प्रसन्नता व्यक्त की और हासिल उपलब्धियों के लिए सभी को बधाई दी। चर्चा सत्र के दौरान उपस्थित सदस्य कार्यालयों के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकगण ने भी अपने विचार रखे और सभी ने समिति के कार्यकलापों को आगे बढ़ाने में अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

इसके बाद समिति के अध्यक्ष एवं सी एम डी, बी डी एल कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सदस्य कार्यालयों द्वारा किए जा रहे कामकाज पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिन मदों में भी थोड़ी-बहुत कमियां हैं उनको ध्यान देकर दूर किया जा सकता है।

# ब्रिटिश क्वीन कैमिला के प्लेन से टकराया पक्षी

## बेंगलुरु से लंदन जा रही थीं, लैंडिंग के दौरान हुआ हादसा



लंदन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटिश एयरवेज बोइंग 777-200ER विमान (G-YMMJ) बेंगलुरु से लंदन जा रहा था। लैंडिंग के दौरान प्लेन से एक पक्षी टकरा गया। इस वजह से विमान का आगे वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पायलट की सूझ-बूझ से बड़ी दुर्घटना होने से टल गई।

सभी यात्री भी सुरक्षित

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, बकिंघम पैलेस ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। एक अधिकारी ने कहा- पायलट ने सूझ-बूझ दिखाई और प्लेन को लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करवाया। कैमिला के साथ-साथ बाकी सभी यात्रियों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**12 साल में 7वीं बार बेंगलुरु पहुंची कैमिला**

क्वीन कैमिला बेंगलुरु में सौक्या होलिस्टिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का दौरा करने पहुंची थीं। यहां उन्होंने मेडिकल गार्डन का दौरा किया। इसके अलावा संगीत कार्यक्रम में शिरकत की और डॉक्टरों से बातचीत की। कैमिला अपने दोस्तों के साथ 10 दिवसीय दौरे पर बेंगलुरु आई थीं।

# स्पीकर नैंसी पेलोसी के घर पर हमले में पति पॉल पेलोसी गंभीर रूप से घायल




वॉशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की स्पीकर नैंसी पेलोसी के कैलिफोर्निया स्थित घर पर अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया। शुक्रवार सुबह हुए इस हमले में पेलोसी के पति पॉल पेलोसी को सिर में गंभीर चोटें आईं। उनके सिर की सर्जरी की गई। पॉल पेलोसी को सिर के अलावा हाथों में भी चोट आई है। स्पीकर पेलोसी द्वारा जारी बयान के हवाले से सीएनएन ने यह खबर दी।

अपने पति पर प्राणघातक हमले को लेकर उनके प्रति सहानुभूति जताने वालों के प्रति स्पीकर ने आभार व्यक्त किया है। बयान में कहा गया है कि पॉल पेलोसी के सिर की सर्जरी की गई है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान अभी उजागर नहीं की गई है। फिलहाल हमले की वजह सामने नहीं आ पाई है।

# अगले वर्ष अक्टूबर में साइके मिशन को लॉन्च करेगी अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी



वाशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की है कि वह अगले साल अक्टूबर में इसी नाम के एक क्षुद्रग्रह की जांच के उद्देश्य से अपने विलंबित साइके मिशन को लॉन्च करेगी। नासा ने 2017 में इसी नाम के धातु-समृद्ध क्षुद्रग्रह की जांच के लिए मानस का चयन किया था। यह एजेंसी के डिस्कवरी प्रोग्राम का हिस्सा है, जो कम लागत वाले, प्रतिस्पर्धी मिशनों की एक पंक्ति है, जिसका नेतृत्व एकल प्रमुख अन्वेषक करते हैं।

इस साल की शुरूआत में, साइके ने मिशन विकास समस्याओं के परिणामस्वरूप 2022 की अपनी योजनाबद्ध लॉन्च अवधि को याद किया, जिससे आंतरिक समीक्षा हुई कि क्या मिशन 2023 में सफलतापूर्वक लॉन्च करने के लिए इन मुद्दों को दूर करने में सक्षम होगा या नहीं। वाशिंगटन में नासा के विज्ञान मिशन निदेशालय के सहयोगी प्रशासक थॉमस जुबुर्चेन ने कहा, साइके से सीखे गए सबक हमारे पूरे मिशन पोर्टफोलियो में लागू किए जाएंगे। मैं विज्ञान की अंतर्2ष्टि के बारे में उत्साहित हूं, जो साइके अपने जीवनकाल के दौरान प्रदान करेगा और हमारे अपने ग्रह के मूल की हमारी समझ में योगदान करने का वादा करता है।

# सिर्फ रूस में ही नहीं, अमेरिका में भी हो गई है अब हथियारों की कमी

वाशिंगटन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। आठ महीनों से यूक्रेन में चल रहे युद्ध के कारण न सिर्फ रूस, बल्कि अमेरिका के हथियारों का जखीरा भी खाली हो रहा है। इस कारण यूक्रेन को हथियारों की मदद देने का अपना वादा निभाने में अमेरिका को मुश्किल पेश आ रही है। इसका असर यूक्रेन की युद्ध क्षमता पर पड़ सकता है।

ये बात खुद अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी मंजूर कर चुके हैं। ऑस्टिन ने 12 अक्तूबर को ब्रसेल्स में दुनिया भर की लगभग 50 हथियार निर्माता कंपनियों के अधिकारियों से बातचीत के बाद पत्रकारों से कहा था- 'हमने अपने उद्योगों पर हथियारों का उत्पादन बढ़ाने के लिए दबाव बनाया है, ताकि यूक्रेन की रक्षा के साथ-साथ हम अपनी सुरक्षा जरूरतों को भी पूरा कर सकें।' ऑस्टिन के इस बयान के बाद से पश्चिमी देशों के अस्त्र भंडार को लेकर मीडिया में चर्चा जारी रही है। टीकाकारों के मुताबिक ऑस्टिन का बयान इस बात का संकेत है कि अगर हथियार निर्माता कंपनियों ने अपना उत्पादन तेजी से नहीं बढ़ाया, तो पश्चिमी देशों के पास हथियारों की कमी हो सकती है। यूक्रेन में इस वर्ष 24 फरवरी को रूस ने अपनी विशेष सैनिक कार्रवाई शुरू की थी। उसके बाद से अमेरिका यूक्रेन को 17.6 बिलियन डॉलर के सुरक्षा उपकरण देने का वादा कर चुका है। इनमें कुछ उपकरणों की सप्लाई अगले कई वर्षों के दौरान होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि यह एक तरफ इस बात का संकेत है कि अमेरिका लंबे समय तक यूक्रेन की सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है, लेकिन इससे अमेरिका की हथियार सप्लाई करने की सीमित क्षमता का भी संकेत मिलता है। अमेरिकी थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैनसियन ने कहा है- 'प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले कुछ अमेरिकी हथियारों की संख्या न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। इससे यहां इस प्रश्न को लेकर चिंता है कि अगर कोई दूसरा युद्ध भी भड़क उठा, तो क्या होगा।'

कैनसियन ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम को बताया कि अमेरिका ने अपने वादे की तुलना में आधे होवित्जर आर्टिलरी सिस्टम ही यूक्रेन को दिए हैं। ऐसा संभवतः इसलिए हुआ है, क्योंकि अगर इससे अधिक सप्लाई की गई, तो उससे अमेरिका की अपनी युद्ध क्षमता प्रभावित होगी। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने इसी वेबसाइट को बताया कि हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (हिमार्स) की भी अब अमेरिका में कमी महसूस की जा रही है।

# पाकिस्तान में बढ़ते टकराव के बीच हिंसा का अंदेशा



इस्लामाबाद, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के लाहौर से इस्लामाबाद तक के लॉन्ग मार्च में हजारों लोग उनके साथ चल पड़े हैं। इस आयोजन के दौरान पाकिस्तान में इमरान खान की ऊंची लोकप्रियता की झलक एक बार फिर देखने को मिल रही है। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने शुक्रवार को लाहौर के लिबर्टी चौक से ये मार्च शुरू किया। उनकी मांग देश में आम चुनाव का तुरंत एलान करने की है। वैसे नेशनल असेंबली के चुनाव में अभी लगभग एक साल बाकी है।

अपने समर्थकों के बीच 'कप्तान' नाम से मशहूर इमरान खान ने इसके पहले इसी मांग पर जोर डालने के लिए बीते मई में भी इस्लामाबाद तक मार्च आयोजित किया था। तब हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच उन्हें बिना अपना मकसद हासिल किए मार्च को खत्म करना पड़ा था। शुक्रवार को लाहौर में उन्होंने कहा- अब हालात उस मुकाम पर पहुंच गए हैं, जब लोग इस 'आयातित सरकार' को तुरंत हटाने की मांग कर रहे हैं। पीटीआई के इस कार्यक्रम की वजह से यहां राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है। सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा है। राजधानी में पुलिस, रेंजर्स और अन्य अर्ध सैनिक बलों के 30 हजार से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है, ताकि मार्च अति सुरक्षा वाले इलाकों में प्रवेश ना कर सके। उधर राजनीतिक टीकाकरों के बीच इस मार्च के संभावित परिणामों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत में लेखक और राजनीतिक टीकाकार डॉ. रसूल बख्श रईस ने कहा- 'इस मार्च से ऐसे बड़े टकराव का अंदेशा है, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। इसमें अब कोई शक नहीं बचा है कि इमरान खान का सीधा मुकाबला एस्टेब्लिशमेंट से है।'

पाकिस्तान में सेना और खुफिया तंत्र के नेतृत्व को एस्टेब्लिशमेंट नाम से जाना जाता है। राजनीति विश्लेषक मुशर्रफ जैसी ने कहा है- 'इस मार्च से इमरान की ऊंची लोकप्रियता पर तो कोई उलटा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इसकी वजह से शहबाज शरीफ सरकार के गिरने की संभावना भी नहीं है। यह जरूर है कि इससे शरीफ सरकार की शासन करने की क्षमता में सेंध लग जाएगी।' राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. उमैर जावेद ने कहा है- 'अधिक संभावना इस बात की है कि बड़े पैमाने पर उथल-पुथल को रोकने के लिए सेना की मदद ली जाएगी।

## सेना व आईएसआई के खिलाफ इमरान के हमले तेज, पार्टी सांसद ने लगाए गंभीर आरोप, दो नामों का किया खुलासा

इस्लामाबाद, पाकिस्तान की सियासत में इन दिनों बहुत कुछ चल रहा है। एक तरफ इमरान खान सरकार के खिलाफ आजादी मार्च का एलान कर चुके हैं, तो दूसरी तरफ सेना के खिलाफ उनके जुबानी हमले भी जारी हैं। इस बीच इमरान खान की पार्टी के एक सांसद आजम खान स्वाति ने आईएसआई व सेना पर बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने सैन्य अधिकारियों पर हिरासत के दौरान प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दरअसल, आजम खान स्वाति ने 13 अक्तूबर को सेना प्रमुख जनरल बाजवा के खिलाफ एक ट्वीट पोस्ट किया था, जिसके बाद उन्हें एफआईए ने गिरफ्तार कर लिया था।

# 7 महीने से बेहोश महिला ने बिटिया को जन्म दिया

## आंखें खुलीं, लेकिन बोलती-समझती नहीं, नॉर्मल डिलीवरी से डॉक्टर हैरान

लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। 23 साल की शाफिया। शादी के बाद सिर्फ कुछ दिन पति के साथ रह पाईं। करीब 7 महीने पहले एक्सीडेंट के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में एडमिट कराया गया। अब शाफिया एक बच्ची की मां हैं। हॉस्पिटल में एडमिट होने से मां बनने तक शाफिया के हिस्से में सिर्फ बेहोशी है। वह आंखें तो खोल पाती हैं, लेकिन बोलती-समझती कुछ नहीं। उनकी डिलीवरी कराने वाले डॉक्टर के 22 साल के करियर में यह ऐसा पहला मामला है।

हो सकता है आपको लगे कि ये तो चमत्कार है, लेकिन ऐसा है नहीं। इसके पीछे उन डॉक्टर्स की जी-तोड़ मेहनत है, जिन्होंने हर दिन शाफिया का ख्याल रखा। शाफिया के पति हैदर का मजबूत इरादा है, जो हर मुश्किल में पत्नी के साथ खड़े रहे।

यही वजह है कि 7 महीने पहले जिस महिला के बचने की डॉक्टर्स को सिर्फ 10-15% उम्मीद थी, वह आज न सिर्फ जिंदा है बल्कि एक बेटी की मां भी है। हालांकि, शायद उसे पता भी नहीं है कि वह मां बन चुकी है। 20 अक्टूबर को शाफिया ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। रोड एक्सीडेंट के वक्त वह 40 दिन की प्रेग्नेंट थी। इलाज के बावजूद उसे पूरी तरह होश नहीं आया।

**शादी के डेढ़ महीने बाद एक्सीडेंट, फिर लंबी नींद**

यूपी के बुलंदशहर की रहने वाली शाफिया की शादी को करीब डेढ़ महीने हुए थे। 31 मार्च को शाफिया पति हैदर के साथ बाइक से जा रही थीं। अचानक उनका दुपट्टा बाइक में फंसा और वो गिर गईं। दोनों ने हेलमेट नहीं लगाया था। शाफिया जमीन पर गिरीं और उनके सिर में गहरी चोट आई। हैदर शाफिया को पास के हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया।

31 मार्च की रात को शाफिया को बेहोशी की हालत में एम्स लाया गया। न्यूरोसर्जरी प्रोफेसर डॉ. दीपक गुप्ता बताते हैं कि महिला को तुरंत एडमिट कर सर्जरी की गई। प्रेग्नेंसी टेस्ट कराया तो वह 40 दिन की प्रेग्नेंट थी। डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि बच्चा सुरक्षित है। उन्होंने महिला के परिवार से बात की। अब फैसला करना था कि प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट करना है या नहीं।

पति हैदर ने कहा कि वह बच्चा चाहता है। 12-14 हफ्ते बाद लेवल-2 अल्ट्रा सोनोग्राफी टेस्ट




से पता चला कि बेबी स्वस्थ है और उसका शरीर भी डेवलप हो रहा है।

**पति ने कहा- मेरा एक्सीडेंट होता तो शाफिया भी साथ देती, मैं कैसे पीछे हट जाऊं**

एक्सीडेंट के बाद हैदर की जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। पहले टैक्सी चलाते थे, लेकिन पत्नी को हादसे के बाद होश नहीं रहा। शाफिया की देखभाल के लिए काम छोड़ दिया।

एम्स के ट्रॉमा सेंटर वार्ड में शाफिया को देखने पहुंचा तो उनकी नाक में नली लगी हुई थी। आंखें खुली थीं और वह पंखे को एकटक देख रही थीं। पिछले 7 महीनों से बेड पर रहने से शाफिया का शरीर एकदम सूख गया है। नली से सिर्फ दूध अंदर जाता है और उसी के सहारे वह जिंदा हैं।

हैदर उनके पास गए और उन्हें अपने दोनों हाथों से उठाकर बेड के ऊपर की तरफ खिसकाने लगे। उनकी चादर, कंबल को दुरुस्त करने के बाद हैदर बाहर आए। इसके बाद मैंने हैदर से करीब 2 घंटे बात की।

हैदर मीडिया से बात करते हिचकते हैं। उनके पास इसकी वजह है। एक्सीडेंट हुआ तब एक न्यूज चैनल ने उनकी बातों को कम्युनल एंगल देकर खबर लिख दी। इसलिए अब वे मीडिया पर जल्दी भरोसा नहीं कर पाते। हैदर ने अपने मोबाइल के वॉलपेपर पर अपनी नन्ही बच्ची की फोटो लगा रखी है।

**अब हैदर के जज्बात से गुजरिए**

हमारी शादी को डेढ़-दो महीने ही हुए थे, जब ये एक्सीडेंट हुआ। इलाज शुरू हुआ तो उम्मीद नहीं थी कि शाफिया बच भी पाएगी। मैंने बीते 7 महीने का हर लम्हा शाफिया को बचाने में लगाया है। अगर शाफिया की जगह मेरी ये हालत होती, तो वह खुशी-खुशी ताउम्र मेरा ख्याल रखती। मुझे ये भरोसा है।

**बेबी की जिंदगी और उसकी परवरिश, ये फैसला सबसे मुश्किल था**

डॉ. गुप्ता का कहना है- मेरे करियर में ये केस कई मायनों में अलग रहा। हमारे सामने सवाल था कि क्या हम पेशेंट के पेट में पल रहे स्वस्थ बच्चे को टर्मिनेट करें? वहीं दूसरी तरफ हमारे पास एक बेहोश मां थी, जो बच्चा पैदा होने के बाद उसकी परवरिश नहीं कर सकती थी। उस बच्चे को मां का प्यार और पोषण नहीं मिल पाएगा। एक तरफ बच्चे की जिंदगी दांव पर थी तो दूसरी तरफ उसकी परवरिश खोने का डर था। पूरी प्रोसेस में यही फैसला सबसे मुश्किल था। आखिरकार महिला के पति हैदर को ही तय करना था कि वह पत्नी की प्रेग्नेंसी को जारी रखना चाहते हैं या टर्मिनेट करना चाहते हैं। हैदर ने फैसला लिया कि वह शाफिया के साथ अपने बच्चे को भी बचाना चाहते हैं।

डॉ. दीपक गुप्ता के मुताबिक जब भी इस उम्र की कोई महिला न्यूरो डिपार्टमेंट में आती है तो हम प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाते ही हैं। ज्यादातर केस में प्रेग्नेंसी या तो अपने आप टर्मिनेट हो जाती है या फिर परिवार वाले टर्मिनेट करने का फैसला ले लेते हैं।

**सबसे बुनियादी, लेकिन जरूरी बात**

एक्सीडेंट के वक्त हैदर और शाफिया दोनों ने हेलमेट नहीं लगाया था। डॉ. गुप्ता कहते हैं कि इस केस के जरिए हमें ये समझना होगा कि अगर उस दिन दोनों ने हेलमेट लगाया होता तो सिर में जो इंजरी हुई है, वह न होती। थोड़े-बहुत ट्रीटमेंट के बाद पेशेंट ठीक हो जाता। सिर्फ हेलमेट न लगाने की वजह से आज तक जिंदगी और मौत के बीच महिला का संघर्ष चल रहा है।

# करंट लगने से हाथी की मौत डर कर गांव वाले करने लगे पूजा



तमाड़, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के डिम्बूजर्दा पंचायत के एक धान के खेत में करंट लगने से एक हाथी की मौत हो गई। घटना गुरुवार की रात लगभग 12 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार, हाथियों का झुंड कई दिनों से गांव के आसपास डेरा जमाए हुए था। गुरुवार की रात लगभग 11 बजे तीन हाथियों के झुंड ने एक घर का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद देर रात भ्रमण के दौरान हाथी डोमन महतो के खेत में धान की फसल खाने पहुंचे, जहां खेत के बीच में झूल रहे 11 हजार वोल्ट बिजली के तार की चपेट में एक हाथी आ गया। बिजली विभाग की लापरवाही से बिजली का तार जमीन से सिर्फ आठ फीट की ऊंचाई पर झूल रहा है। गांव वालों ने हाथी के मौत की सूचना सुबह वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम रेंजर अमरनाथ भगत के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची और हाथी के शव को कब्जे में ले लिया।

रांची से आए पशु चिकित्सक ने शव का पोस्टमार्टम किया। वहीं हाथी के विसरा को सुरक्षित रख लिया गया। हाथी का दांत वन विभाग के अधिकारियों ने अपने पास रख लिया है। इसके बाद जेसीबी की मदद से बगल में गड्ढा खोदकर देर शाम तक हाथी का शव दफनाया गया। मौके पर खूंटी वनक्षेत्र के उप वन संरक्षक कुलदीप मीणा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बोरवाडीह-चोगाडीह गांव में करंट लगने से हाथी की मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के ग्रामीण मृत हाथी की पूजा-अर्चना करने लगे। ग्रामीणों का मानना है कि जिस गांव में हाथी की मौत होती है उस गांव में उसी दिन हाथियों का झुंड जहां मृत हाथी दफनाया जाता है उस जगह पर काफी देर तक मौजूद रहते हैं। इस दौरान हाथियों का झुंड गांव में कोई क्षति नहीं पहुंचाए, इसलिए ग्रामीण मृत हाथी की पूजा-अर्चना करने लगे।

तमाड़ वन क्षेत्र में दो साल के अंदर करंट लगने से अब तक तीन हाथी मर चुके हैं। दो साल पहले कुंदला खैर जंगल में एक हाथी ने करंट लगने से दम तोड़ दिया था। डेढ़ साल पहले तमाड़ के सोसोडीह गांव में बिजली तार की चपेट में आने से एक हाथी मर गया था।

# महामारी ने हमें सेहत की अहमियत बताई है

## जिनसे हम अपना और अपनी धरती का ख्याल रख सकते हैं

एक्सक्लूसिव डेस्क, 29 अक्टूबर। सौम्या स्वामीनाथन को आज दुनिया वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की चीफ साइंटिस्ट के तौर पर जानती है। कोविड के दौर में पूरी दुनिया उनकी हेल्थ एडवाइजरी का इंतजार करती थी। चेन्नई में जन्मीं सौम्या के पिता एम.एस. स्वामीनाथन को भारत में 'फादर ऑफ ग्रीन रिवोल्यूशन' कहा जाता है, जबकि उनकी मां मीना स्वामीनाथन एक प्रख्यात एजुकेशनिस्ट थीं जिन्हें ड्रामा के जरिये शिक्षा का मेथड डेवलप करने के लिए जाना जाता है। अपने माता-पिता की ही तरह सौम्या ने भी अपनी फील्ड में ख्याति पाई है। पेशे से बाल रोग विशेषज्ञ और क्लिनिकल साइंटिस्ट, सौम्या 2017 से 2019 तक डब्ल्यूएचओ में डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ प्रोग्राम्स के पद पर थीं। 2019 से वे अंतरराष्ट्रीय संस्था में चीफ साइंटिस्ट के पद पर हैं। यहां वे बता रही हैं कि कोरोना के बाद के दौर में हम अपना और धरती का ख्याल रखने के लिए क्या कर सकते हैं

आज के दौर में एक बात बिल्कुल साफ हो चुकी है हमारे ग्रह पृथ्वी की सेहत पर बहुत बड़ा खतरा है। और इस खतरे की वजह पिछले 100 से 200 सालों के बीच इंसानों की हरकतें ही हैं। मगर हम सभी एक व्यक्ति और एक समाज के तौर पर ऐसे कदम उठा सकते हैं जिससे न सिर्फ हमारी जिंदगी ज्यादा सेहतमंद होगी, बल्कि हमारा पर्यावरण भी सेहतमंद रहेगा। इंडसट्रियल क्रांति के दिनों से ही हम प्रकृति के संसाधनों, खासतौर पर फॉसिल फ्यूल्स का अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे हमारे जीवन का स्तर तो कई गुना सुधर गया है, मगर इससे धरती के रिसोर्सेज इतने ज्यादा इस्तेमाल हुए हैं कि कई प्रजातियां विलुप्त हो गईं।

महामारी के दौर ने हमें सेहत की अहमियत समझा दी है। एक अदृश्य वायरस ने पूरी दुनिया को घुटनों पर ला दिया! पूरी दुनिया के हर कोने में लोगों ने मुश्किलें झेलीं। किसी अमीर देश का नागरिक होना आपको प्रकृति के गुस्से से नहीं बचा सकता फिर चाहे बाढ़ हो, भूकंप या फिर कोई वायरस।

हालांकि इस दौर ने हमें यह मौका भी दिया है कि हम अपने जीने और प्रकृति से बात करने का तरीका बदलें। इससे न सिर्फ हमारी जिंदगी ज्यादा सेहतमंद और खुशनुमा होगी बल्कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक खूबसूरत धरती छोड़ पाएंगे।

**कुछ आसान से कदम जो हम इस दिशा में उठा सकते हैं**

### संतुलित खाना खाइए

लोकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कीजिए और प्रोसेस्ड फूड, खासतौर पर 'जंक फूड' से बचिए। भारत में ज्यादातर लोगों को खाने में पर्याप्त फल और सब्जियां या फिर प्रोटीन नहीं मिलता। जबकि अक्सर, हमें वाजिब दाम पर ऐसी सीजनल सब्जियां और फल मिलते हैं जो हमारे टेस्ट के मुताबिक होते हैं।

लोकल फल-सब्जियां और फूड प्रोडक्ट्स खाने से स्थानीय किसानों की मदद होती है और साथ ही हमारा कार्बन फुटप्रिंट भी कम होता है। जब हम कहीं दूर से फल-सब्जियां मंगाते हैं तो उनके ट्रांसपोर्ट में फॉसिल फ्यूल का इस्तेमाल हमारा कार्बन फुटप्रिंट बढ़ाता है।

नमक, चीनी और फैट्स का इस्तेमाल कम करना चाहिए और अनाज में फाइबर ज्यादा होना चाहिए। चावल या गेहूं के बजाय मोटे अनाज का इस्तेमाल फायदेमंद है। मीट, मछली, अंडे और डेयरी प्रोडक्ट्स में प्रोटीन बहुत होता है और तय मात्रा में लेना सेहत के लिए अच्छा है।

स्कूलों में दिए जाने वाले खाने में भी यह पैटर्न फॉलो किया जाना चाहिए। साथ ही अमरूद और साइट्रस फलों के रूप में विटामिन-सी लेने से शरीर में आयरन एब्जॉर्ब करने की क्षमता बढ़ती है और एनीमिया कम होता है।

### कसरत जरूर कीजिए

जब भी मौका मिले तो पैदल चलिए या साइकिलिंग कीजिए। रोज 30 मिनट की कसरत आपका वजन कंट्रोल रखने और दिल की फंक्शनिंग को सुधारने के लिए बहुत बढ़िया है। हमें हर उम्र में एरोबिक (वॉकिंग, साइकिलिंग, रनिंग, स्विमिंग, योग) और मांसपेशियों को मजबूत करने वाली कसरतों के कॉम्बिनेशन की जरूरत होती है। उम्र के साथ इस तरह के कॉम्बिनेशन की जरूरत भी बढ़ती जाती है।

किसी स्पेशल इक्विपमेंट की जरूरत नहीं है। घर का कोई भी भारी सामान (3 से 5 किलो) हाथों की कसरत करने में इस्तेमाल किया जा सकता है।


सौम्या स्वामीनाथन

हमारा लक्ष्य बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 18 से 23 की हेल्दी रेंज में रखना होना चाहिए।

जिन लोगों की जॉब मुख्यतः बैठकर काम करना है, उनके लिए फिजिकल एक्टिविटी खासतौर पर बढ़ाई जानी चाहिए। ऐसे लोग स्टैंडिंग डेस्क का इस्तेमाल कर सकते हैं या हर एक-दो घंटे में सीट से उठकर ऑफिस में वॉकिंग कर सकते हैं।

### सिगरेट छोड़ दीजिए या शुरू ही मत कीजिए

अगर सिगरेट-बीड़ी या किसी भी तरह का धूम्रपान करते हैं तो छोड़ दीजिए। अगर नहीं करते तो कभी शुरू मत कीजिएगा। तंबाकू में कई केमिकल्स हैं जो हमारे हर ऑर्गन सिस्टम पर बुरा प्रभाव डालते हैं और उम्र घटा देते हैं। इसी तरह, शराब से भी बचिए।

### पानी बचाइए, प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद कीजिए

जहां भी संभव हो वहां चीजें रिसाइकिल कीजिए। कपड़े के थैले और रियूजेबल वाटर बॉटल्स या लंच बॉक्स इस्तेमाल करना काफी मददगार हो सकता है। अगर डिस्पोजेबल सामान इस्तेमाल करना जरूरी ही हो तो बायोडिग्रेडेबल मैटीरियल का इस्तेमाल कीजिए जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते।

ई-वेस्ट का जिक्र करना भी यहां जरूरी है क्योंकि यह दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। हमारे इस्तेमाल किए हुए फोन, बैटरियां, लैपटॉप और दूसरे गैजेट्स को सुरक्षित रूप से डिस्पोज ऑफ किया जाना जरूरी है। इनमें से कई कंपोनेंट्स का इस्तेमाल दोबारा किया जा सकता है, जिससे हमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली माइनिंग की जरूरत कम पड़ेगी।

हाउसिंग सोसायटीज को सोलर इलेक्ट्रिसिटी में निवेश करना चाहिए। हमें क्लीन रिन्यूएबल एनर्जी के स्रोतों पर शिफ्ट होना ही पड़ेगा।

### बिजली बचाइए कचरा मत जलाइए

जब भी जरूरत न हो तो बिजली के उपकरणों, लाइट्स को स्विच ऑफ कर दीजिए। जहां भी संभव हो, बिजली बचाइए। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कीजिए और कचरे को जलाइए नहीं। खुले में इस तरह का एयर पॉल्यूशन हमारी सेहत पर सबसे बड़े खतरों में से एक है। एयर पॉल्यूशन को कम करने के लिए सरकारों का ही नहीं, हर व्यक्ति का प्रयास जरूरी है।

### अपना ख्याल रखिए

अगर आपकी उम्र 30 के ऊपर है या फिर आपके परिवार में बीपी या शुगर की हिस्ट्री है तो साल में कम से कम एक बार अपना ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर जरूर जांचिए।

एडल्ट्स में हाई ब्लड प्रेशर बहुत कॉमन है और इसका पता तब तक नहीं चलता जब तक किसी बीमारी के लक्षण न दिखने लगें।

### अपनों के साथ वक्त बिताइए

अपने परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा वक्त बिताइए। संभव हो तो खुली जगहों, पार्क या हरियाली वाली जगहों पर घूमिए। महामारी के दौर ने एंग्जाइटी और डिप्रेशन के मामले कई गुना बढ़ा दिए हैं। अब यह दिक्कतें युवाओं में भी कॉमन हैं इसलिए हमें एक-दूसरे के प्रति दयालु होना ही पड़ेगा। अगर आप किसी को जानते हैं जो डिप्रेशन का शिकार है (यानी वह बहुत ज्यादा सोता हो, हमेशा अकेले रहता हो, ज्यादा खाता हो और उदास रहता हो) तो आपको उसे किसी काउंसलर के पास जाने या हेल्पलाइन पर बात करने की सलाह देनी चाहिए। मेंटल हेल्थ की दिक्कतों को भी हमें शारीरिक दिक्कतों की तरह ही लेना होगा, इसमें शर्मिंदा होने की कोई बात नहीं है।

हमें अपनी सेहत के बारे में जागरूक होना चाहिए। हमें पता होना चाहिए कि खुद का ख्याल कैसे रखना है। बिना प्रिसक्रिप्शन के दवाएं लेने से और खासतौर पर बिना जरूरत एंटीबायोटिक्स लेने से बचिए।

अगर आपको सेहत को लेकर कोई शंका है तो डॉक्टर की सलाह लीजिए। सिर्फ लंबी जिंदगी जीना ही काफी नहीं है, जिंदगी सेहतमंद और खुशनुमा भी होनी चाहिए। कितना अच्छा हो अगर भूटान की तरह बाकी देश भी ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस मापने लगें।

# खेलो इंडिया की तर्ज पर अब खेलो झारखंड

## 50 लाख छात्रों में से खोजे जाएंगे प्रतिभाशाली खिलाड़ी

रांची, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के अभियान खेलो इंडिया की तर्ज पर अब झारखंड सरकार भी खेलो झारखंड अभियान शुरू करने जा रही है। खेलो झारखंड अभियान पांच नवंबर से शुरू होगा और 15 दिसंबर, 2022 तक चलेगा। अभियान से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार खेलो झारखंड के माध्यम से 50 लाख से अधिक स्कूली छात्रों के लिए एक मेगा स्पोर्टिंग इवेंट आयोजित करने की तैयारी कर रही है।

इससे स्कूली स्तर पर ही नवोदित प्रतिभाओं की पहचान करने में सहायता मिलेगी। अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्कूल से उच्च माध्यमिक स्तर तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को खेलो झारखंड के तहत अपने खेल और कौशल को सुधारने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

राज्य से टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी, तीरंदाज दीपिका कुमारी और जयपाल सिंह मुंडा, विमल लकड़ा, निक्की प्रधान और सलीमा टेटे जैसे हॉकी सितारों सहित कई प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सृजन और उद्भव हुआ है। राज्य के 35,000 से अधिक प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, आवासीय और अन्य श्रेणी के



स्कूलों जैसे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) और मॉडल संस्थानों के लिए मेगा इवेंट आयोजित करने की जिम्मेदारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) को सौंपी गई है।

जेईपीसी की निदेशक किरण कुमारी पासी ने कहा कि खेल आयोजन का उद्देश्य विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति करना है जैसे कि नवोदित प्रतिभा की पहचान करना और उनके कौशल को बढ़वा देना और स्कूलों में खेल गतिविधि को बढ़ावा देना। खेल जीवन में अनुशासन, नेतृत्व गुणवत्ता, टीम भावना, निर्णय लेने की क्षमता और छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा को विकसित करने में मदद करते हैं। वहीं, जेईपीसी के राज्य कार्यक्रम अधिकारी और शारीरिक शिक्षा और खेल के प्रभारी धीरेसेन ए सोरेंग ने कहा कि खेल आयोजन में प्राथमिक से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कुल 50,05,638 छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 123 दिवसीय बोर्डिंग केंद्र, 34 आवासीय खेल प्रशिक्षण सुविधाएं और भारतीय खेल प्राधिकरण का एक केंद्र है। एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती और तीरंदाजी सहित प्रतियोगिता का आयोजन तीन श्रेणियों में किया जाएगा। पहली श्रेणी में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दूसरी श्रेणी में मिडिल स्कूल कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता होगी। इसका आयोजन स्कूल, ब्लॉक और जिला स्तर पर किया जाएगा।

### कुएं में मिला पत्नी और बेटी का शव, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

हजारीबाग, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के हजारीबाग जिले के एक गांव के कुएं में एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

इस मामले में शुक्रवार को एक व्यक्ति जो कि महिला का पति है उसको गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि चौपारण थाने के प्रभारी अधिकारी ईश्वर चंद्र घटना की सूचना पर रांची से करीब 80 किलोमीटर दूर केदली गांव पहुंचे और 35 वर्षीय चुनचुन देवी और उसकी 12 वर्षीय बच्ची के शव को बाहर निकाला।

उन्होंने बेटी राधिका कुमारी को ग्रामीणों के सहयोग से कुएं से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नजीर अख्तर ने बताया कि पुलिस ने मृतक महिला के पति हरिश्चंद्र यादव उर्फ चिंतन को चुनचम देवी के पिता की प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार किया है।

# यहां संतान पाने के लिए पेट के बल लेटकर महिलाएं लगाती हैं हाजिरी

## फिर ऊपर से चलकर जाते हैं बैगा

धमतरी, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में संतान पाने के लिए महिलाएं मां अंगारमोती के दरबार में हाजिरी लगाती हैं। यह हाजिरी सबसे अलग है। यहां महिलाएं पेट के बल लेट जाती हैं और फिर बैगा उनके ऊपर से चलकर आगे बढ़ते हैं। यह मड़ई मेला हर साल दिवाली के बाद पहले शुक्रवार को लगता है। इस बार मड़ई मेले में 300 से ज्यादा महिलाएं हाजिरी लगाने और संतान प्राप्ति की इच्छा से पहुंची। इसके लिए दूर-दराज के इलकों से महिलाएं गंगरेल आती हैं। लोगों की मान्यता और आस्था दोनों इससे जुड़ी है।

**शहर से करीब 12 किमी दूर स्थित है मंदिर**

दरअसल, शहर से करीब 12 किमी दूर स्थित गंगरेल बांध के किनारे मां अंगारमोती विराजित हैं। मान्यता के अनुसार दिवाली के



बाद आने वाले पहले शुक्रवार को यहां मड़ई मेला लगता है। इस मेले में दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां उन्होंने वनदेवी अंगारमोती के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मड़ई मेले में करीब 52 गांवों के देची-देवता इस बार शामिल हुए। लोगों का मानना है कि माता से मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। बताया जाता है कि जब गंगरेल बांध नहीं बना था, तो इस इलाके में बसे गांवों में शक्ति स्वरूपा मां अंगारमोती अधिष्ठात्री देवी थीं। बांध बनने के बाद सभी गांव डूब गए।

इसके बाद माता के भक्तों ने मां अंगारमोती की गंगरेल तट पर फिर से स्थापना की। इसके बाद एक बार फिर से मां का दरबार लगना शुरू हो गया। पूरे साल में मड़ई का दिन सबसे खास होता है। सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और आदिवासी परंपरा व रीतियों के अनुसार पूजन-अर्चना करते हैं।

**मान्यता जिस पर बैगा चढ़ें उसे मिलता है मां का आशीर्वाद**

इस बार यहां 300 से ज्यादा महिलाएं संतान प्राप्ति और मन्नत मांगने पहुंची थी। महिलाएं मंदिर के सामने हाथ में नारियल, अगरबत्ती, नींबू लिए कतार में खड़ी रहीं। फिर एक-एक कर पेट के बल जमीन पर लेट गईं और उनके ऊपर से चलकर बैगा आगे बढ़ने लगे। बताया जाता है कि यहां तमाम बैगा आते हैं, जिन पर देवी सवार होती हैं। ये लोग झूमते, बेसुध से मंदिर की ओर बढ़ते हैं। चारों ओर ढोल-नगाड़े बजते रहते हैं।

# अरबों ठगने वाली शाइन नसीम पर और कसेगा शिकंजा, ईडी करेगी बड़ी कार्रवाई

प्रयागराज, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। शाइन सिटी के नाम से कंपनी खोलकर देशभर में अरबों की ठगी करने वाले राशिद नसीम के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय बड़ी कार्रवाई करने वाला है। कोरांव में राजस्व टीम से लाखों की प्रॉपर्टी की जानकारी मांगी है जिसे वह धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत अटैच करेगा। इसके अलावा प्रयागराज में अन्य प्रॉपर्टी की छानबीन चल रही है। प्रयागराज में ही शाइन सिटी के खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। ईडी की रिपोर्ट पर राजस्व टीम छानबीन कर रही है। कोरांव तहसील के ऊंचडीह में 5,707 हेक्टेयर जमीन खरीदी गई थी। यह जमीन एलआईजी एडीए कॉलोनी स्टेनली रोड नया पूरा निवासी शमशाद अंसारी पुत्र अब्दुल वाहिद के नाम से है। आरोप है कि शाइन सिटी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड सहित 15 कंपनियां बनाई गई थीं। इस कंपनी ने लोगों से काफी धन फ्लैट बुक करने के नाम पर ऐंठे थे। कंपनी के लोगों ने एराइज इन्फ्रा प्रॉपर्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, शाइन सिटी चैरिट ऑफ रिलायबल सर्विस, शाइन सिटी कोलोनाइजर, शाइन सिटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, शाइन सिटी डेवलपर्स, शाइन सिटी एरिक्टर, शाइन ज्वाइन प्रा. लि, शाइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट, शाइन प्रॉपर्टीज, शाइन रीयल स्टेट, शाइन रीयलटरस और दुर्गा प्रसाद पुत्र त्रिभुवन प्रसाद के नाम से बनाया।



# पायलट से खींचतान पर बोले गहलोत- वे आएं तो पूछना

## कांग्रेस छोड़ने वालों पर कहा- पार्टी में आने वाले का स्वागत, जाने वाले का भी




जयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के सियासी बवाल और सचिन पायलट से सियासी खींचतान से जुड़े सवाल पर सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। जब गहलोत से सचिन पायलट से तालमेल की कमी, पायलट की नाराजगी और खड़गे से मुलाकात पर पूछा तो कहा कि- अगली बार जब वे आएं तो उनसे पूछना। हमारे से ज्यादा महत्व रहेगा। गहलोत सूरत में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गुजरात चुनावों के बीच कांग्रेस छोड़कर जाने वाले नेताओं और विधायकों के सवाल पर गहलोत ने कहा- यह हमारे लिए कोई चिंता का विषय नहीं है। हम तो अब भी कहते हैं आने वाले का भी स्वागत है, जाने वाले का भी स्वागत है।

कांग्रेस इतना बड़ा संगठन है। आज 135 साल हो गए, कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई। हर गांव कस्बे में आपको कांग्रेस मिलेगी। आज जो सत्ता में बैठे हैं। ये लोग तो अंग्रेजों की मुखबिरी करते थे।

**कांग्रेस का गलत पर्सेप्शन बनाया गया**

गहलोत ने गुजरात चुनावों में आप पार्टी के असर और कांग्रेस, बीजेपी को नुकसान के सवाल पर कहा कि हम तो आम आदमी पार्टी को कुछ गिनते नहीं हैं। हम तो यह कह रहे हैं कि हमने जो वादे किए थे। जो काम किया है, उसे देख लीजिए।

इनके वादे और काम देख लीजिए। इसके बाद तुलना करके वोट दे दीजिए। गुजरात में जानबूझकर कांग्रेस को लेकर गलत पर्सेप्शन बनाया गया।

गांधी के फोटो हटाने वालों को गुजरात में घुसने क्यों दिया?

गहलोत ने आप पार्टी और केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। गहलोत ने कहा- आप पार्टी को आपने गुजरात में घुसने क्यों दिया? जिस गांधी के कारण आज देश की पहचान है। पूरी दुनिया में मान सम्मान है। पहली बार किसी राजनीतिक पार्टी ने गांधी की तस्वीर हटाने की हिम्मत की है।

गुजरात वाले तो कभी इन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। पंजाब में इन्होंने सरकार बनते ही गांधी की तस्वीर हटा दी। ये इस तरह के लोग हैं। जनता इसे बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी।

नोटों पर लक्ष्मी, गणेश की फोटो लगाने के अरविंद केजरीवाल के बयान पर गहलोत ने कहा- सामान नहीं होता है तो ऐसे मुद्दे ही लेकर आते है। कोई लालू यादव, मुलायम सिंह के फोटो लगाने की मांग भी कर रहे हैं। यह क्या राजनीति है। डेमोक्रेसी में प्रोग्राम पॉलिसी की बात होती है।

**गुजरात में गहलोत के पायलट पर बोलने से बचने के सियासी मायने**

सीएम अशोक गहलोत के सचिन पायलट से खींचतान को लेकर जवाब देने से बचने के सियासी मायने हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद अब राजस्थान के सियासी विवाद पर फैसला बाकी है। गहलोत की चुप्पी को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

25 सितंबर को गहलोत खेमे के विधायकों के विधायक दल की बैठक के बहिष्कार के बाद से पायलट ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है।

हालांकि गहलोत सभाओं में इस मुद्दे पर कई बार बयान दे चुके हैं लेकिन अब गुजरात में गहलोत पायलट पर बोलने से बच रहे हैं।

गुजरात चुनाव में गहलोत सीनियर पर्यवेक्षक हैं, इस नाते वे कोई विवाद नहीं चाहते। पायलट के मुद्दे को ज्यादा हवा देने से गुजरात में कांग्रेस को नुकसान होता है, इसलिए इस पर सधा हुआ जवाब देने या चुप रहने की रणनीति पर ही चल रहे हैं। 31 अक्टूबर को पायलट भी गुजरात चुनाव के लिए प्रचार में उतर रहे हैं।

**खड़गे से मिलकर पायलट ने दिया फीडबैक:कांग्रेस हाईकमान फिर भेज सकता है ऑब्जर्वर; सुगबुगाहट शुरू**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष पद संभालने के बाद अब राजस्थान को लेकर लंबित फैसलों पर एक्शन होने के आसार बन रहे हैं। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने 27 अक्टूबर को खड़गे से मुलाकात कर लंबी चर्चा की है। खड़गे के अध्यक्ष का चार्ज संभालने के बाद पायलट ने पहली बार उनसे मुलाकात की है। खड़गे से पायलट की मुलाकात के सियासी मायने हैं।

# भारत में घुस रहा पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

## बीएसएफ जवानों ने रोकने की कोशिश की, नहीं माना तो मार गिराया




अनूपगढ़, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की ओर भारत की सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठिए को बीएसएफ के जवानों ने ढेर कर दिया। घुसपैठिया जीरो लाइन से लगभग 250 मीटर तक भारतीय सीमा में आ गया था। सुरक्षाबलों के रोकने पर भी जब वह नहीं रुका तो जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें वह मारा गया।

अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर घुसपैठ का यह प्रयास शुक्रवार रात को श्रीगंगानगर में अनूपगढ़ के पास शेरपुरा पोस्ट पर हुआ, जब बीएसएफ जवानों की टुकड़ी गश्त कर रही थी। बीएसएफ के डीआईजी अमित कुमार त्यागी ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान पाकिस्तान की ओर से एक युवक जीरो लाइन को पार कर घने जंगल से होता हुआ भारत की सीमा में आता हुआ दिखाई दिया। जवानों ने उससे रुकने के लिए कहा। इसके बाद भी वह जीरो लाइन से लगभग 250 मीटर तक आगे आ गया था। वह लगातार आगे बढ़ता जा रहा था। इसके बाद गश्त कर रहे जवानों ने गोली चलानी शुरू कर दी। युवक के नहीं रुकने पर 8 राउंड फायरिंग कर उसे मार दिया गया। एनकाउंटर की सूचना मिलने पर बीएसएफ के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। डीआईजी ने बताया कि पाकिस्तानी युवक की तलाशी में फिलहाल उसके पास से कोई सामान नहीं मिला है। मृतक की उम्र लगभग 22 साल थी। इस तरीके से सीमा पार कर भारत में घुसने की कोशिश पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

डीआईजी ने बताया कि अनूपगढ़ के पास स्थित भारत-पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घना जंगल है। पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों के लिए उसका फायदा उठाने की फिराक में रहता है। इसी सिलसिले में मारे गए युवक ने भी जंगल से भारत में प्रवेश की कोशिश की थी।

डीएसपी जयदेव सियाग ने बताया कि बीएसएफ अधिकारियों से सूचना मिलने के बाद पुलिस शेरपुरा पोस्ट पर पहुंची थी। बीएसएफके अधिकारी अब पाकिस्तान के अधिकारियों से बात कर शव को वापस देने का प्रयास करेंगे। फिलहाल शव को अनूपगढ़ के हॉस्पिटल में रखवाया गया है। अनूपगढ़ के पास स्थित भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 18 अक्टूबर को भी दो लोगों के पैरों के निशान मिले थे। डीआईजी ने बताया कि ऐसी घटनाओं को लेकर सीमा सुरक्षा बल के जवान मुस्तैद और सतर्क हैं।

# रीट के मुद्दे पर फिर फंसी सरकार

## लेवल-2 शिक्षकों के पद घटाने का राज्य भर में विरोध, कल्ला ने कहा- फिर से समीक्षा करेंगे




जयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जहां देश में सभी राज्यों की सरकारें नौकरियों के नाम पर युवाओं को लुभाने में लगी हैं। राजस्थान में सरकार ने रीट परीक्षा में लेवल-2 शिक्षकों के पद 31,500 से 6,000 घटाकर 25,500 कर दिए। अब यह मुद्दा राज्य की कांग्रेस सरकार के गले की फांस बनता जा रहा है।

प्रदेश के सारे जिलों में इसके खिलाफ युवा आक्रोश जता रहे हैं। दो नवंबर को जयपुर में सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन भी होगा। शुक्रवार को शिक्षा मंत्री बी. डी. कल्ला ने युवाओं का रोष भांपते हुए इन पदों को फिर से बढ़ाने के लिए विभागीय स्तर पर समीक्षा करवाने का निर्णय किया है।

नवंबर व दिसम्बर माह में भाजपा ने पूरे प्रदेश में सरकार के विरोध में रैलियां, सभा, धरने, प्रदर्शन करने की जो घोषणा की है। उसमें पार्टी ने रीट के इस मुद्दे को भी अपनी योजना में शामिल कर लिया है। पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने बताया कि पद घटाने का यह फैसला कांग्रेस सरकार ने जल्दबाजी में किया है, जो पूर्णत युवा विरोधी है।

इधर, शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला का कहना है कि पद घटाने का फैसला स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन के आधार पर किया गया है। पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों की नामांकन संख्या ज्यादा है, इसलिए उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों (लेवल-1) के पदों की जरूरत ज्यादा है, जबकि आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की संख्या कम हैं, तो उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों की जरूरत भी कम हैं। ऐसे में उनके पद 31,500 से 6000 घटाकर 25,500 किए हैं। अब कल्ला ने शुक्रवार को उनसे मिलने पहुंचे बेरोजगार शिक्षकों को पुनः समीक्षा करने और सही निर्णय करने का आश्वासन दिया है। बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव ने कहा है कि कांग्रेस सरकार बेवजह युवाओं का गुस्सा भड़का रही है। पद घटाने की कोई जरूरत ही नहीं थी। गौरतलब है कि यादव पिछले कई दिनों से बेरोजगारों के विभिन्न मुद्दों को लेकर गुजरात में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शनरत हैं। उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस सरकार को रीपीट नहीं होने की चेतावनी भी कई बार दोहराई है।

**रीट और विवाद चलते रहे एक साथ**

रीट की पहली बार परीक्षा करीब 30,000 पदों के लिए 26 सितंबर 2021 को हुई। इसके बाद पेपर लीक होने के कारण परिणाम जारी हो जाने के बावजूद निरस्त करने पड़े। कई लोग पेपर लीक और नकल मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए। उसके बाद हाल ही मई-2022 में परीक्षा हुई। जिसके प्रथम चरण का परिणाम जारी हो चुका। अब दूसरे चरण की परीक्षा फरवरी-23 में होनी है, लेकिन उससे पहले पद घटाने का विवाद सामने आ गया है।

# जोधपुर में पश्चिम क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

## विधिक चेतना एवं जागरुकता से आमजन को सुलभ एवं त्वरित न्याय मिले- राज्यपाल



जोधपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने न्यायपालिका को आम आदमी के और अधिक निकट लाते हुए आम आदमी को त्वरित और किफायती न्याय दिलाने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि इसके लिए विधिक चेतना और न्यायिक जागरुकता के लिए भी वृहद स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने यह उद्गार शनिवार को जोधपुर में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा कंटेपररी जूडिशियल डवलपमेंट एण्ड स्ट्रेन्थनिंग जस्टिस फॉर लॉ एण्ड टेक्नॉलॉजी पर राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित पश्चिम क्षेत्र के पहले दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इसमें राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक एपी साही सहित राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं गुजरात के हाईकोर्ट न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे न्याय व्यवस्था ही नहीं बल्कि संविधान से जुड़े कानूनों के भी मुख्य प्रहरी हैं। इस दृष्टि से राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा न्यायिक शिक्षा, अनुसंधान और इससे जुड़े नीतिगत विकास के जरिए देश में न्याय प्रशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हो रहे कार्य अहम् हैं। उन्होंने विशेष अपेक्षा व्यक्त करते हुए देश में न्याय एवं विधि व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण. के साथ ही आम जन के लिए न्याय को त्वरित एवं और अधिक सुगम तथा प्रभावी बनाने के लिए बेहतर प्रयासों का आह्वान किया।

# विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा देश को समर्पित

## मोरारी बापू ने किया लोकार्पण, 20 किमी दूर से दर्शन



राजसमंद, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ बिलीफ' यानी विश्वास स्वरूपम् को देश को समर्पित कर दिया गया। शनिवार शाम को कथावाचक मुरारी बापू प्रतिमा ने भगवान शिव की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और योगगुरु बाबा रामदेव भी मौजूद रहे।

राजसमंद के नाथद्वारा के गणेश टेकरी में बनी इस प्रतिमा के लोकार्पण के साथ ही मुरारी बापू की कथा की भी शुरुआत हो गई। 9 दिन तक इस कथा का आयोजन किया जाएगा।

विश्वास स्वरूपम् प्रतिमा के लोकार्पण और कथा में शामिल होने के लिए यूएस, फ्रांस, यूके, जर्मनी और आस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों से भी भक्त आए हैं। यहां सभी भक्तों के लिए रहने और खाने की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है।

प्रतिमा का निर्माण तत पदम् उपवन संस्थान नाथद्वारा के ट्रस्टी मदन पालीवाल की ओर से करवाया गया है। लोकार्पण के समय सीएम गहलोत ने मुरारी बापू से विनती करते हुए कहा कि वह मदन पालीवाल को कहें कि वे गुटखे का व्यापार बंद कर दें। आपके कहने पर वह मान जाएंगे। हमारी सरकार उनकी पूरी मदद करेगी।

# सीएम तक पहुंचेगा कब्रिस्तान की जमीन मामला

## पूर्व मंत्री व मेव समाज के लोग सीएम गहलोत से अलवर में मिलेंगे



अलवर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलवर शहर के अखैपुरा स्थित चमेली बाग में कब्रिस्तान की जमीन की डिग्री कर मिलीभगत से जमीन बेचान का मामला CM अशोक गहलोत तक लेकर जाने की तैयारी है। 2 नवंबर को अलवर खैरथल में मुख्यमंत्री आएंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री सहित मेव समाज का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलेगा।

असल में अलवर में कब्रिस्तान की जमीन की फर्जीवाड़े से डिक्री कर जमीन बेचान का मामला पूर्व मंत्री नसरू खां ने उठाया है। उसके बाद समाज के लोग भी एकजुट होकर विरोध में उतर आए हैं। जिसको लेकर अब लगातार गांव-गांव जाकर आमजन के सामने सरकार व प्रशासन के होते हुए कब्रिस्तान की जमीन हड़पने की हकीकत बताएंगे।

**एक दिन पहले सभा**

कब्रिस्तान की जमीन के मामले में शुक्रवार को बख्तल की चौकी, अलवर पर मौलाना अमजद की अध्यक्षता में सभा हुई। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जबरदस्त आक्रोश व्यक्त करते हुए स्पष्ट कर दिया कि जब तक सभी मांगें मानी नहीं जाती हैं तब तक अलवर शहर के चारों तरफ ग्रामीण क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर आक्रोश सभा होंगी।

मेव समाज में आक्रोश भी

मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत की प्रस्तावित अलवर यात्रा के दौरान समाज के गुस्से से अवगत कराया जाएगा। यदि फिर भी कब्रिस्तान आजाद कराने का कोई सकारात्मक संदेश नहीं मिला तो मंत्री का बहिष्कार और काला झंडा दिखाने का निर्णय होगा। जनसभा में कब्रिस्तानों और वक्फ जायदादों की सरकार से संरक्षण की बात करते कई मांगों को दोहराया है।

# शोरूम में आग, 100 बाइक जलकर हुई राख

## नई बाइक, पाट्र्स और फर्नीचर जले

उदयपुर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जोगमाया मोटर्स में 100 नई बाइक समेत पाट्र्स और फर्नीचर जलकर खाक हो गया। इससे 1 करोड़ रूपए का नुकसान की बात कही जा रही है। उदयपुर के झल्लारा क्षेत्र के इटाली खेड़ा गांव में एक बाइक शोरूम में आग लग गई। आग से शोरूम में रखी 100 नई बाइक जलकर राख हो गई। इसके साथ ही सर्विस सेंटर और ऑटो पाट्र्स भी जलकर खाक हो गया। रात करीब 2 बजे आग लगी। सलूंबर नगर पालिका से दो दमकल मौके पर पहुंची। इसके पहले ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर आग पर काबू करने का प्रयास किया। आग से करीब 1 करोड़ की हीरो कंपनी की नई बाइक और ऑटो पाट्र्स का सामान समेत फर्निचर जल गया।

दरअसल झल्लारा क्षेत्र के इटालीखेड़ा में हीरो मोटरसाइकिल के शोरूम में रात 2 बजे अचानक आग लगी। इस दौरान शोरूम से कुछ ही दूरी पर बनी अस्थाई पुलिस चौकी पर बैठे पुलिस जवानों को धुंआ और लपटे नजर आई। इस पर हरकत में आते हुए जवानों ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों को जगाया। पुलिस ने नगर पालिका सलूम्बर के अग्निशमन केंद्र को सूचना दी। थानाधिकारी रमेशचंद्र परमार टीम के साथ मौके पर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। देखते ही देखते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। एक बार तो लपटें तेज होने से ग्रामीणों में डर का माहौल हो गया। हालांकि मौके पर दमकल पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। तब तक शोरूम में सब कुछ जलकर गया था। 3 घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा जा सका।

# अलवर में दलित मंदिर में तोड़फोड़, प्रसाद फेंका

## बीजेपी कार्यकर्ता और विधायक समर्थक भिड़े ; अब तक 2 आरोपी गिरफ्तार




अलवर, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलवर में गोवर्धन पूजा के मौके पर दलित मंदिर में प्रसाद बना रहे लोगों के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि मंदिर में भी तोड़फोड़ की गई और प्रसाद को फेंक दिया गया। विवाद की जानकारी मिलने के बाद थाने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय विधायक के समर्थकों में भी झड़प हो गई।

विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं, भाजपा नेताओं का कहना है कि एमएलए आरोपियों को बचा रहे हैं। दरअसल, 26 अक्टूबर को भिवाड़ी के हमीरका गांव के शिव मंदिर में दलित समाज के युवक प्रसाद बना रहे थे। इस दौरान एक पक्ष के 6 लोग वहां आए और प्रसाद को उठाकर फेंक दियाा और महिलाओं के लिए भी अभद्र टिप्पणियां कीं। घटना के बाद ग्रामीण रविंद्र कुमार ने शेखपुर थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

अगले दिन 27 अक्टूबर को भिवाड़ी नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन संदीप दायमा, पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभय सिंह बिधूड़ी, प्रधान जयप्रकाश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में BJP कार्यकर्ता शेखपुर थाने पर पहुंचे और घेराव किया। साथ ही आरोपियों के जल्द से जल्द गिरफ्तारी की भी मांग की।

मामला बढ़ता हुआ देख एसपी शांतनु कुमार ने आधा दर्जन से ज्यादा थाना अधिकारियों को शेखपुर भेज दिया। हालांकि, पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाई करते हुए मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एफआईआर भी दर्ज कर ली। मौके पर पहुंचे ASP विपिन शर्मा ने बचे आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान तिजारा विधायक संदीप यादव भी पहुंच गए। मौके पर ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक पर आरोपी पक्ष का बचाव करने और धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप लगा दिए। इस पर विधायक समर्थक और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोक-झोंक हो गई। मामला गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गया। मामला बिगड़ता देख डीएसपी प्रेम बहादुर, थानाधिकारी दारा सिंह ने बीच-बचाव करवाया।

**पूरे घटनाक्रम का वीडियो आया सामने**

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि क्षेत्र में धार्मिक उन्माद फैलाने में विधायक संदीप यादव और उनके कहने पर काम कर रहे तिजारा डीएसपी प्रेम बहादुर सिंह ने अगर अपने रवैया को नहीं सुधारा तो फिर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इधर, नगर परिषद पूर्व चेयरमैन संदीप दायमा ने तो विधायक को अकेले में देख लेने की खुली चेतावनी दे डाली। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियोभी तेजी से सोशल मीडिया पर शेयर हुआ।

# लॉरेंस और सोपू गैंग के 2 गुर्गों को किया गिरफ्तार

## एक मैगजीन और चार कारतूस सहित एक कार बरामद

अनूपगढ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। घडसाना पुलिस ने शनिवार को लॉरेंस गैंग व सोपू गैंग के दो गुर्गों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से एक मैगजीन, चार कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घडसाना क्षेत्र में लारेंस गैंग व सोपू गैंग के सदस्यों के घड़साना होने की सूचना मिलने पर थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी के नेतृत्व में टीम ने ज्वाला कॉलोनी में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं कार्रवाई करने हेतु जितेंद्र स्वामी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी नई मंडी घड़साना द्वारा एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। जिसमें एसआई यशपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रेम गिरी, कांस्टेबल दलपत सिंह, हीरालाल, प्रेम कुमार ,राकेश कुमार ,उग्रसेन शामिल रहे।

थाना अधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि शुक्रवार रात को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के दो व्यक्ति हथियारों सहित घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर ज्वाला कॉलोनी में टीम के सदस्यों ने घेरा बनाकर दबिश दी। वहां पर हिस्ट्रीशीटर लॉरेंस गैंग व सोपू गैंग के गुर्गें



आशीष बिश्नोई ( 30) और संदीप बिश्नोई (26) को गिरफ्तार किया गया। साथ ही बताया कि दोनों अलग-अलग गाड़ियों से कस्बे में दहशत फैलाने के लिए घूम रहे थे और दोनों ही हथियारों से लैस थे। दोनों हिस्ट्रीशीटर इलाके में दहशत फैलाने आए थे। दोनों के खिलाफ जितने भी मुकदमे हैं, सबकी जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्थानी प्रगति समाज का दीपावली सम्मेलन कल



**राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 'दीपावली सम्मेलन' के निमंत्रण पत्र का विमोचन करते हुए अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, मानद प्रधा मंत्री गोविन्द सठी, दीपावली सम्मेलन संयोजक रमेश कुमार बंग, प्रेमकुमार बजाज एवं रामप्रकाश भण्डारी।**

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा सोमवार, 31 अक्टूबर को आबिड्स रोड स्थित होटल ताजमहल के सभागार में दीपावली सम्मेलन का आयोजन सायं 6:45 बजे से किया जायेगा। उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दीपावली सम्मेलन के संयोजक रमेश कुमार बंग के द्वारा दी गई।

विज्ञप्ति अनुसार सम्मेलन में सम्माननीय अतिथियों के रूप में कमिश्नर सेन्ट्रल जीएसटी तेलंगाना पी. देवराज, आईआरएस, मेम्बर सेक्रेटरी टी.एस.बी.डी.बी. कालिचरण एस. खरताडे आईएएस, जाइंट कलेक्टर रंगारेड्डी जिला प्रतीक जैन आईएएस, जाइंट कमीश्नर सेंट्रल जीएसटी तेलंगाना शिवनारायण, डिप्टी कमीश्नर ऑफ लेबर श्यामसुन्दर जाजू एवं डीसीपी टास्कफोर्स, हैदराबाद पी. राधाकिशन राव पधारेंगे। प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल एवं मानद मंत्री गाविन्द राठी ने सभी समाज बन्धुओं से समय पर उपस्थित रहकर दीपावली सम्मेलन को गरिमा प्रदान करने का अनुरोध किया है।

# मन को परमात्मा में लगाने की विधि है राजयोग : ब्रह्माकुमारी अंजली



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिमायतनगर शाखा प्रभारी, ब्रह्माकुमारी अंजली बहन ने कहा कि आजकल लोग उमंग उत्साह में कम दिखते हैं और थके हुए ज्यादा दिखते हैं। यदि खुशी का भी माहौल है तो वह भी कृत्रिम दिखाई देता है, नैसर्गिक नहीं, तो इस दिखावे की जिंदगी में मनुष्य बहुत जल्दी थक जाता है। थकावट-एक होती है तन की और दूसरी थकावट होती है मन की। एक है दूसरो से थकना और एक है स्वयं से थकना। तन से थकते हैं तो अनेक उपाय कर सकते हैं तन की थकावट को दूर करने के लिए- जैसे आराम करो, अच्छी तरह से पौष्टिक आहार खाओ, एक्सरसाइज करो, खेलकूद करो, शुद्ध हवा में घूमो फिरो। आज व्यक्ति तन से ज्यादा थकता है या मन से? मन से इतना थका हुआ है कि सुबह भी नींद से उठता है तो थका हुआ ही उठता है। कहता है नींद अच्छी नहीं हुई, तो नींद करने के बावजूद भी थका हुआ है। इसका कारण मन की थकावट है। जैसे शरीर को हम पौष्टिक आहार देकर उसको तंदरुस्त रखते हैं और थकावट को जल्दी से भगा देते हैं वैसे ही मन को हम क्या खिला रहे हैं जिससे हमारा मन शक्तिशाली हो? कमजोर मन ही थकता है। मन को शक्तिशाली बनाने के लिए उसको सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा के साथ जोड़ना है, जिससे हमारे में शक्ति आएगी और हम अपने मन को शक्तिशाली बना सकते हैं। मन को परमात्मा में लगाने की विधि को ही राजयोग कहा गया है। राजयोग से मन इतना शक्तिशाली बन जाता है, स्वयं में विश्वास इतना आ जाता है कि कोई भी परिस्थिति में थके बिना उमंग उत्साह से जीवन जी सकते हैं। थकने का कारण है मन में बोझ का अनुभव होना। मन के बोझ को परमात्मा को देकर मन को सदा हल्का रखने का यदि हम ध्यान रखें, तो भी हम कभी थकेंगे नहीं। जैसे छोटे बच्चे हल्के फुल्के होते हैं वैसे हम भी तन मन से हल्के फुल्के हो जाएंगे और जीवन सदा उल्लास से जीएंगे।

# बीडीएल, सतर्कता विभाग द्वारा संकलित पुस्तिका का विमोचन



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीडीएल में निवारक सतर्कता के एक भाग के रूप में, बीडीएल के सतर्कता विभाग द्वारा सुझाए गए प्रणालीगत सुधारों के संकलन और बीडीएल प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई वाली एक पुस्तिका का आज विमोचन किया गया। पुस्तक में संकलित व्यवस्थित सुधार के सुझावों में व्यापक कार्यात्मक क्षेत्रों जैसे कि खरीद, सिविल कार्य, भर्ती और पदोन्नति, मानव संसाधन, वित्त और सुरक्षा से संबंधित नीतियां शामिल हैं। डॉ. उपेंद्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल के मार्गदर्शन में संकलित इस पुस्तिका का विमोचन बीडीएल कंचनबाग इकाई में आयोजित एक समारोह में कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा, (सेवानिवृत्त) सीएमडी, बीडीएल द्वारा किया गया। बीडीएल द्वारा 31 अक्टूबर 2022 से 6 नवंबर 2022 तक अपनी सभी इकाइयों और कार्यालयों में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 की पूर्व संध्या पर पुस्तिका जारी की गई है।

समारोह में पी. राधाकृष्ण निदेशक (उत्पादन), श्रीमती वी. लता, इकाई प्रमुख कंचनबाग इकाई, बीडीएल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीरवी समाज का दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद आज

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पारसीगुट्टा स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं के सान्निध्य में दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम रविवार 30 अक्टूबर प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष चोलाराम हाम्बड़, सचिव किशनसिंह राठौड़ ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रात: वेला में श्री आईमाताजी मंदिर में पुजा-अर्चना व महाआरती के पश्चात् पधारे समाज बन्धुओं द्वारा दीपावली स्नेह मिलन व दोपहर 12.15 बजे से विशेष अन्नकूट भोजन प्रसादी का कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष चोलाराम हाम्बड़ ने समाज बन्धुओं, भक्तों व समाज की तीनों कमिटियों के पदाधिकारीयों, सदस्यों से विशेष निवेदन किया है कि सपरिवार राजस्थानी वेष-भूषा मे पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा द्वारा मिठाई वितरित



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा सिकंदराबाद द्वारा मिठाई वितरण का तीसरा चरण संपन्न हुआ। शाखा मंत्री शीतल जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा अध्यक्ष रक्षा जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रकल्प आनंद सबके लिए के तहत वेस्ट मारेडपल्ली स्थित हेल्पिंग हैंड्स ह्यूमैनिटी अनाथ आश्रम में बच्चों को मिठाई, फ्रूट्स, समोसा और फाफरा वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्या देवी दुग्गड, वीणा देवीजैन, नंदा जैन, पुष्पा कोठारी, वंदना दुग्गड, पूनम बोहरा, शशि नाहर, खुशबू जैन, आशा जैन, निशी जैन, आयशा, सिद्धार्थ, जैन का सराहनीय योगदान रहा।

# वसुधैव कुटुम्बकम ने मनाया दीपावली मिलन



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वसुधैव कुटुंबकम, महिला, गच्ची बावली ने बॉलीवुड पटाखा थीम पर दीपावली मिलन हिल रिज स्प्रिंग्स में आयोजित किया। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिम पार्क में दीपावली मिलन का आनंद लिया गया। इसमें विशेष दिवाली थीम पर तंबोला गीता अग्रवाल एवं मैत्री द्वारा खिलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मी ममतानी द्वारा किया गया। विशेष प्रथम पुरस्कार सिनेमा फायरक्रैकर्स का सौभाग्य जयश्री लोहिया को मिला, द्वितीय बॉलीवुड पटाखे आशा अग्रवाल एवं हरिणी रेला मुनी को, स्पार्कलिंग फायर वर्क लक्ष्मी ममतानी, स्काई शॉट मंजू शर्मा, एटम बम आशा अग्रवाल, बिजली बम हरिणी, इको फ्रेंडली नीता गुलाटी, चकरी लक्ष्मी ममतानी, फूँक बम सरस्वती भारद्वाज, अनार श्रीदेवी, फुलझड़ी गीता अग्रवाल, सुतली बम नीता गुलाटी, स्पार्कलिंग फायरवर्क्स सरस्वती भारद्वाज, आशा अग्रवाल ने जीतकर दीपावली मिलन को रोचक बनाया। अंत में घर के बने व्यंजनों का आदान-प्रदान हुआ और सभी ने स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया, खूबसूरत हसीनाओं में गीता अग्रवाल, आशा अग्रवाल ,कमलेश अग्रवाल, जयश्री लोहिया, श्रीदेवी, राजमाथुर, लक्ष्मी ममतानी, वीना मदान, सरस्वती भारद्वाज, मंजू शर्मा, संतोष मट्टू, नीता गुलाटी, नेहा खादीकर, मैत्री, हरिणी शामिल थीं।

# विशाल अन्नकूट प्रसादी का आयोजन संपन्न



हैदराबाद, 29 अक्तूबर(स्वतंत्र वार्ता)। विशाल अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में, मंदिर सदस्य रामदेव नागला ने बताया कि, श्री रामचंद्र मठ संगम लंगर हौज पर महंत 1008 श्री राहुलदासजी महाराज के सान्निध्य में विशाल अन्नकूट प्रसादी का आयोजन संपन्न हुवा। इस शुभावसर पर जिन प्रमुखों एवं भक्तों ने महाराजजी से आशीर्वाद लिया उनमें, जाट समाज युवा एवं कर्मठ कार्यकर्ता अध्यक्ष धरमाराम ढाका, रामदेव नागला, मुरलीधर तिवाडी, विष्णुप्रसाद तिवारी, नारायणलाल व्यास, जितेन्द्र व्यास, अज्जुगुरु वैष्णव, वेणु तिवाडी आदि शामिल हैं।



**ताडबन्द हनुमान मंदिर में रविवार 30 अक्तूबर को श्री बालाजी डेयरी प्रोडक्ट्स बाकलिया राजपुरोहित परिवार द्वारा आयोजित होने वाले अन्नकूट महाप्रसादी की तैयारी का जायजा लेते हुए आयोजक गजेंद्र सिंह राजपुरोहित निम्बोल, सोहन सिंह, लक्ष्मण सिंह, नारायण सिंह राजपुरोहित, श्रवणकुमार प्रजापत, नेमीचंद लखाराव अन्य।**

# कर्मनघाट हनुमान मंदिर में उत्तर भारती नागरिक संघ द्वारा छठ पूजा जारी



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तर भारती नागरिक संघ हैदराबाद द्वारा 4 दिवसीय छठ पूजा का आयोजन कर्मनघाट हनुमान मंदिर में किया जा रहा है। इस पूजा में पंडित सुखेंदर जी महाराज द्वार मंत्र उच्चारण के साथ विविध विधि-विधान कराये जाएंगे। शुभ अवसर पर उत्तर भारती नागरिक संघ द्वारा फाल एवं गाय का दूध की व्यवस्था की जाएगी। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें भगवान सूर्य देव एवं छठी मैया का भजन होगा। उत्तर भारती नागरिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने कर्मनघाट हनुमान मंदिर के अध्यक्ष पी. ईश्वरम्मा, मंदिर समिति के ईओ श्रीनिवास शर्मा, आवाम श्री भाग्य लक्ष्मी मंदिर की ट्रस्टी सुश्री शशिकला को पूजा में अतिथि के रूप में भाग लेने का आमंत्रण दिया गया है। पूजा में मुख अतिथि विधायक एलबी नगर डी. सुधीर रेड्डी होंगे। संघ के अध्यक्ष एनके सिंह, मनोहर सिंह, युवा अध्यक्ष अमरजीत सिंह, राजू वर्मा ने सभी व्रत धारियो से कर्मनघाट हनुमान मंदिर में आकार के भगवान सूर्य देव को कल 30 अक्तूबर को अर्घ्य देने की अपील की है।

# चित्रगुप्त पूजनोत्सव समारोह संपन्न



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। समस्त प्राणी जगत के पाप-पुण्य के लेखा-जोखा करने वाले कलम जीवियों के आराध्य देव एवं अक्षर देवता भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव "कलम दवात कायस्थ समाज" के द्वारा बड़े धूमधाम से श्री चित्रगुप्त देवालयम, उप्पुगुड़ा पर मनाया गया। चित्रगुप्तजी का प्रातः कालीन अभिषेक बीके करना, धर्मेंद्र सिन्हा एवं अन्य कायस्थ समाज केप्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा संपन्न हुआ। तत्पश्चात पुरोहित मणिकांत झा एवं चित्रगुप्त देवालयम के पंडित विराल पांडेय एवं रंगाचारी ने श्री चित्रगुप्त पूजा उपश्थितकायस्थ समाज केसदस्यों एवं चित्रगुप्त प्रेमी के द्वारा सम्पादित किया। संस्था के संस्थापक बीके करना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये प्रयाश बहुत ही अच्छा है, इससे हमारे परंपरा एवं संस्कृति को एक नई ऊर्जा मिलती है। इस प्रयाश सेअपने पूर्वज श्री चित्रगुप्त भगवान के बारेहमारे बच्चे भी जानेंगे।



**लोग आस्था का महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना है। इस अवसर पर हिमायत नगर में भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना करते हुए व्रती राघवेन्द्र मिश्रा, रंजना मिश्रा व अन्य।**



**हाउसिंग बोर्ड-मौलाली स्थित नगर परिषद ग्राउंड में कार्तिक मास के पावन अवसर पर राजस्थानी संघ प्रवासी बन्धुओं द्वारा आयोजित अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष कैलाश शर्मा, सचिव ढगलाराम सेपटा, पदाधिकारी व भक्तगण।**

# बिहार एसोसिएशन की महापर्व छठ पूजा की तैयारी पूरी




हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद के महासचिव प्रभास कुमार ने विज्ञप्ति में बताया कि एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेराम सिंह एवं उपाध्यक्ष उत्तम यादव ने तेलंगाना सरकार के श्रम कल्याण एवं रोजगार मंत्री मल्ला रेड्डी को महापर्व छठ पूजा का निमंत्रण सौंपा, जिसे सहर्षता से स्वीकार कर पूजा में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया। महापर्व छठ के विषय पर मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने विस्तार से बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और खासकर बिहार में छठ का विशेष महत्व है। छठ सिर्फ एक पर्व नहीं है, बल्कि महापर्व है, जो पूरे चार दिन तक चलता है। नहाए-खाए से इसकी शुरुआत होती है और डूबते व उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होती है। परंपराओं का अनुसरण करते हुए आज भी हैदराबाद में रह रहे उत्तर भारतीयों द्वारा शहर के सभी बतुकम्मा घाटों पर छठ पूजा किया जाता है, जिसकी तैयारी महीनों पहले से शुरू हो जाता है। तब जाकर कहीं पूजा का समापन होता। इसी क्रम में आज एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार यादव, कार्यकारिणी सदस्य अरविंद यादव, पीके सिंह इत्यादि गणमान्य के द्वारा उप्पल बतुकम्मा छठ घाट का निरीक्षण किया गया।

# महापर्व छठ के लिए घाट की सफाई अंतिम चरण में



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बंडा चेरुबु बतुकमा घाट, सफीलगुड़ा, आंनदबाग पर लोगों द्वारा महापर्व छठ पूजा की सफाई की अंतिम तैयारी चल रही है। इस मौके पर जीएचएमसी के ईए लक्ष्मण राव, श्वेता सागर ने अपनी पूरी टीम के साथ आकर घाट की साफ सफाई का जायजा लिया और जो भी जरूरत है पूरा देने का आश्वासन दिए। इस मौके पर जन सेवा संघ के उत्सव कमेटी के चेयरमैन आरपी सिंह ने भी आकर घाट के जायजा लिया और अपना भरपूर सहयोग देने आश्वासन दिया। इस मौके पर बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष विनय कुमार यादव एवं महासचिव मनोज यादव, राजनारायण सिंह, एके सिंह, अनिल ठाकुर, नंदलाल भगत, पंचम भगत, दिनेश यादव, गोपाल यादव, अरविंद यादव, नवीन बिहारी, रामेश कुमार सिंह, हरीश यादव, सतीश यादव, गुलशन श्रीकांत एवं भारी संख्या युवा सेना ने भाग लिए।



**हस्मतपेट में छठ घाट का अपने साथियों के साथ निरीक्षण करते हुए रंजीत शर्मा। श्री शर्मा ने बताया कि छठ पूजा के लिए तैयारी पूरी हो गयी है।**

# रेनबो टीम ने अनूठी प्रकिया 'एग्जिट' अपना कर अजन्मे बच्चे को बचाया



हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक छोटे से बच्चे की असाधारण कहानी है, जिसने जन्म से पहले ही एक अनोखी प्रक्रिया से गुजरना शुरू कर दिया था। वारंगल के रहने वाले एक दंपति को तब पता चला जब उन्हें उनके अजन्मे बच्चे की गर्दन का एक बड़ा हिस्सा नियमित गर्भावस्था स्कैन में है। उन्हें बताया गया कि यह जीवन के लिए खतरा हो सकता है और उन्हें गर्भपात कराने की सलाह दी गई। हालांकि, दंपति ने हार नहीं मानी और बच्चे के जीवित रखने का भरसक प्रयास किया। गर्भवती को हैदराबाद लाया गया, जहां उन्होंने रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, बंजारा हिल्स, एक प्रमुख बहु-विशिष्ट बाल चिकित्सा और प्रसूति और स्त्री रोग अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम से परामर्श किया। टीम में भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ गायत्री और डॉ. श्रवणती, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ श्रुति, मुख्य एनेस्थेटिस्ट डॉ सुब्रमण्यम और डॉ गीता, ईएनटी सर्जन डॉ पीवीएलएन मूर्ति, बाल रोग सर्जन डॉ हरीश जयराम, निदेशक एनआईसीयू सेवाएं, डॉ. दिनेश कुमार चिरला और नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. विजयानंद और टीम ने मिलकर इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाया है। रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के फेटल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. श्रवणती ने दंपति को समझाया कि वास्तव में बच्चे की श्वास नली और भोजन नली में एक बहुत बड़ा द्रव्यमान था और बच्चे के जीवित रहने के किसी भी अवसर के लिए, उन्हें बहुत कुछ करने की आवश्यकता होगी। प्रसव के समय एक्युटेरो इंट्रापार्टम ट्रिटमेंट 'एग्जिट' नामक अनूठी और दुर्लभ प्रक्रिया से गुजरना होगा। दंपत्ति ने अपने अजन्मे बच्चे को जीवित रहने का सबसे अच्छा मौका देने के लिए उस प्रक्रिया से गुजरने की सहमति दी। गर्भावस्था के 37 सप्ताह में, माँ का सीज़ेरियन सेक्शन हुआ और "एग्जिट" किया गया और सफल हुआ। इस पर बच्चे की जान बच गई। दंपत्ति ने सभी डाक्टरों को धन्यवाद दिया।

# सात्विक-चिराग के सामने वर्ल्ड चैंपियन ढेर, सेमीफाइनल में बनाई जगह



खेल डेस्क, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2018 के बाद भारतीय जोड़ी ने जापान की इस जोड़ी को हराया है. मौजूदा विश्व चैंपियन के खिलाफ सात्विक और चिराग की ये 3 मैचों में दूसरी जीत है.

भारतीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए ये सप्ताह लगातार अच्छा साबित होता जा रहा है. एक तरफ ऑस्ट्रेलिया में हो रहे टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है और लगातार दो मैच जीत लिए हैं. वहीं हजारों मील दूर पेरिस में भारत की नंबर एक पुरुष बैडमिंटन जोड़ी, सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी, अपना जलवा बिखेर रहे हैं. इस स्टार जोड़ी ने एक धमाकेदार प्रदर्शन के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हरा दिया है और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है.

पेरिस में हो रहे इस बीडब्लूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में जहां भारत के सिंगल्स इवेंट में खिलाड़ी खास असर नहीं छोड़ पाए, वहीं मेंस डबल्स में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने उम्मीदों को अभी तक सही साबित किया है और खिताब की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है. इस साल थॉमस कप में भारत को जिताने और फिर कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पहली बार गोल्ड जीतने के बाद दोनों का सफलता का सिलसिला जारी है. इसके अलावा दोनों ने इस साल विश्व चैंपियनशिप का ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया था.

**दूसरी बार जापानी जोड़ी को हराया**

शुक्रवार 28 अक्टूबर को सात्विक-चिराग की जोड़ी के सामने क्वार्टर फाइनल में जापान के ताकुरो होकी और युगो काबायाशी की जोड़ी थी. इस जोड़ी को न सिर्फ टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता दी गई थी, बल्कि जापानी जोड़ी ही मेंस डबल्स में मौजूदा विश्व चैंपियन है. लेकिन सात्विक-चिराग ने खुद चैंपियनों की तरह खेलते हुए इस धाकड़ जोड़ी को शिकस्त देकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया.

सातवीं वरीयता वाली भारतीय जोड़ी ने 49 मिनट तक चले कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में विश्व चैंपियन को 21-12 21-16 से शिकस्त देकर खिताब की ओर अगला कदम बढ़ाया. इस जोड़ी के खिलाफ सात्विक-चिराग की तीन मैचों में दूसरी जीत है.

**सिंगल्स में निराशाजनक प्रदर्शन**

भारतीय जोड़ी का सामना अब सेमीफाइनल में चोई सोल गयू और किम वोन हो की कोरियाई जोड़ी से होगा. भारतीयों में अब टूर्नामेंट में रंकीरेड्डी और शेट्टी की जोड़ी ही बची है. मेंस सिंगल्स में भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फ्रेंच ओपन खास अच्छा नहीं रहा. पूर्व विश्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत और वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणॉय एक दिन पहले ही प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए थे. वहीं समीर वर्मा भी इस राउंड से आगे नहीं बढ़ सके थे. महिलाओं में पीवी सिंधु की चोट की वजह से पिछले किसी भी टूर्नामेंट में कोई

# न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को 65 रन से हराया

## ग्लेन फिलिप्स ने खेली 104 रन की धमाकेदार पारी, बोल्ट ने झटके 4 विकेट




खेल डेस्क, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 65 रन से हरा दिया है। कीवी कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में उनकी टीम ने 6 विकेट खोकर 167 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 64 बॉल में 104 रन की पारी खेली।

इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 162.50 का रहा। ये इस वर्ल्ड कप की दूसरी सेंचुरी है। पहला शतक साउथ अफ्रीका के राइली रूसो ने बांग्लादेश के खिलाफ बनाया था। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट कसून रजिथा ने लिए। वहीं, महेश तीक्ष्णा, धनंजय डी सिल्वा, हसरंगा और लाहिरु कुमारा को एक-एक सफलता मिली।

जवाब में श्रीलंका की टीम 19.2 ओवर में 102 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वहीं, मिचेल सैंटनर ने 2 विकेट लिए। टिम साउदी, ईश सोढ़ी और लॉकी फर्ग्युसन ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

इस जीत के साथ न्यूजीलैंड के 5 अंक हो गए हैं और वह अपने ग्रुप में नंबर-1 पर है। वहीं, श्रीलंका की टीम के सिर्फ 2 अंक है और वे लगभग सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई है।

महेश तीक्षणा ने न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उनकी अंदर आती हुई बॉल को फिन एलन समझ नहीं पाए। वह लेग स्टंप से बाहर हटकर बैकफुट से बॉल को कट करना चाहते थे, लेकिन चकमा खा गए। ऑफ स्टंप पर बॉल लगी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। एलन ने 3 बॉल का सामना किया और 1 रन बनाए।

धनंजय डी सिल्वा ने न्यूजीलैंड के दूसरे ओपनर डेवोन कॉनवे को आउट किया। राउंड द विकेट से उन्होंने लेंथ गेंद ऑफ स्टंप के पास डाली, कॉनवे एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से बड़ा शॉट लगाना चाहते थे, लेकिन गेंद थोड़ी रुक कर आई और कॉनवे बोल्ड हो गए। कॉनवे ने 4 बॉल का सामना किया और वो एक रन ही बना पाए।

कप्तान केन विलियमसन का फ्लॉप फॉर्म जारी है। उन्हें कसून रजिथा ने आउट स्विंग से अपना शिकार बनाया। विलियमसन गेंद को कवर की तरफ ड्राइव लगाना चाहते थे, लेकिन स्विंग से चकमा खा गए। उन्होंने 13 बॉल में 8 रन बनाए।

15वें ओवर की तीसरी बॉल पर वानिंदु हसरंगा ने डेरिल मिचेल को बोल्ड किया। हसरंगा की लेंथ गेंद पर मिचेल बड़ा शॉट खेलना चाहते थे। गेंद पड़कर अंदर आई और लेग स्टंप पर जा लगी। मिचेल ने 24 बॉल में 22 रन बनाए।

# भारतीय ने किया जिम्बाब्वे का कायापलट

## लालचंद राजपूत ने टीम में जान फूंकी, पाक को हराया अब सेमीफाइनल पर नजर

पर्थ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्वालिफायर से सुपर-12 में प्रवेश पाने वाली जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा उलटफेर किया है। उसने 2009 की वर्ल्ड चैंपियन पाकिस्तान को एक रन से हराया। जिम्बाब्वे की इस जीत में सबसे बड़ा हाथ पूर्व भारतीय कोच लालचंद राजपूत का है।

2007 में भारत को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले राजपूत ने ही थकी-हारी जिम्बाब्वे टीम में नई जान फूंकी है। 4 साल पहले यह टीम 2019 के वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई भी नहीं कर सकी थी। राजपूत 2018 में जिम्बाब्वे टीम के हेड कोच बने थे।

आज की स्टोरी में हम जानेंगे कि एक जमाने में दमदार टीम बनती जा रही जिम्बाब्वे अचानक रसातल में कैसे चली गई और एक भारतीय की मदद से यह फिर से पुराने रुतबे को कैसे हासिल करने में जुटी है।

**सबसे पहले वो चौकाने वाली जीत...**

पर्थ का मैदान...पाक-जिम्बाब्वे के लाखों दर्शक अपनी-अपनी पसंदीदा टीम को चियर कर रहे थे। इस मुकाबले के रिजल्ट ने क्रिकेट जगत को चौंका दिया। 27 अक्टूबर को खेले इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को एक रन से शिकस्त दी। उसने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। जवाब में पाक बल्लेबाज 8 विकेट पर 129 रन ही बना सके। इस हार के साथ पाकिस्तान सेमीफाइनल की होड़ से करीब-करीब बाहर हो गया है।

**लालचंद राजपूत ने किया टीम का कायापलट**

जिम्बाब्वे की टीम के कायापलट में पूर्व भारतीय कोच लालचंद राजपूत का हाथ है। ये वही कोच हैं जिन्होंने टीम इंडिया को 2007 में वर्ल्ड चैंपियन बनाया था। राजपूत 2018 में जिम्बाब्वे की टीम के कोच बने थे। तब टीम औसत से भी कम थी।

अपनी टीम की जीत पर राजपूत कहते हैं कि टीम अब अच्छी बन गई है। जब मैं जुड़ा था तब टीम काफी कमजोर थी और प्रदर्शन निराशाजनक था। हम (2019) वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई भी नहीं कर पाए थे। फिर हमने काफी मेहनत की। टीम में युवा खिलाड़ी आए हैं और



सीनियर खिलाड़ी भी मौजूद हैं। तो दोनों का मिश्रण काफी अच्छा है। हमारी गेंदबाजी अच्छी हो गई है और हमने फील्डिंग पर भी काम किया है। पाकिस्तान के खिलाफ आपने देखा कि हमारी फील्डिंग और बालिंग कितनी शानदार थी और इसकी वजह से ही हमने मैच जीता।

राजपूत ने कहा- 'भारतीय टीम के साथ उस वक्त काम करने का अनुभव काम तो आया ही है। हमने टीम के खिलाड़ियों को उसी तरह से तैयार किया, लेकिन मैदान पर खिलाड़ियों को अपना सौ प्रतिशत देना होता है। हम लोग टीम को मानसिक तौर पर बेहतर बना सकते हैं और विपक्षी टीम के खिलाफ प्लानिंग बना सकते हैं, जिससे टीम को मदद मिलती है।'

**एंडी फ्लावर-ग्रांट फ्लावर जैसे खिलाड़ी थे**

2003 वर्ल्ड कप से पहले तक टीम जिम्बाब्वे अच्छी मानी जाती थी। उसके पास एंडी फ्लावर, ग्रांट फ्लावर जैसे खिलाड़ी थी। पहले नील जॉनसन, मरे गुडविन, पॉल स्ट्रैंग, हेनरी ओलोंगा और हीथ स्ट्रीक भी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। टीम ने कई अहम जीत भी हासिल की हैं। 1999 और 2003 के वनडे वर्ल्ड कप में टीम सुपर सिक्स में पहुंची थी। हालांकि, टीम कम रन रेट के कारण 1999 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हिस्सा बनाते-बनाते रह गई थी।

2003 के वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के आखिरी सुपर-8 मुकाबले में एंडी फ्लावर ने 38 रन बनाए थे। हालांकि टीम वह मैच श्रीलंका से 74 रन से हार गई थी। उसके बाद भी सुपर-6 में जगह बनाने में कामयाब रही थी। टीम छठवें नंबर पर रही थी।

2003 के वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के आखिरी सुपर-8 मुकाबले में एंडी फ्लावर ने 38 रन बनाए थे। हालांकि टीम वह मैच श्रीलंका से 74 रन से हार गई थी। उसके बाद भी सुपर-6 में जगह बनाने में कामयाब रही थी। टीम छठवें नंबर पर रही थी।

इस पर कोच कहते हैं तब खिलाड़ी अच्छे थे। इस कारण टीम बड़ी टीमों को टक्कर दे देती थी।

**...और गिरता गया प्रदर्शन**

2004 से 2007 के बीच बड़े खिलाड़ियों के जाने के बाद टीम का प्रदर्शन गिरता गया। वहां का क्रिकेट बद से बदतर हो गया। 2019 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने के कारण सरकार ने वहां के क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने जिंबाब्वे को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से 6 महीने के लिए निलंबित भी कर दिया।

**पाकिस्तान की जीत गेंम चेंजर होगी**

कोच कहते हैं, 'मेरा टारगेट टीम को सुपर-12 के लिए क्वालिफाई करना था। अब जो मिल रहा है वह उम्मीद से बेहतर है। हां, मैं इतना जरूर कहूंगा कि पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत जिम्बाब्वे के क्रिकेट के लिए गेम चेंजर साबित होगी।'

# 13 साल बाद टूटी इस दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी और सुपरमॉडल की जोड़ी

## तलाक का किया फैसला





न्यूयॉर्क, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फुटबॉल के मशहूर खिलाड़ी टॉम ब्रैडी और सुपरमॉडल गिसेले बुंडचेन ने अलग-अलग होने का फैसला कर लिया है। शादी के 13 साल से अधिक समय के बाद दोनों ने तलाक की घोषणा की है। टॉम ब्रैडी नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) में टैंपा बे बकनियर्स की ओर से खेलते हैं। वह टीम में क्वार्टरबैक की भूमिका निभाते हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ब्रैडी के लंबे खेल करियर और उनके रिश्ते पर इसके प्रभाव के बारे में पिछले कुछ महीनों से मीडिया में खबरें छप रही थीं। यह कहा जा रहा था कि दोनों जल्द ही अलग हो जाएंगे। अब इस खबर पर मुहर लग गई है। ब्रैडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करके तलाक के बारे में बता दिया। उन्होंने लिखा, ₹हम इस निर्णय पर सौहार्दपूर्ण ढंग से पहुंचे हैं। हमने साथ में बिताए पलों को भी याद किया।

ब्रैडी ने आगे कहा, ₹हम बहुत सोच-विचार के बाद अपनी शादी को खत्म करने के इस फैसले पर पहुंचे हैं। ऐसा करना निश्चित रूप से दर्दनाक और मुश्किल है, जैसे कि दुनिया भर में हर दिन एक ही चीज से गुजरने वाले कई लोगों के लिए है। हालांकि, हम एक-दूसरे के लिए भविष्य में अच्छा चाहते हैं।"

वहीं, गिसेले बुंडचेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ₹शादी खत्म करने का फैसला कभी आसान नहीं होता, लेकिन हम अलग हो गए हैं। इस तरह के समय से गुजरना काफी मुश्किल है। मैं उस समय के लिए धन्य महसूस करती हूं जब हम साथ थे। मैं टॉम को आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं।"

ब्रैडी 20 से अधिक सालों से एक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ब्रैडी के आउट ऑफ फॉर्म होने के कारण उनकी टीम टैंपा बे बकनियर्स को सीजन के शुरुआती मैचों संघर्ष करना पड़ा। ब्रैडी की टीम 2002 के बाद पहली बार लगातार तीन मैच हारी है। गुरुवार रात बाल्टीमोर रेवेन्स ने बकनियर्स को 5-3 से हरा दिया।

गिसेले बुंडचेन ने पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वह चाहती हैं कि ब्रैडी संन्यास ले लें, ताकि दोनों साथ में अधिक समय बिता सके। 2019 सीजन के बाद ब्रैडी ने संन्यास की घोषणा की, लेकिन फिर बाद में अपना फैसला बदल लिया। वह 2020 सीजन में बकनियर्स की टीम में शामिल हुए और टीम को सुपर बाउल्स जिताया।

# जिम्बाब्वे फैन से बोला हास्य कलाकार 'मुझे मारो'

## हार के जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं




खेल डेस्क, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुझे मारो...डायलॉग से फेमस हुए पाकिस्तान के हास्य कलाकर मोमिन साकिब पाकिस्तान की हार से आहत हैं। फिर भी वे अपनी टीम का उत्साह भी बढ़ा रहे हैं।

शनिवार को मोमिन का वीडियो सामने आया है। इसमें एक जिम्बाब्वे का फैन पाकिस्तान की करारी हार के बाद उनके मजे ले रहा है। यह वीडियो खुद मोमिन ने ही पोस्ट किया है। इसमें जिम्बाब्वे फैन कहा रहा है- तुम हारे...तुम हारे। इस पर पाक कलाकर कहता है- हां, मैं हार गया, लेकिन हार के जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं। इससे पहले वे कहते हैं- मैं आप के लिए खुश हूं, लेकिन खुद से दुखी हूं। थोड़ी बातचीत के बाद जिम्बाब्वे फैन जिम...जिम जिम्बाब्वे के नारे लगाता है, जवाब में मोमिन पा...पा पाकिस्तान करते नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो को खूब पसंद किया जा रहा है। इस पर लाखो हिट आ चुके हैं। इस पर फैन अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

पहले उस रोमांचक जीत की कहानी पढ़ लीजिए...

पर्थ के मैदान पर जिम्बाब्वे की रोमांचक जीत ने क्रिकेट जगत को चौंका दिया।

27 अक्टूबर को खेले इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को एक रन से शिकस्त दी। उसने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन बनाए। जवाब में पाक बल्लेबाज 8 विकेट पर 129 रन ही बना सके। इस हार के साथ पाकिस्तान सेमीफाइनल की होड़ से करीब-करीब बाहर हो गया है।

# स्टार खिलाड़ी को सरेआम मारा चाकू

## शॉपिंग मॉल में दिल दहलाने वाली वारदात

खेल डेस्क, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अर्सेनल फुटबॉल खिलाड़ी पाब्लो के लिए सोशल मीडिया पर दुआ की जा रही हैं. वहीं क्लब ने अपडेट देते हुए कहा कि पाब्लो को गंभीर चोट नहीं लगी है. इटली के मिलान में गुरुवार को अर्सेनल के स्टार खिलाड़ी पाब्लो मारी खतरनाक वारदात का शिकार बने. उन्हें यहां चाकू से घोंपकर घायल कर दिया गया. पाब्लो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनके क्लब ने अपने स्टार खिलाड़ी की हालत को लेकर बड़ा अपडेट दिया.

यह वारदात एक शॉपिंग मॉल में हुई. 46 साल के एक व्यक्ति ने चाकू उठाया और पांच लोगों पर इससे वार किया जिनमें पाब्लो भी शामिल थे. इस वारदात में शॉपिंग मॉल का एक कर्मचारी बुरी तरह घायल हो गया और अस्पताल जाने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया. इसके अलावा बाकी तीन और लोग गंभीर रूप से घायल जो फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं. वारदात के समय वहां मौजूद एक शख्स को यह सब देखकर गहरा सदमा लगा जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है.

पुलिस का कहना है कि अब तक यह साफ नहीं हुआ है कि उस शख्स ने ऐसा क्यों किया लेकिन शुरुआती जांच के बाद यह बात सामने आ रही है कि उसकी मानसिक स्थिति नहीं थी और शायद



इसी वजह से ऐसा किया.

सीरी ए के क्लब मोंजा ने मारी को एक साल के लिए अर्सेनल को लोन पर दिया है. अर्सेनल ने वारदात के बाद फैंस को बताया कि मारी अस्पताल में हैं लेकिन गंभीर रूप से घायल नहीं है. मोंजा क्लब के सीईओ एडरियान गालिएनो ने भी घटना पर अफसोस जताया.

# मेसी की अर्जेंटीना बनेगी चैंपियन

## फाइनल में रोनाल्डो को देगी मात, सुपर कंप्यूटर की भविष्यवाणी





लंदन, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भविष्यवाणी के मुताबिक, रोनाल्डो अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी मेसी के खिलाफ खिताबी मुकाबले में हार जाएंगे। पुर्तगाल कभी भी वर्ल्ड कप फाइनल में नहीं पहुंचा है, लेकिन इस बार मैनेजर फर्नांडो सैंतोस की टीम यह उपलब्धि हासिल कर लेगी।

कतर में 20 नवंबर से फुटबॉल वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। 18 दिसंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

1930 में शुरू हुए टूर्नामेंट का यह 22वां संस्करण होगा। दुनिया के दो दिग्गज फुटबॉलर अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का संभवतः यह आखिरी वर्ल्ड कप होगा। दोनों अब तक एक बार भी अपनी टीम को चैंपियन नहीं बना सके हैं। इस बार दोनों के ऊपर सबकी नजरें होंगी।

टूर्नामेंट शुरू होने से 24 दिन पहले वर्ल्ड कप के सुपर-कंप्यूटर ने एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उसके मुताबिक, इस बार का फाइनल मुकाबला लियोनल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कप्तानी वाली पुर्तगाल के बीच होगा। इस महामुकाबले में अर्जेंटीना की टीम पुर्तगाल को हराकर चैंपियन बनेगी। मेसी अपने करियर के आखिरी वर्ल्ड कप में पहली बार चैंपियन बनेंगे।




# एशिया कप से किंग कोहली का पुनर्जन्म

## 12 मैच में 78 .28 की औसत से 548 रन बनाए, सूर्या की चमक भी फीकी

खेल डेस्क, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। ये कुछ ऐसे स्टेटमेंट हैं जो दो महीने पहले तक सुर्खियों में बने हुए थे। इनके पीछे ठोस वजह भी थी। विराट करीब तीन साल कोई शतक नहीं जमा पाए थे। उनके शॉट बेजान साबित हो रहे थे और औसत-स्ट्राइक रेट में लगातार गिरावट आ रही थी। तभी शुरू होता है एशिया कप। यहां से विराट की किस्मत ने पलटी मारी।

28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ विराट ने 34 गेंद पर 35 रन की धीमी लेकिन मैच जिताऊ पारी खेल दी। हालांकि, भारतीय टीम आगे टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सकी, लेकिन बल्ले के साथ विराट की किस्मत लगातार चमकदार होती गई।

अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी लीग मैच में उन्होंने शतक जड़ दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1020 दिन के बाद विराट ने कोई शतक जमाया था।

फॉर्म में वापसी के लिहाज से कहा जा सकता है कि एशिया कप विराट कोहली के लिए दूसरे जन्म जैसा साबित हुआ। यहां से उनके बल्ले ने आग उगलने का जो सिलसिला शुरू किया वह ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में भी जारी है।

उनके प्रदर्शन को टी-20 रैंकिंग में दुनिया के टॉप-4 बल्लेबाजों में शामिल मोहम्मद रिजवान, सूर्यकुमार यादव और बाबर आजम के बरअक्स रखकर भी देखेंगे।

विराट ने एशिया कप की शुरुआत से अब तक 12 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इन मुकाबलों में उन्होंने 548 रन बनाए हैं। इस दौरान कोहली का औसत 78.28 का रहा है। वहीं, स्ट्राइक रेट 143.45 का है।

# शादी के प्रस्ताव की आड़ में महिला से 18 लाख रुपये ठगने वाला नाइजीरियाई गिरफ्तार

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीसीएस, डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की साइबर क्राइम पुलिस ने यहां एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान नाइजीरिया के 50 वर्षीय अमुलुओनी प्रिंस फेलिक्स के रूप में हुई है। वह फिलहाल ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में रह रहा है। उसने शादी का झांसा देकर एक अविवाहित महिला से 18 लाख रुपये ठगे। पुलिस ने बताया कि एसआर नगर की एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने अपनी शादी की प्रोफाइल एक तेलुगु मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर रखी थी। यूएसए में सिविल इंजीनियर के रूप में काम करने वाले वरुण राव ने उससे संपर्क किया और उससे शादी करने के लिए दिलचस्पी दिखाई। इसके बाद से दोनों ने अपना व्हाट्सएप नंबर एक्सचेंज किया और व्हाट्सएप पर चैटिंग और



कॉल करने लगे। बाद में, वरुण राव ने कहा कि वह उनकी दोस्ती के प्रतीक में यूएसए से एक उपहार भेजेंगे। उसने कहा कि वह एक उपहार पार्सल में सोने के गहने, अमेरिकी डॉलर और मूल्यवान फोन भेज रहा है। बीते 1 जून, 2022 को, शिकायतकर्ता को दिल्ली हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग से एक कॉल आया और कहा कि उसे एक उपहार पार्सल मिला है जिसमें मूल्यवान वस्तुएं हैं और उपहार पार्सल का दावा करने के लिए, शिकायतकर्ता को मनी लॉन्ड्रिंग शुल्क, आयकर शुल्क, जैसे शुल्क का भुगतान करना चाहिए। जालसाजों के निर्देश पर शिकायतकर्ता ने उन्हें अलग-अलग किश्तों में 18 लाख रुपये का भुगतान किया। जांच के दौरान, साइबर क्राइम पुलिस ने ग्रेटर नोएडा, एनसीआर, दिल्ली में आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच करने पर, उसने खुलासा किया कि उसका नाम नाइजीरिया से "अमूल्यन्स प्रिंस फेलिक्स" है। वह 2012 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था और वीजा समाप्त होने के बाद भी यहां रहना जारी रखा। उसने किसकी मदद से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने की योजना बनाई? उसके दोस्त जिसके लिए उसने विभिन्न वैवाहिक वेबसाइटों पर फर्जी प्रोफाइल बनाई, विदेशी नंबरों का उपयोग करके निर्दोष अविवाहित महिलाओं को अनुरोध भेजा और अपना परिचय दिया जैसे कि वह विदेश में रह रहा हो। उसने +44 और +1 से शुरू होने वाले मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया। कुछ समय बाद, उसने सूचित किया पीड़ितों को बताया कि वह उनकी दोस्ती के प्रतीक के रूप में सोने के गहने, मोबाइल फोन, लैपटॉप, डॉलर जैसे मूल्यवान उपहार भेज रहा था। उसके बाद, उसने पीड़ितों से विभिन्न आरोपों के तहत भारी मात्रा में जबरन वसूली की क्योंकि उपहार पार्सल हवाई अड्डे पर फंस गया था। कानूनी समस्याएं पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन, दस सिम कार्ड और दो डेबिट कार्ड भौतिक साक्ष्य के रूप में जब्त किए हैं। टीम का नेतृत्व पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम पीएस इंस्पेक्टर जी वेंकट रामिरेड्डी, एसआई के मधुसूदन राव और सहयोगी के.वी.एम. प्रसाद ने आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध की संपत्ति को जब्त कर लिया है।

## नगर में छठ पूजा के सुचारू संचालन के लिए व्यापक इंतजाम

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर और उपनगरों के विभिन्न हिस्सों में छठ पूजा के सुचारू संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) और अन्य शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में छठ उत्सव के लिए आवश्यक व्यवस्था कर रहे हैं। नगर प्रशासन और शहरी विकास (एमए एंड यूडी) विभाग ने जीएचएमसी की सीमा में और उसके आसपास 60 स्थलों की पहचान की है और अनुष्ठान करने, प्रार्थना करने और त्योहार मनाने की व्यवस्था की जा रही है। इस वर्ष छठ पूजा 30 और 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। एमए एंड यूडी के विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार ने ट्विटर पर कहा कि यूबीएल छठ पूजा के लिए शहर और उसके आसपास 60 स्थल तैयार कर रहे हैं।

दिवाली के कुछ दिनों बाद मनाया जाने वाला, छठ पूजा के दौरान भक्त सूर्य देव और छत्ती मैया की पूजा करते हैं। वे सूर्य देव को 'अर्घ' अर्पित करने के लिए एक जल निकाय के घाट पर जाते हैं।

# जीएचएमसी क्षेत्र में बढ रहा है वायु प्रदूषण

## वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली के पटाखों का असर बताया

हैदराबाद, 29 अक्तूबर (स्वतंत्र वार्ता)। लोगों की लापरवाही से नगर में दिन-प्रतिदिन वायु प्रदूषण बढते जा रहा है। खासकर हाल ही में दिवाली के समय लोगों द्वारा फोडे गये पटाखों के कारण वायु प्रदूषण की मात्रा बढ गई है। खासकर ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में वायु प्रदूषण उच्च स्तर पर बना हुआ है, जिसमें वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दीपावली के पटाखों का भी असर बताया गया है। इस संदर्भ में, तेलंगाना वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि, ग्रेटर हैदराबाद में वायु प्रदूषण उच्च स्तर पर बना हुवा है एवं तत्संबंधित बोर्ड के जांच के चलते यह साबित हुवा है कि, इस वर्ष हैदराबाद का वायु प्रदूषण, जोकि वर्ष 2019 से भी अधिक बना हुवा है। इस वायु प्रदूषण में अधिकाधिक बढोतरी में दीपावली के पटाखों की भी प्रमुख भूमिका रही है। जिसमें स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि, शहर में अधिकांश वायु प्रदूषण के





चलते युवाओं के साथ खासकर बच्चों एवं बुजुर्गों को सांस लेने की भारी तकलीफ होती है।

इस मामले में राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि, केंद्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशानुसार तेलंगाना वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अक्तूबर 17 से पूरे शहर में वायु प्रदूषण के परिमाण एवं गुणवत्ता की जांच कर रही है तथा यह जांच जोकि इस माह के अंतिम सप्ताह तक जारी रहेगी। साथ ही अधिकारियों ने आगे बताया कि, चूंकि सामान्य दिनों में हवा में सल्फर डायाक्साइड क्यूबिक मीटर की मात्रा लगभग 6.6 माइक्रो ग्राम होती है पर इस वर्ष दीपावली के दौरान इस माईक्रो ग्राम में बढोतरी होकर वह 13.1 तक हो गयी है। साथ ही जिसमें अनेकानेक वाहन भी शहर में वायु प्रदूषण बढाने में शामिल है। इसके चलते शहर में वायु प्रदूषण काफी स्तर पर बढ चुका है। इसके चलते आम जन को चाहिए कि अपने अपने स्वास्थ्य का ध्यान पूरी तरह रखें।

# जालना-तिरुपति साप्ताहिक विशेष ट्रेन सेवा की घोषणा

## हुमनाबाद, कलबुर्गी, रायचूर से होकर चलेंगी ट्रेनें

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मराठवाड़ा क्षेत्र से मंदिर शहर तिरुपति तक यात्रा करने वाले लोगों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा प्रदान करने के लिए, रेल मंत्रालय ने जालना से तिरुपति और वापसी यात्राके लिए एक साप्ताहिक विशेष गाड़ी आरंभ करने का निर्णय लिया है। इस गाड़ी सेवा की पहली/उद्घाटन यात्रा 30 अक्टूबर, 2022 से आरंभ होगी।

यह विशेष गाड़ी बरास्ता हुमनाबाद, कलबुरगी, वाडी, रायचूर, गुंतकल स्टेशनों से होकर चलेगी। यह तीर्थयात्री शहर तिरुपति की यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को अतिरिक्त गाड़ी सुविधा प्रदान करती है। अब तक के साप्ताहिक विशेष गाड़ियां जो चार अलग-अलग दिनों में मराठवाड़ा क्षेत्र से तिरुपति के मंदिर शहर के लिए चलरही थीं। हालांकि, तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या के साथ क्षेत्र से अतिरिक्त गाड़ी सेवा चलाने की मांग की गई है। इन यात्रियों के लिए आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा विकल्प की सुविधा के लिए, एलएचबी डिब्बों के साथ एक साप्ताहिक विशेष गाड़ी मराठवाड़ा क्षेत्र के जालना स्टेशन से तिरुपति और वापसीयात्रा के लिए आरंभ की जा रही है। यह गाड़ी पहली बार सीधी गाड़ी सुविधा के माध्यम से कर्नाटक में नए गंतव्यों जैसे हुमनाबाद, कलबुर्गी और वाडी को मराठवाड़ा क्षेत्र से जोड़ती है। यात्रियों के पास भगवान बालाजी मंदिर जाने और उसी गाड़ी से वापस लौटने का भी पर्याप्त समय होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि गाड़ी सोमवार की सुबह तिरुपति पहुंचती है और वापसी यात्रा मंगलवार शाम को फिर से तिरुपति से शुरू होती है। इस गाड़ी में सभी वर्गों के लोगों के लिए उपयुक्त एसी और नॉन एसी दोनों डिब्बे शामिल हैं। यह साप्ताहिक विशेष गाड़ी तीर्थयात्रियों, व्यापार और छुट्टी के उद्देश्य से यात्रा करने वाले लोगों के अलावा अपने गृह नगरों की यात्रा करने वाले लोगों की जरूरतों को भी पूरा करती है।

आराम बढ़ाने और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए, गाड़ी में नए अत्याधुनिक एलएचबी कोच शामिल किए गए हैं, जो यात्रियों को एक नया यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगे। यह इस क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफ़ायती यात्रा विकल्प प्रदान करता है। गाड़ी में आरक्षित और अनारक्षित दोनों तरह के डिब्बे होते हैं ताकि यात्रियों के सभी वर्गों की मांगों को पूरा किया जा सके। प्रारंभ में, यह विशेष गाड़ी 6 सेवाओं अर्थात दोनों दिशाओं में 12 सेवाओं की घोषणा की गई है जो अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर के महीनों के दौरान चलाई जाएंगी। तदनुसार, गाड़ी संख्या 07414 जालना-तिरुपति विशेष गाड़ी प्रत्येक रविवार को जालना से 11.50 बजे आरंभ होगी और सोमवार को 09.05 बजे तिरुपति पहुंचेगी। वापसी दिशा में गाड़ी नं. 07413 तिरुपति-जालना विशेष तिरुपति से प्रत्येक मंगलवार को शाम 6.30 बजे प्रस्थान कर बुधवार को शाम 6.00 बजे जालना पहुंचेगी। इस गाड़ी का उद्घाटन सेवा 30 अक्टूबर को शाम 4 बजे आरंभ होगी।

# फ्लोरोसिस समस्या को हल करने पर पीड़ितों ने सीएम केसीआर को धन्यवाद दिया



यादाद्री-भोंगिर, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के फ्लोरोसिस पीड़ित शनिवार को चौटुप्पल में मिशन भगीरथ के एक तोरण में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को फ्लोरोसिस की समस्या को हल करने के लिए धन्यवाद देने के लिए एकत्र हुए।

लगभग 20 फ्लोरोसिस पीड़ितों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें लिखा था कि "फ्लोराइड मुद्दे को हल करने के लिए केसीआर को धन्यवाद"। कार्यक्रम में शामिल कल्याण मंत्री कोप्पुला ईश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव दशकों पुरानी समस्या को हल करने में अपने समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ तेलंगाना को फ्लोराइड मुक्त राज्य में बदलने में सफल रहे हैं।

नलगोंडा जिले में फ्लोरोसिस का कोई नया मामला सामने नहीं आया। मिशन भगीरथ ने मुनुगोड़े के लोगों को पीने के पानी के लिए भूजल पर निर्भर रहने से बचने में मदद की है। तेलंगाना राज्य विकलांग निगम के अध्यक्ष वासुदेव रेड्डी ने कहा कि फ्लोराइड की समस्या के कारण नलगोंडा जिले में हड्डी रोग से पीड़ित लोगों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि एक गैर सरकारी संगठन के सहयोग से राज्य सरकार ने विशेष रूप से फ्लोरोसिस पीड़ितों के लिए एक फिजियोथेरेपी केंद्र स्थापित किया है। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में फ्लोरोसिस पीड़ित अमशाला स्वामी, रामुलु, सिरीशा, मनीषा और अंजनयुलु शामिल थे।

## विशाखापट्टणम में तेदेपा की विरोध रैली विफल

विशाखापत्तनम, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने कई तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेताओं को गिरफ्तार किया, जिन्होंने रुशिकोंडा में एक विरोध कार्यक्रम की योजना बनाई थी, जहां राज्य सरकार इमारतों का निर्माण कर रही थी। तेदेपा नेताओं ने कार्यक्रम का आह्वान करते हुए आरोप लगाया कि विशाखापत्तनम में रुशिकोंडा पहाड़ी को वहां मुख्यमंत्री कार्यालय बनाने के लिए नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने विरोध को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी थी, लेकिन बाद वाले ने यह कहते हुए अनुरोध को ठुकरा दिया कि इलाके में निषेधाज्ञा लागू है और इसलिए वहां रैलियां और बैठकें नहीं की जा सकतीं।

**CHANGE OF NAME**

I, **ISLAVATH BHASKAR NAIK**, s/o ISLAVATH HASSAN (old name) door no-31-58-54/7, Star Avenue, Vuda phase 2, kurmannapalem, Duvvada, Visakhapatnam change my father's name from **ISLAVATH HASSAN** (old name) to **ISLAVATH HASAN** (new name) henceforth he shall be called as **ISLAVATH HASAN.**

## उस्मानिया विश्वविद्यालय को मिला विश्व का सर्वश्रेष्ठ ब्रांड 2022 का पुरस्कार

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डी रविंदर ने शुक्रवार को हाउस ऑफ लॉर्ड्स, लंदन, यूके में 'डब्ल्यूसीआरसी लीडर्स एशिया, वर्ल्ड्स बेस्ट ब्रांड 2022 अवार्ड - उस्मानिया यूनिवर्सिटी' प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के हितधारकों के साथ मीडिया रिपोर्टों और साक्षात्कार के आधार पर प्राथमिक और माध्यमिक अनुसंधान डेटा के आधार पर ओयू का चयन किया गया है।

प्रो. रविंदर ने कहा कि यह मेरे लिए ओयू का प्रतिनिधित्व करने और विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों की ओर से प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए एक सम्मान और गर्व का क्षण है। ओयू के कुलपति ने लॉर्ड करण फरीदून बिलिमोरिया सीबीई, डीएल, एफसीए, संसद सदस्य, यूके हाउस ऑफ लॉर्ड्स में जीवन साथी और यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम, यूके के चांसलर से भी मुलाकात की। बैरन बिलिमोरिया ओयू के पूर्व छात्र हैं।

प्रो. रविंदर ने उस्मानिया विश्वविद्यालय और बर्मिंघम विश्वविद्यालय के बीच अनुसंधान और अकादमिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की, और लॉर्ड करण बिलिमोरिया को अगले साल जनवरी की शुरुआत में होने वाली वैश्विक पूर्व छात्रों की बैठक 2023 में आमंत्रित किया।

## मुनुगोड़े में आज जनसभा को संबोधित करेंगे सीएम केसीआर

नलगोंडा, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव रविवार दोपहर तीन बजे मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के चंदूर मंडल के बंगारीगड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे। टीआरएस एमएलसी टी. रविंदर राव ने चंदूर में एक मीडिया सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए कहा कि जनसभा की व्यवस्था पहले ही पूरी कर ली गई है। बैठक में मुनुगोड़े निर्वाचन क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद थी। सभा स्थल के पास वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। टीआरएस एमएलसी बसवराजू सरैया भी मौजूद थे।

## फूड प्वाइजनिंग से 12 छात्र बीमार, मंत्री ने कार्रवाई की मांग की



जनगांव, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), देवारुप्पुला मंडल में बीती रात चावल में मरी हुई छिपकली होने की आशंका से 12 छात्र बीमार पड़ गए। छात्रों का अब जनगांव क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

घटना पर दुख जताते हुए पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री येराबेली दयाकर राव ने जिला कलेक्टर सीएच शिवलिंगैया से सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए कदम उठाने को कहा है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंत्री ने कलेक्टर से छात्रों के साथ अच्छा व्यवहार सुनिश्चित करने और जरूरत पड़ने पर उन्हें हैदराबाद स्थानांतरित करने के लिए भी कहा।

|| श्री गणेशाय नमः || || श्री रामदेवाय नमः || || श्री राणी सती दादी प्रसन्न: ||

श्री रामदेवरा दरबार मंदिर शिवरामपल्ली, हैदराबाद में

अन्नकूट प्रसाद

कार्तिक सुदी छठ रविवार दि.30-10-2022 सायं 5:31 से 10:31 बजे तक

महाआरती : सायं 6:30 बजे दीपोत्सव से की जायेगी

विशेष आकर्षण : पुष्पो, फलों, छप्पन भोग एवं दीपों से सजाया जायेगा

सायं 7:01 बजे से भजन-कीर्तन





इस पावन अवसर पर आप सभी सपरिवार, इष्ट-मित्रों सहित सादर आमंत्रित है।

श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट

Endowment Department, Govt. of Telangana

वी. मोहन राव (Executive Officer) ✆ 9866127293

✆ 8919967592, 9394517629, 9949501673, 9032292802

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660

GB GOPAL BALDAWA GROUP

प्रसिद्ध समाज सेवी



गोपाल-मंजू बल्दवा

# विशेष मुख्य सचिव का विशेषज्ञ समिति को निर्देश

## पोलावरम बैक वाटर पर 6 नवंबर तक रिपोर्ट देने को कहा

हैदराबाद, 29 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विशेष मुख्य सचिव (सिंचाई) रजत कुमार ने विशेषज्ञ समिति को भद्राद्री कोत्तेगुडेम जिले के निवासियों द्वारा बार-बार आने वाले बाढ़ के खतरों पर एक विस्तृत व्यापक रिपोर्ट तैयार करने के साथ-साथ स्थायी उपचारात्मक उपायों के लिए आवश्यक सिफारिशें तैयार करने के लिए कहा है। अन्य स्थानों पर बुरी तरह प्रभावित कॉलोनियों को 6 नवंबर तक सरकार की मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

रजत कुमार, जिन्होंने जुलाई में गोदावरी बाढ़ और बाढ़ के दौरान पोलावरम परियोजना के बैकवाटर प्रभाव पर समीक्षा बैठक की, ने बी. नागेंद्र राव की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति से पूछा, जिसका गठन बाढ़ से निपटने के लिए उपयुक्त उपायों के साथ किया गया था। भद्राद्री कोत्तागुडेम जिले को प्रभावित करने वाले लगातार बाढ़, जल्द से जल्द रिपोर्ट जमा करने के लिए कदम उठाने के लिए ताकि उन्हें सरकार की मंजूरी मिल सके।

विशेषज्ञ समिति ने कहा कि पोलावरम परियोजना के कारण भद्राद्री कोत्तागुडेम जिला 3 तरह से प्रभावित होता है- बैकवाटर, खड़े पानी का जलप्रलय और स्थानीय धाराओं की जल निकासी की भीड़।

एफआरएल के मुद्दे पर पोलावरम के जलमग्न होने के कारण खड़े पानी की बाढ़ के बारे में बताते हुए, समिति ने कहा कि एफआरएल (45.72 मीटर / 150 फीट) पर खड़ा पानी, जिसे लगभग 8 महीने तक बनाए रखने की संभावना है, के परिणामस्वरूप 892 एकड़ भूमि जलमग्न हो गई। तेलंगाना में बाढ़ के दौरान इसके अलावा, विस्टा कॉम्प्लेक्स, कोठा कॉलोनी और एटापाका नामक





तीन आउटफॉल रेगुलेटर भी अवरुद्ध हो रहे थे। इसके अलावा, आउट फॉल स्लुइस पर चौबीसों घंटे नाली और बारिश के पानी का ठहराव होता है और उच्च डिस्चार्ज पंपों के साथ निरंतर पंपिंग की आवश्यकता होती है।

विशेषज्ञ समिति ने कहा कि जुलाई की बाढ़ के दौरान इसने केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा किए गए पिछले बाढ़ मूल्यों और गणितीय अध्ययन के परिणामों में भिन्नता देखी है। यह देखा गया कि जुलाई बाढ़ के दौरान, पोलावरम में अनुमानित अधिकतम बाढ़ निर्वहन, सीडब्ल्यूसी ने भद्राचलम में 24.22 लाख क्यूसेक के अनुमानित अधिकतम बाढ़ निर्वहन के मुकाबले 21.59 लाख क्यूसेक रिपोर्ट की थी, जो स्पष्ट रूप से प्रवाह को दर्शाता है जो पोलावरम में गैर-मुक्त प्रवाह की स्थिति के कारण बैकवाटर प्रभाव है। विशेषज्ञ समिति का मत है कि यह मुख्य रूप से पोलावरम बैकवाटर के कारण नदी के आकार परिवर्तन के अलावा 21.59 लाख क्यूसेक की बाढ़ के कारण 36 धाराओं (गोदावरी नदी में शामिल) के स्थानीय जल निकासी की भीड़ के कारण हुआ। यह भी ध्यान में लाया गया है कि अगर पोलावरम में एमएफडी 36 लाख क्यूसेक हो जाता है तो 46 गांव जलमग्न हो जाएंगे। इस जुलाई की बाढ़ के दौरान, 40,446 एकड़ के क्षेत्र में 103 गांव जलमग्न हो गए और 28,000 की आबादी विस्थापित हो गई।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी में झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।



9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

राजस्थानी प्रगति समाज
4-5-159, सुल्तान बाजार, हैदराबाद फोन : 9246522107, 9492011111

दीपावली सम्मेलन

सोमवार दि. 31 अक्टूबर 2022 सायं 6-45 बजे से
स्थान : होटल ताजमहल, आबिडस्, हैदराबाद

सम्माननीय अतिथि



श्री पी. देवराज IRS, Commissioner Central GST Telangana
श्री कालिचरण एस. खरताडे IAS, Member Secretary TSBDB
श्री प्रतीक जैन IAS, Jt. Collector Ranga Reddy Dist. Telangana
श्री शिव नारायण IRS, Jt. Commissioner Central GST Telangana
श्री श्यामसुन्दर जाजू, Dy.Commissioner Labour Hyderabad
श्री पी. राधाकिशन राव, DCP Task Force Hyderabad

इस अवसर पर आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।



कमलनारायण अग्रवाल, अध्यक्ष
रमेश कुमार बंग, संयोजक
गोविन्द राठी, मानद प्रधान मंत्री

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.